e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 66

सुविचार
प्रश्न कर पाने की क्षमता ही मानव प्रगति का आधार है।

प्रभात मंत्र

शुक्रवार
10.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

क्विक न्यूज

गोड्डा में दो महिलाओं की हत्या
गोड्डा : जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार रात दो महिलाओं की हत्या कर दी गई। बलबड्डा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर जबकि महगामा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की हत्या कर दी गई। गोड्डा के महगामा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में एक नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान ईसीएल कर्मी की पुत्री के रूप में हुई है, जो बुधवार शाम अपनी सहेली के घर अबीर खेलने के लिए गयी थी लेकिन घर नहीं लौटी। जब देर शाम तक वो घर नहीं आई तो घरवालों ने खोजबीन शुरू की। परिजन रातभर ढूंढते रहे लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। गुरुवार सुबह लड़की का शव एक खेत में मिला। परिजनों के अनुसार लड़की का दुपट्टा उसकी सहेली के घर में मिला है। इधर, शव मिलने की सूचना के बाद गुरुवार सुबह एसडीपीओ महगामा शिव शंकर तिवारी घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच शुरू दी है। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों हत्या की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

कश्मीर में 9 जगहों पर ईडी ने मारा छापा
नई दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने कश्मीर में 9 जगहों पर छापेमारी की है। बता दें कि यह मामला छापेमारी पाकिस्तान के विभिन्न कॉलेजों में स्थानीय लोगों को एमबीबीएस सीट के आवंटन रैकेट से जुड़ा हुआ है। वहीं इसके अलावा ईडी की टीम ने हुर्रियत नेता काजी यासिर और जम्मू-कश्मीर साल्वेशन मूवमेंट के अध्यक्ष जफर भट के घरों की भी तलाशी ली। अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग में काजी यासिर, यहां बाग-ए-मेहताब इलाके में 'जम्मू-कश्मीर सॉल्वेशन मूवमेंट' के अध्यक्ष जफर भट और अनंतनाग के मट्टन इलाके में मोहम्मद इकबाल ख्वाजा के घरों पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ केंद्रीय जांच एजेंसी के कर्मियों ने तीन स्थानों पर एक साथ छापे मारे। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में कश्मीरी छात्रों को एमबीबीएस की 'सीटें' बेचने और आतंकवाद को समर्थन व धन मुहैया कराने के मामले में यह छापेमारी की गई है।

रामचंद्र पौडेल होंगे नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति
काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति चुनाव में नेपाली कांग्रेस के प्रत्याशी राम चंद्र पौडेल चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने दो तिहाई से अधिक वोट पाकर सीपीएन-यूएमएल के नेता सुभाष चंद्र नेमबांग को पराजित किया। वे नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति बनेंगे। नेपाल में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए गुरुवार को सुबह दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक वोट डाले गए। कुल 52,628 मतों में से चुनाव जीतने के लिए 26,315 मतों की जरूरत थी। नेपाली कांग्रेस के प्रत्याशी पौडेल ने 33,802 वोट प्राप्त किये। उनके प्रतिद्वंद्वी सुभाष चंद्र नेमबांग को 15,518 वोट मिले। इस तरह कुल मतदान में से दो तिहाई से अधिक वोट पाकर नेपाली कांग्रेस प्रत्याशी राम चंद्र पौडेल को विजयी घोषित किया गया।

लातेहार में दो टॉप इनामी नक्सली गिरफ्तार
लातेहार : पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भाकपा माओवादी के दो टॉप इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में 10 लाख रुपये का इनामी संजीवन जी तथा पांच लाख रुपये का इनामी कुंदन शामिल है। दोनों लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत मटलौंग गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादी के टॉप नक्सली संजीवन जी और कुंदन आपस में रिश्तेदार भी हैं। बताया जाता है कि बूढ़ा पहाड़ के इलाके में दोनों का दबदबा था। पिछले दिनों बूढ़ा पहाड़ के इलाके में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान दोनों नक्सली भी बूढ़ा पहाड़ से भाग गए थे। दोनों इन दिनों फिर से माओवादी संगठन को मजबूत करने की योजना बना रहे थे लेकिन गुप्त सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि दोनों नक्सलियों के निशानदेही पर पुलिस को कुछ हथियार भी मिले हैं।

अहमदाबाद में खेला जा रहा ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच टेस्ट सीरीज मैच
मैच का साक्षी बने पीएम मोदी व अल्बानीज

एजेंसी

अहमदाबाद: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट मैच देखा। दोनों देश के बीच चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज का अंतिम मैच खेला जा रहा है। गुरुवार को मैच का पहला दिन था। मैच दोनों देशों की क्रिकेट मित्रता के 75 वर्ष पर खेला जा रहा है। मैच से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज का आयोजकों ने भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान स्टिव स्मिथ ने स्पेशल कैप प्रदान की। इसके बाद दोनों देश के प्रधानमंत्रियों ने दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने ट्वीट कर लिखा कि हमने भारतीय प्रधानमंत्री नेरेन्द्र मोदी के साथ अहमदाबाद में क्रिकेट के जरिए दोस्ती के साथ 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रिकेट को लेकर भारत और ऑस्ट्रेलिया में एक समान जुनून है। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के कई हिस्सों के साक्षी बनने के लिए मेरे मित्र पीएम एंथनी अल्बनीज के साथ अहमदाबाद आकर आनंद हुआ है। मुझे पूरा भरोसा है कि यह एक रोमांचक मैच होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के स्टेडियम पहुंचने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह और बीसीसीआई के प्रमुख रोजर बिन्नी ने दोनों प्रधानमंत्रियों का स्वागत किया। प्रधानमंत्रियों ने गायिका फाल्गुनी शाह की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम यूनिटी ऑफ सिम्फ को भी देखा। दोनों क्रिकेट टीम के कप्तानों के बीच टॉस हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज वॉकथ्रू के लिए फ्रेंडशिप हॉल ऑफ फेम की ओर रवाना हुए। यहां भारतीय टीम के पूर्व कोच व खिलाड़ी रवि शास्त्री ने दोनों देश के प्रधानमंत्रियों को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच समृद्ध क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानकारी दी। बाद में दोनों देश के प्रधानमंत्री और खिलाड़ी खेल मैदान पहुंचे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगीत के बाद प्रधानमंत्रियों का टीम के खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। बाद में सभी प्रेसिडेंट बॉक्स में क्रिकेट मैच देखने गए। दोनों देश के प्रधानमंत्रियों ने यहां सेल्फी ली।

भारत और ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट को लेकर समान जुनून : प्रधानमंत्री मोदी

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अहमदाबाद में क्रिकेट के जरिए दोस्ती के साथ 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया : अल्बनीज

ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने किया आईएनएस विक्रांत का दौरा
नई दिल्ली : ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज गुरुवार को अहमदाबाद के बाद मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने स्वदेशी एयरक्राफ्ट करियर आईएनएस विक्रांस का दौरा किया। इस दौरान उन्हें भारतीय नौसेना ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। आईएनएस विक्रांत पर दौरे के दौरान अल्बनीज ने स्वदेशी फाइटर जेट तेजस के कॉकपिट में बैठे।

ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 255 रन
अहमदाबाद : ऑस्ट्रेलिया ने मैच के पहले दिन चार विकेट पर 255 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा शानदार शतक लगाकर 104 रन पर नाबाद रहे। ख्वाजा के साथ दूसरे छोर पर कैमरन ग्रीन 49 बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच में मजबूत स्थिति में है। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और उस्मान ख्वाजा ने सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 61 के कुल स्कोर पर रविचंद्रन अश्विन ने हेड को रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई।पहले दिन का खेल खत्म होने तक ख्वाजा 104 रन और कैमरन ग्रीन 49 रन बनाकर क्रीज पर जमे हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन चार विकेट पर 255 रन बना लिए हैं। पहले दिन भारत के लिए मोहम्मद शमी ने दो विकेट, जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविन्द्र जडेजा ने 1-1 विकेट लिया।

जनता की समस्याओं से रूबरू हुए सीएम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रामगढ़ जिला स्थित अपने पैतृक निवास नेमरा में आम जनता की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को समस्याओं के निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। सीएम के पास सैकड़ों लोग पहुंचे और अपनी व्यथा को सुनाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होली की रात रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे।वे यहां बाहा पर्व में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, मां रुपी सोरेन सहित अन्य रिश्तेदार भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री की यात्रा के मद्देनजर इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये। मुख्यमंत्री के आगमन की खुशी में उनके गांव में जश्न का माहौल रहा। रामगढ़ की उपायुक्त माधवी मिश्रा और पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस क्रम में उन्हें पौधा देकर होली की बधाई भी दी।

परिजनों और गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित उनके परिवार का पारंपरिक रीति-रिवाज लोटा पानी के साथ जोरदार तरीके से स्वागत किया। बाहा पोरोब यानी बाहा पर्व संताल, उरांव, मुंडा समेत अन्य जनजातियों का पर्व है। बाहा का अर्थ फूल होता है। इस पर्व में महिला-पुरुष के साथ-साथ बच्चे परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर की थाप पर खूब झूमते हैं। बाहा आदिवासियों का सोहराय के बाद दूसरा बड़ा पर्व है। संताली लोग इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। यह पर्व पतझड़ के बाद पेड़ों में नई पत्तियों एवं फूल के आने की खुशी में मनाया जाता है। मान्यता है कि हिन्दी नववर्ष के स्वागत के लिए प्रकृति भी पूरी पृथ्वी को सजाती है।

बाहा का अर्थ फूल होता है। इस पर्व में महिला-पुरुष के साथ-साथ बच्चे परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर की थाप पर खूब झूमते हैं। बाहा आदिवासियों का सोहराय के बाद दूसरा बड़ा पर्व है।

अभिनेता-निर्देशक सतीश कौशिक का निधन

एजेंसी

नई दिल्ली : जाने-माने अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक का गुरुवार तड़के निधन हो गया। सतीश कौशिक का जन्म 13 अप्रैल 1956 हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ था।

उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 1983 में आई फिल्म मासूम से की थी। एक फिल्म अभिनेता के रूप में सतीश कौशिक को 1987 में आई फिल्म मिस्टर इंडिया से पहचान मिली थी। इसके बाद उन्होंने 1997 में दीवाना मस्ताना में पप्पू पेजर का किरदार निभाया था। अपने करियर में उन्होंने करीब 100 फिल्मों में काम किया। उन्होंने 1990 में राम लखन के लिए और 1997 में साजन चले ससुराल के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था।

बॉलीवुड में अपना ब्रेक पाने से पहले उन्होंने थिएटर में काम किया था।

थिएटर अभिनेता के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिका हिंदी के नाटक सेल्समैन रामलाल में की थी। बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा (1993) थी, जिसमें श्रीदेवी मुख्य भूमिका में थीं। निर्देशक के रूप में उनकी पहली हिट फिल्म हम आपके दिल में रहते हैं थी, जो 1999 में रिलीज हुई थी।

2005 में, कौशिक ने अर्जुन रामपाल, अमीषा पटेल और जायद खान अभिनीत फिल्म वादा का निर्देशन किया था। 2007 में कौशिक ने अनुपम खेर के साथ मिलकर करोल बाग प्रोडक्शंस नामक एक नई फिल्म कंपनी शुरू की। इस बैनर तले उनकी पहली फिल्म तेरे संग थी, जिसका निर्देशन सतीश कौशिक ने किया था।

मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से, आठ लाख विद्यार्थी होंगे शामिल
परीक्षार्थियों को मिलेगा 15 मिनट का अतिरिक्त समय

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रही है। परीक्षा में करीब आठ लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जैक बोर्ड के द्वारा समय से प्रश्न पत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री जिलों को उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा पाने के लिए मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जून के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो।

परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को प्रश्नों को पढ़ने और समझने के लिए अलग से 15 मिनट का समय दिया जाएगा। जैक ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है।

साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने के लिए रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में व्यापक व्यवस्था की गई हैं। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक चलेगी। प्रथम पाली में परीक्षा सुबह 9:45 से दोपहर 1:05 तक आयोजित किया जाएगा। ओएमआर शीट आधारित परीक्षा सुबह 9:45 से 11:20 तक और उत्तर पुस्तिका आधारित परीक्षा 11:25 से दोपहर 1:05 तक चलेगी। इसमें 40 अंक के ऑब्जेक्टिव और 40 अंक के सब्जेक्टिव प्रश्न परीक्षार्थियों से पूछे जाएंगे।

मैट्रिक इंटर परीक्षा कदाचार मुक्त आयोजित करने के लिए जिला स्तर पर उपायुक्त के नेतृत्व में बनायी गई कमेटी ने व्यापक तैयारी की है, जिसके तहत सीसीटीवी के जरिए परीक्षार्थियों पर नजर रखी जाएगी। परीक्षा केन्द्रों का प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी और उपायुक्त औचक निरीक्षण करेंगे। कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी गिरफ्तार भी हो सकते हैं।

इसके अलावा परीक्षा केन्द्र पर समुचित बेंच-डेस्क, निर्बाध बिजली और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

जैक की ओर से इस वर्ष राज्य भर में करीब 1400 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब आठ लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। रांची में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए इस साल 159 केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 82 हजार विद्यार्थी परीक्षा देते नजर आएंगे।

विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जैक बोर्ड ने परीक्षा केंद्र को प्रखंड स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर तक में निर्धारित किया है, जिसके तहत मैट्रिक का परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर, जबकि इंटर का परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाया गया है। जैक के अनुसार इस साल मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर की परीक्षा में 3.50 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

महाराष्ट्र : किसानों को 12 हजार रुपए का मानदेय दिए जाने की बजट में हुई घोषणा

वित मंत्री ने पेश किया बजट

एजेंसी

मुंबई : महाराष्ट्र के वित मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को बजट पेश किया। बजट पेश करने के दौरान उन्होंने कहा कि किसानों के लिए परिव्यय में 6,900 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है औरपी सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना महात्मा फुले जन आरोग्य योजना का कवरेज 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। वहीं, राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने विधान परिषद में बजट प्रस्ताव पढ़ा। महाराष्ट्र सरकार ने 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के राज्य के आर्थिक विकास को 11 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होगा। साथ ही फडणवीस ने सरकारी पदों को भरने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने को लेकर भी घोषणाएं की। इसके अलावा राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी नई योजनाओं की घोषणा की गई। वित्त मंत्री फडणवीस बजट घाटे को कम करने को लेकर भी बाते कही है। बता दें कि पिछले साल महाविकास आघाड़ी

(एमवीए) सरकार की ओर से वित्त मंत्री अजीत पवार ने 24 हजार करोड़ रुपये के घाटे का बजट पेश किया था। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को विधानसभा में साल 2022-23 के लिए महाराष्ट्र आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया था। इसमें अनुमान लगाया गया है कि साल 2022-23 के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था के 6.8 प्रतिशत और भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.0 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा 2.5त्न रहने की उम्मीद जताई गई है।

इसके अलावा राज्य के लिए कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में 6.1 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। बजट में नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना की घोषणा की गई है. अब महाराष्ट्र के किसानों को 12,000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

हजारीबाग में दो गुटों में हिंसक झड़प
एसडीपीओ समेत कई पुलिसकर्मी घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जिले के बरही स्थित लाटी में बुधवार देर रात दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। इसमें बरही के एसडीपीओ नाजिर अख्तर समेत कई पुलिसकर्मियों के अलावा दोनों पक्षों के 10 लोग घायल हो गए। मामले को शांत करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। जैप के जवान को गांव में उतारा गया। गुरुवार को भी पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील रहा। फिलहाल, अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। हालांकि, स्थिति नियंत्रण में है। एक युवक विक्की ओझा को गिरफ्तार किया गया है। घटनास्थल से एक देसी कट्टा और कुछ आग्नेयास्त्र भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि होली के दिन हमेशा की तरह गांव में बैठकर कुछ युवक ताश खेल रहे थे। इसी बीच उसी गांव के कुछ युवक उनलोगों को होली है कहकर रंग खेलने के लिए उत्तेजित करने लगे। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच में कहासुनी शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ी कि मारपीट के साथ पथराव और हिंसक झड़प होने लगी। देखते ही देखते हथियार भी निकल गए। सूचना मिलते ही पदमा पुलिस भी पहुंची। बात नहीं बनी और एसडीपीओ नाजिर अख्तर को अतिरिक्त पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर आना पड़ा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

एसपी के होली गीत पर झूमे जवान पर्व के दौरान अलर्ट रही पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदनीनगर : होली के मौके पर पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने होलियाना अंदाज में गीत गाया। एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने भी होली के मौके पर जमकर फगुआ गीत गाया, जिसपर पुलिस के जवान झूम उठे। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस जवान और अधिकारियों ने भाग लिया. पुलिस जवानों ने फगुआ गीत गाया और जमकर रंग-गुलाल खेला. एसपी चंदन कुमार सिन्हा और जवानों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाए और लोगों का मन मोह लिया। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने होली के मौके पर सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी और उनका स्वागत भी किया. इस दौरान एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, सुरजीत कुमार, दीपक कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे। होली के मौके पर पलामू में 230 से भी अधिक चौक चौराहों पर पुलिस और दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। होली को लेकर पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी किया गया था और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा ने पलामू, गढ़वा और लातेहार के एसपी के लिए एसओपी जारी किया था, जिसमें संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया गया था।वही नक्सल प्रभावित इलाकों के जवानों के लिए विशेष अलर्ट जारी किया गया था. बूढ़ापहाड़ और झारखंड बिहार सीमावर्ती इलाके में एंटी नक्सल अभियान भी शुरुआत की गई है. होली को लेकर इंटरस्टेट बॉर्डर पर वाहन चेकिंग भी शुरू किया गया था। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही थी। पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर में अकेले 100 से भी अधिक पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ होली व शब-ए-बरात का त्योहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज (पलामू) : हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली बुधवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ। इस पर्व को ले शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल कायम रहा। बच्चे, बुजुर्ग, युवक, युवतियां और महिलाओं ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व सोमवार को मध्यरात्रि के बाद जगह-जगह होलिका दहन किया गया। इस बीच मुस्लिम धर्मावलंबियों का भी शब -ए-बरात का त्योहार मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मकान, दुकान सहित अन्य प्रतिष्ठानों को रंग -बिरंगी रोशनी से सजाया गया। देर शाम लोगों ने मजार पर जाकर इबादत की और अपने पूर्वजों को याद किया। वहीं स्थानीय पुलिस आपसी प्रेम और भाईचारगी के साथ त्योहार को संपन्न कराने के लिए तत्पर दिखी। क्षेत्र में असमाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए सड़कों पर लगातार गश्त लगाती रही।

बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी पप्पू सोनी उम्र 35 और बेलवा टीकर निवासी श्रवन कुमार उम्र 45 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पप्पू सोनी और सरवन कुमार गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार होकर लेस्लीगंज किसी काम से जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में उनका बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद दोनों खतरे से बाहर हैं।

बाइक दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक की मौत

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सेहरा गांव निवासी रफीक अंसारी का पुत्र नौशाद अंसारी उम्र 20 वर्ष की मौत बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार को नौशाद अंसारी बाइक पर सवार होकर सतबरवा अपने किसी रिश्तेदार के घर गया था। उधर से लौटने के दौरान सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम रजडेरवा में सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी सतबरवा थाना को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई दी गई। जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

हैदरनगर बड़ा शिवाला व होली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे लोग

हैदनगर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): हैदरनगर के बड़ा सिबाला व प्रसिद्ध देवी धाम पर में को होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बड़ा सिबाला पर पुरुषों व देवी धाम मन्दिर पर महिलाओं की मंडली ने होली गायन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह थे, वही स्वागत मंच का संचालन शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन जीप सदस्य संगीता देवी सिंह व हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संतोष सिंह ने सभी अतिथियों व कलाकारों को भगवा गमछा ओढाकर सम्मानित किया।साथ ही सभी ने एक-दुसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी।भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायकों की मंडली ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया।गीत-संगीत की धुन पर लोग जमकर झूमते नजर आए। पूरे समारोह के दौरान लोग होली के रंगों में सराबोर दिखे और एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मिलन-समारोह में सभी ने स्वादिष्ट लजीज व्यंजन का भरपूर लुत्फ उठाया।संतोष कुमार सिंह ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि होली के रंग सभी के जीवन में खुशहाली लेकर आए। होली भाईचारे का त्योहार है।बुरे रिश्तो को भूलकर अच्छा रिश्ता होली पर्व बनाता है। सभी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपका स्नेह और आशीर्वाद ही मेरा पूंजी है।इस अवसर पर पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा बभांडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह, पवन जायसवाल, शिव कुमार,र ाज कुमार राम, प्रदीप सिंह, सेवानिवृत शिक्षक भोला राम, श्याम दयाल राम, संजय सिंह मंटू मेहता, विवेक दूबे, अभिराज गुप्ता, सोनल सिंह आदि शामिल हुए। भैया सुरेंद्र दीक्षित और विनय बिहारी को मुखिया संतोष कुमार सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

चैलेंजर परिवार ने आपसी एकता बढ़ाने के लिए किया होली मिलन समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : रांची रोड रेडमा स्थित गौरी शंकर मैरिज हॉल में टीम चैलेंजर के योद्धाओं के सामूहिक प्रयास से होली मिलन समारोह किया गया जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी व भावी सांसद प्रत्याशी धनंजय पासवान ने फीता काट कर किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि चैलेंजर परिवार जो डालटनगंज शहर में निस्वार्थ भाव से काम कर रही उसकी जितनी प्रशंशा की जाए कम है ऐसा संगठन शहर के लिए वरदान है। वही श्री पासवान ने कहा कि मैं पूरे पलामू प्रमंडल में घूमता हूँ हर जगह के लोग पूछते है ये चैलेंजर क्या है हमें भी जुड़ना है इस संगठन में बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं टीम चैलेंजर। कलाकार टीम के मुखिया राजदीप वयास जी व उनकी टीम ने पूरे कार्यक्रम में जान फूंक दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने वाले योद्धाओं में मार्गदर्शक अमित तिवारी, मार्गदर्शक प्रवीण सिंह, संस्थापक कौटिल्य द्विवेदी, अध्यक्ष पवन गंगा, उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक दुबे, गोपाल त्रिपाठी, थाना प्रभारी विक्रम सिंह, आशीष तिवारी, रंजन दुबे, आशीष मिश्रा, मधुकर शुक्ला, धीरज मिश्रा, अभिषेक तिवारी (चिंटू), विकास पाठक, चंदन पांडेय, लड्डू खान, छोटू तिवारी, राजू तिवारी, बंटी दुबे, अनुज पांडेय, अशोक तिवारी, विक्रमजीत सिंह, संजय राजन, अभिषेक तिवारी, सत्यानंद सिंह, नवीन तिवारी, अनुज तिवारी, शशिकांत तिवारी व दर्जनो युवाओं ने 2 दिन के भीतर कार्यक्रम सफल बनाया।

होली मिलन समारोह में शामिल हुए भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पंम्पूकल के समीप मंगल मैरज हॉल के परिसर में मंगल मैरज हॉल के द्वारा सोमवार की दोपहर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका का उदघाटन मुख्य अतिथि मेदिनीनगर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने फीता काट कर किया। इस मौके पर भावी मेयर प्रत्याशी व पूर्व नप उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा होली पर्व में जो संदेश छिपा है, उसे हम सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। होली प्रेम, भाईचारा और उल्लास का पर्व है। हम सभी को संकल्प ले कर पीडित, वंचित और उपेक्षित लोगों के जीवन में रंग भरना चाहिए। यदि समाज के प्रत्येक सामर्थ्यवान व्यक्ति अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदो की मदद करेगें तो सभी के जीवन में न सिर्फ उल्लास होगा, बल्कि समाज में समाजिक भाईचारा और उल्लास का वातावरण निरंतर कायम रहेगा। हम सभी को होली के असली मर्म को समझते हुए समाज में प्रेम और भाईचारा का वातावरण कायम करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य करना चाहिए। श्री मौके पर सभी को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामना दिए। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंगल मैरज हॉल के मालिक रोहित पाण्डेय, सिन्टू सिंह, रजनीश सिंह, मिनी सिंह, संदीप सोनी, लड्डू सिंह, गोपाल त्रिपाठी, दिनेश सिंह, राहुल सिंह, अनूप सिंह, उत्तम सिंह, माखो राम, गोरख तिवारी, कोमल कुमार अंकू,कृष्णा, विकी, पारस विश्वकर्मा, बंटू तिवारी, पिंकू तिवारी, मनीष सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

पांडू में जल स्तर गिरा, नदी के साथ-साथ कई कुआं, बोरिंग भी सूखे

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांडू, पलामू : मार्च माह के शुरू से हीं तेज गर्मी ने लोगों को परेशान किया है। प्रतिदिन तापमान में बदलाव होने से लोग काफी गर्मी महसूस कर रहे हैं। हालांकि दो दिन से बादल छाए रहने के कारण तापमान में गिरावट आई है. गर्मी बढ़ने के कारण पांडू प्रखंड क्षेत्र में लगातार वाटर लेवल घट रहा है। गांव में हैंडपंप सूखने की समस्या आने लगी है। पिछले साल मानसून में सामान्य से कम वर्षा हुई थी। जिसके कारण गर्मी अभी ठीक से शुरू भी नही हुई और जल स्तर कम होने से गांव में पानी की समस्या आने लगी है। बोर सूखने और कई हैंड पंप से पानी नहीं निकलने पर ग्रामवासियों को पीने के पानी के लिए परेशानी हो रही है। अभी से हीं चापाकल पर लम्बी लाइन लगनी शुरू हो गई है. गर्मी के मौसम में जल के स्रोत नीचे हो जाने से गांव में सार्वजनिक हैंडपंप व लोगों के घरों में लगा बोर ड्राई होने से बंद पड़ गए है। गांव के लोग दूर दराज से पीने के लिए पानी व्यवस्था कर रहे है। अभी तक लोगों को पानी से संबंधित कोई भी सरकारी मदद नहीं मिल सकी है. गांव के लोगों ने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सरकारी पानी टैंकर की मांग की।

घर में लगी आग, लाखो का सामान जलकर राख

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : छतरपुर प्रखंड अन्तर्ग नौडीहा गाँव में मंगलवार की शाम गुलाम मुस्तफा अंसारी के घर आग लगाने से लाखो का सामान जल कर राख हो गया। जानकारी के अनुसार जब घर वाले को धुआँ तथा जलने का सुगंध लगा तो घरवालों ने चिल्ला उठा तो आस-पास के ग्रामीणों ने दौड़ पड़े और आग पर काबू पाए आग लगने से घर में रखे टीवी, कूलर, बैट्री, कपड़ा, अस्लाईजार, पलंग, पंखा आदि समाग्री जलकर खाक हो गया। सूचना मलने पर घटना स्थल पहुच मुखिया हरेंद्र सिंह पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद का अस्वासन दिया है पंचायत समिति विनय राम। गुलाम मुस्तफा अंसारी, असगर अंसारी, नजबुन निशा, श्रवन यादव, मनोज प्रजापति, लविश्वकर्म लालमोहमद अंसारी, सुदर्शन पसवान, बुचु विश्वकर्मा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

दो बाइक की टक्कर में चार लोग हुए घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : शहरी क्षेत्र अंर्तगत सीता हाई स्कूल के समीप एनएच 98 पर बुधवार की शाम दो बाइक के आमने सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में सतगावां निवासी गुलजार नट (30) सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा थाना क्षेत्र के संडा निवासी राजू पासवान (26) एरका गांव निवासी प्रदीप कुमार (42) तथा आदित्य कुमार (26) का नाम शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलजार नट और राजू पासवान एक बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज बाजार की ओर जा रहे थे। जबकि दूसरे बाइक पर सवार प्रदीप कुमार व आदित्य कुमार हरिहरगंज से अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी दोनों बाइक के बीच टक्कर हो गई। सूचना के बाद स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने राजू, प्रदीप तथा आदित्य को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

पुलिस को देख बाइक व शराब छोड़ भागा तस्कर

हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को पुलिस को देख बाइक व मोबाइल सड़क पर छोड़ शराब तस्कर भाग गया। जानकारी के अनुसार एसआई शिवशंकर उरांव के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही थी। इसी बीच बिना नंबर के पैशन प्रो बाइक से ट्यूब में देशी शराब लादकर ले जाया जा रहा था तभी पुलिस वाहन को देख तस्कर सड़क पर ही बाइक व शराब छोड़कर भाग निकला। वहीं भागने के दौरान उसका मोबाइल भी गिर गया। पुलिस मौके से शराब, मोबाइल व बाइक को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

हुसैनाबाद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली व शब-ए-बारात

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू) : हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रंगों का त्योहार होली एवं शब ए बारात हर्षोल्लास के साथ शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस पर्व को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल रहा बच्चे बुजुर्ग युवक युवतियों और महिलाओं ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी इस बीच मुस्लिम धर्मावलंबियों का भी शबे बरात का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर मकान दुकान अन्य प्रतिष्ठानों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया एवं देर रात तक लोग मजार पर जाकर इबादत की और अपने पूर्वजों को याद किया। वही बुधवार की शाम को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण एवम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण एवं पुज्य प्रकाश ने अपने अपने आवास परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया .मौके पर अनुमंडल थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के अलाव कई सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य लोग और झारखंड पत्रकार संगठन के अनुमंडलीय अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हस नैन जैदी, ने लोगों को एक दूसरे को अबीर गुलाल लागकर कर होली पर्व की बधाई दी। और पुआ पकवान का आनंद उठाया, इस दौरान एसडीओ कामलेश्वर नारायण व एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने होली पर्व के महत्व को रखते हुए कहा की रंगों का त्योहार होली मुख्य रूप से सत्य की विजय और असत्य की हार को प्रदर्शित करता है। मौके पर मजिस्ट्रेट जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार, रीडर अशोक कुमार, अनुमंडल प्रधान सहायक बीडी रमण, बसपा नेता शेर अली, एनसीपी नेता चंदन कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, पूर्व नप अध्यक्ष उषा देवी, समाजसेवी ऐजाज हुसैन, उर्फ छेदी खान, समाजसेवी अश्विन कुमार सिंह, धर्मेंद कुमार सिंह, मंटू कुमार सिंह, टुन्ना सिंह,प्रगतिशील पत्रकार मंच के नौशाद, संजय ओझा, सतेंद्र चंदेल, गौतम पटेल, कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, अखिलेश पासवान, एसके चंदेल के अलावा हुसैनाबाद थाना, हैदरनगर, मोहम्मदगंज देवरी ओपी, दंगवार ओपी, कामगारपुर पिकेट के प्रभारी के अलावा कई लोग शामिल थे।

हुसैनाबाद के लोहबंधा गांव में अकीदत के साथ मना शब-ए-बरात का पर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू) : हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में शब ए बरात का पर्व अकीदत एवं इबादत के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस नेक अवसर पर विभिन्न मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरी रात मस्जिदों एवं घरों में इबादत किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने-अपने घरों व कब्रिस्तान पर मोमबत्ती भी जलायी। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत अंतर्गत मदीना मस्जिद लोहबंधा गांव में शब-ए-बरात पर्व के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मिलाद शरीफ का आयोजन किया। मिलाद शरीफ की शुरुआत हीफज के अध्यनरत छात्र लोहबंधा गांव के गुलाम गौस ने कूरॉन पाक की तिलावत व नात पाक से किया। शबे बारात को लेकर मौलवी इसहाक अनवर कादरी ने कहा कि शब ए बरात यानी निजात की रात है। उन्होंने कहा कि शब ए बरात को इबादत का त्योहार कहा जाता है। साथ ही दुआ की रात भी कही जाती है। मिलाद शरीफ में लोहबंधा गांव के मदरसों के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक नबी के शान में नात शरीफ पेश कर लोगों को झुमने पर विवश कर दिया। विदित हो कि शब-ए-बरात की इस मुबारक रात में मुस्लिम समाज के लोग इबादत और कुरॉन पाक की तिलावत करते हैं, लोग अपने- अपने घरों में हलवा बनाकर पूर्वजों के कब्र पर जाकर फतेहा पढ़ कर उनकी बखशिश के लिए दुआ मांगी जाती है। इस मौके पर लोहबंधा गांव के मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों और कब्रिस्तानों को खुबसूरत ढंग से सजाया व सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इस मुबारक रात को इबादत के बाद अपने पूर्वजों के कब्र पर गये और फतेहा पढ़ कर दुआ मगफिरत की। और इसके पश्चात अपने गांव के मस्जिदों में इबादत में लगे रहे व अपनी गुनाहों की मगफेरत व रोज़ी रोजगार के लिए दुआएं मांगी। मिलाद शरीफ के मौके पर मदरसा के छात्रों में मनउवर अंसारी, अहमद रज़ा, दिलवर अंसारी, सरवरी खातून, रेशमा प्रवीन, निकहत खातून, अफसाना खातून, सविना खातून, जबिना खातून, रौशन खातून, रौनक जहां, अरबी जहां, अनीसा खातून, गुलाबशा खातून, तौसीफ रजा, शमसाद आलम, फैजान रज़ा व मौलवी मो0 इसहाक अनवर कादरी, हाजी इस्माईल अंसारी, मौलवी युसूफ कादरी, अकबर अंसारी, मसूद आलम, तैयब आलम, तौहीद अंसारी, मकसुद आलम, मुना अंसारी, अख्तर अंसारी, मासूम रज़ा, अहमद रज़ा, नसीम अंसारी, आदि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ होली का त्योहार

विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता): विश्रामपुर नगर परिषद व प्रखंड क्षेत्र में होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ सम्मान हुआ। कई जगहों पर बच्चों ने चौक चौराहों पर तो कहीं युवाओं ने होली को हुड़दंग के साथ मनाया। लेकिन पहली बार कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नावाडीह कला में युवाओं द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का उद्घाटन वरीय समाजसेवी सह राजनीतिज्ञ अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह व प्रादेशिक राजद नेता नईमुदीन अंसारी ने किया। उन्होंने कहा कि मिलजुलकर मनाने से पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। इधर नप के वार्ड एक मे नीलकंठ नगर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भी नीलकंठ सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। होली गीतों के लय ताल पर श्रोता जमकर झूमें। मौके पर श्याम बिहारी विश्वकर्मा, सलीमुदीन अंसारी, प्रवीन सिंह, वशिष्ठ नारायण चौबे, राजमुनी विश्वकर्मा, रंजित चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

इंडिया इन माई वेंस फिल्म में नजर आएंगे रांची के राजीव सिन्हा

रांची। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी एक और फिल्म इंडिया इन माई वेंस 5 मार्च को यूट्यूब चैनल रेनबो फिल्म्स के माध्यम रिलीज हुई। जिसमें झारखंड से राजीव सिन्हा ने एक अहम किरदार (रवि) निभाया है। फिल्म की शूटिंग दिल्ली और लखनऊ के आस पास के इलाकों में संपन्न हुई है। राजीव सिन्हा रांची के कडरू स्थित एक्टिंग स्कूल झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी के संस्थापक व निदेशक भी है।फिल्म के अन्य अहम किरदारों में बॉलीवुड से दिग्गज कलाकार सुरेंद्र पाल , रजा मुराद, बिंदु दारा सिंह, अमिता नागिया भी देखे जा सकते हैं।

फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स ने मनाया होली, दी बधाई

रांची। फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (एफओडब्ल्यूए) ने होली मिलन होली मिलन मस्ती, मस्ती, जोश और जीवंत रंगों के साथ फॉरेस्ट रेस्ट हाउस डोरंडा में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। सदस्य प्यार, स्नेह, खुशी और आनंद के रंगों को जोड़कर त्योहार मनाने के लिए एकत्र हुए और समाज की सेवा करने के लिए अपनी भाईचारे की भावना को मजबूत किया।उत्साहपूर्ण उत्सव को होली गीतों और नृत्य प्रदर्शन के साथ चिह्नित किया गया था।अध्यक्षा विभा श्रीवास्तव ने कहा कि हमें प्रकृति को नष्ट करने और उसे अपना गुलाम बनाने के बजाय उसके साथ अधिक सद्भाव से रहना चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रूचि उपाध्याय, संयुक्त सचिव सुनंदिता दास, कोषाध्यक्ष मीनू पांडियन, सबिता मिश्रा, सुधा चौधरी, माधवी चटर्जी, लीना रस्तोगी, रंजना सामंत, सीमा कुमार, रेखा राजपुरोहित, चैत्र और अन्य ने भाग लिया।

विभिन्न पेंशन योजनाओं में तेजी लाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची :उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत सभी सुयोग्य व्यक्तियों को आच्छादित करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के अंचल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पेंशन योजना से योग्य व्यक्तियों को जोड़ने की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रखंड एवं अंचलवार विभिन्न पेंशन योजनाओं (वृद्धावस्था, निराश्रित एवं दिव्यांग पेंशन योजना) की समीक्षा करते हुए

मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश बीडीओ एवं सीओ को दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में कंट्रोल रूम बनाएं और ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को योजना से जोड़ें। उपायुक्त ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आच्छादन प्रतिशत में 15 दिनों में सुधार कर ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को लाभ सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी पंचायतों में सैचुरेशन कैंप आयोजित करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के अंचल अधिकारी को पहले से प्राप्त आवेदन का यथाशीघ्र निष्पादन करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र में अभी भी कई माइग्रेटेड लोग हैं जिन्हें चिन्हित कार योजना से आच्छादित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्र में उपायुक्त ने डोर टू डोर आवेदन लेने की प्रक्रिया को रिपीट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर सर्वजन पेंशन योजना हेतु योग्य व्यक्तियों को चिन्हित कर लाभ दिलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन पंचायत में सर्वजन पेंशन योजना के कम आवेदन आ रहे हैं, उनकी मैपिंग बीएलओ एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा सर्वजन पेंशन योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। सरकारी संस्था से सेवानिवृत्त और आयकर देने वाले व्यक्तियों को छोड़कर ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ सुनिश्चित कराएं।

पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के सापुकेरा गांव निवासी नंदा मुंडा की हत्या का मामले में नंदा मुंडा की पत्नी कंचन मुंडा और उसके प्रेमी पुलिस के जवान इलियाजर कुजूर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों को आज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कंचन मुंडाईन ने अपने कथित प्रेमी इलियाजर कुजूर के साथ मिलकर मंगलवार की देर शाम नंदा मुंडा की गला घोंट कर हत्या कर दी। हत्या का पता चलते ही ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस आरोपित पुलिस के जवान इलियाजर कुजूर और कंचन मुंडा को बचा रही है।

मृतक के भाई ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने आरोपित पुलिस के जवान को मौके से गायब कर दिया। ग्रामीण काफी आक्रोशित थे।

उन्होंने थाना का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि आरोपित पुलिस के जवान को ग्रामीणों के हवाले करे ताकि उसके खिलाफ ग्रामीण कार्रवाई कर सके। ग्रामीण शव को उठाने नहीं दे रहे थे लेकिन पुलिस जबरन शव को उठाकर थाना ले आई, जहां ग्रामीणों ने भारी हंगामा किया। देर रात नंदा मुंडा के शव को थाना से ग्रामीणों ने कब्जा किया और शव को फिर गांव सापुकेरा ले गए। देर रात तक हंगामा होता रहा। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी रजत मणिक बाखला, सर्किल इंसपेक्टर अरुण कुमार भी लापुंग पहुंचे। सापुकेरा गांव पहुंचे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने परिजन और ग्रामीणों को समझा बुझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को बताया कि आरोपित पुलिस के जवान इलियाजर कुजूर और नंदा मुंडा की पत्नी कंचन मुंडा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नौ वर्षीय शौर्य का कातिल निकला किरायेदार, पुलिस ने भेजा जेल

नौ वर्षीय शौर्य की हत्या करने वाला आरोपी कभी राजू के घर एदलहातू में ही किराएदार था।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। तीन मार्च से लापता नौ वर्षीय शौर्य का शव सात मार्च को नगड़ी थाना क्षेत्र के ललगुटवा तालाब से बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मासूम की नृशंस हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए संजू कुमार पंडा को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि अपहरण फिरौती मांगने की नियत से की गई थी, लेकिन अपहरण के कुछ घंटे के अंदर ही घटना घट गई। इसलिए शौर्य के पिता राजू गोप से किसी तरह की

फिरौती नहीं मांगी गई। नौ वर्षीय शौर्य की हत्या करने वाला आरोपी कभी राजू के घर एदलहातू में ही किराएदार था। उसके ऊपर काफी कर्ज हो गया था। इसी कर्ज को चुकाने के लिए उसमें शौर्य के अपहरण की साजिश रची थी। संजय ने पुछताछ पुलिस को बताया कि शाम कुछ न कुछ खरीदने के लिए दुकान की ओर जाता है। तीन मार्च को भी उसने वही किया था। इस बीच दुकान के पास ही कार के साथ खड़ा था।शौर्य को देखकर बुलाया और बातचीत की। शौर्य हल्ला मचाने लगा। तब संजू को समझ में नहीं आया कि क्या किया जाए। इसी दौरान उसने उसकी हत्या कर दी और तालाब के पास शव को फेंक कर भाग गया था।शौर्य का शव मिलने के बाद शव को जब्त कर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए रिम्स लाई थी। इसी दौरान परिजनों को जानकारी मिली तो लोग रिम्स में पहुंच कर हंगामा किया और फिर शौर्य के पिता राजू गोप ने पुलिस के कार्य के प्रति नाराजगी जताई । वहीं एदलहातू से बड़ी संख्या में आए लोगों ने आक्रोश में बरियातू थाने का घेराव कर हंगामा किया था, थानेदार को हटाने की मांग करने लगे थे। बता दें कि किशोर कौशल जब रांची के सिटी एसपी थे तब भी इसी तरह का एक मामला आया था। एक बच्चे का अपहरण कर लिया गया था, और सिटी एसपी ने तत्परता दिखाते हुए उस बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया था।

बस में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

रांची । लोअर बाजार थाना क्षेत्र के सबसे चर्चित खादगढ़ा बस स्टैंड में एक खड़ी बस में एक युवक की मौत हो जाने से अफरा तफरी मच गई । जिसकी जानकारी खादगढ़ा बस टीओपी सतीश वर्णवाल को मिली तो वह घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा की आरजू नामक बस जो कोलकाता से रांची के लिए चलती है। उसके पीछे वाले सीट पर एक व्यक्ति सोया पड़ा हुआ है, छूने के बाद उसका शरीर ठंड पड़ गया और फिर समझ में आया कि उसका निधन हो चुका है। प्रारंभिक प्रक्रिया करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। सतीश ने बताया कि जो आधार मिला है उस आधार कार्ड में रतन टोपनो ,करा थाना क्षेत्र नाम लिखा हुआ है , वहीं बस के कुछ पैसेंजर से पूछताछ जारी है।

ऑल इंडिया बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। ऑल इंडिया बैंक ऑफ इंडिया एस सी / एस एसटी / ओ बी सी ई. एसोसिएशन महिला विंग ने सीनियर सिटिजेन होम (वृद्धाश्रम) बरियातू में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संतोषी एमी केरकेट्टा, महिला विंग की अध्यक्षा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत कैसे हुई इसकी संक्षेप में जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने वृद्ध महिला पुरुषों के साथ कई तरह के खेलों का आयोजन कर एक दूसरे को गुलाल लगाकर बहुत खुशनुमा महौल बनाया। इस कार्यक्रम में संगठन के महासचिव अरुण जॉन प्रबाल, उपाध्यक्ष प्रकाश उरांव, सहायक महासचिव भरत लाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष अजय कुजूर, श्रीमती शैल रिचा कुजूर, माधवी लकड़ा, एलिस दीना कुजूर, निशी मिंज (सभी संगठन की महिला प्रतिनिधि), कुसुम सोम, रंजीता, प्रिसिला, स्टेला आदि उपस्थित थे।

रांची में दो फिल्मों की शूटिंग करने आये थे सतीश कौशिक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: मिस्टर इंडिया का कैलेंडर, स्वर्ग फिल्म का एयरपोर्ट, दीवाना मस्ताना का पेजर भाई, साजन चले ससुराल का मुथुस्वामी, बड़े मियां छोटे मियां का शराफत मियां सहित राम लखन और ब्रिटिश फिल्म ब्रिक लेन और नाटक सेल्समैन रामलाल और फिल्म जाने भी दो यारो जैसी बेहतरीन फिल्मों में अपने हास्य अभिनय से दर्शकों को लोटपोट कर देने वाले हिंदी फिल्मों के हास्य अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और स्क्रीन राइटर सतीश कौशिक का 9 मार्च 23 को गुरुग्राम में अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया। सतीश कौशिक 100 से अधिक फिल्मों में यागदार रोल कर चुके हैं। सतीश कौशिक ने अभिनय के साथ साथ कई फिल्मों का निर्देशन भी किया है, जिसमें मुख्य रुप से रूप की रानी चोरों का राजा ,प्रेम ,हम आपके दिल में रहते हैं आदि। सतीश कौशिक ने फिल्म की शूटिंग के लिए रांची भी आ चुके हैं। उन्होंने रांची में हिंदी फिल्म रांची डायरी और सब कुशल मंगल है में झारखंड के स्थानीय कलाकारों के साथ काम किया हैं। 2016 और वर्ष 2019 में वे रांची आ चुके हैं । इस दौरान झॉलीवुड अभिनेता उज्जवल रॉकी ने बताया कि उन्होंने सतीश कौशिक के साथ फिल्म रांची डायरी और सब कुशल मंगल में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वह काफी हंसमुख और अच्छे व्यक्ति थे, उनके साथ काम करने के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला। बहुत कम समय रहें, लेकिन अभिनय के बहुत कुछ गुर देकर चले गए, उनका निधन होना हम कलाकारों के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं के निधन के बाद झॉलीवुड के कलाकारों में शोक की लहर दौड़ गई। रमण गुप्ता, दीपक सिन्हा, सतीश, आनंद जलान, राजकुमार नागवंशी, ऋषि प्रकाश मिश्रा, परवेज कुरैशी,मोजाहीद कुरैशी, जयकांत, गुलफाम,अजय मलकानी सहित कई कलाकारों ने सतीश कौशिक के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि हम कलाकारों की अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।

रांची : भाजपा ने ईडी कार्यालय पहुंच कर लगाई गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । पंचायती राज के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का मामले में गुरुवार को प्रदेश भाजपा ईडी के पास जांच की गुहार लगाई है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में शामिल पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य नेताओं ने एयरपोर्ट रोड, रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंच कर राजीव अरुण एक्का प्रकरण की जांच करने और

दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की.। ईडी निदेशक के नाम से एक पत्र और एक पेन ड्राइव सौंपी जिसमें एक वीडियो क्लिप और कुछ कागजात भी संलग्न हैं। पत्र में कहा है कि वीडियो क्लिप झारखंड सरकार में दलाली करनेवाले एक प्रमुख व्यक्ति विशाल चौधरी के अरगोड़ा, रांची स्थित प्राइवेट कार्यालय का है। इस वीडियो में विशाल के घर में दिखनेवाले सीएम के प्रधान सचिव और गृह विभाग के प्रधान सचिव के पद पर रहे राजीव अरुण एक्का सरकारी कागजात, फाइलों पर साइन करते नजर आ रहे हैं। आवाज विशाल चौधरी की है। राजीव अरुण और विशाल चौधरी में गहरा रिश्ता है। दोनों ने मिल कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करते हुए देश-विदेश में कई अवैध संपत्तियां अर्जित की हैं। ईडी विशाल चौधरी से इस संबंध में अविलंब कड़ाई से पूछताछ करे। गोरखधंधे में शामिल लोगों के खिलाफ मनी लांड्रिंग और अवैध कमाई में शामिल लोगों के खिलाफ जांच कर कठोर कार्रवाई करे।

ईडी कोर्ट में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल सशरीर हुई हाजिर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में मनी लांउड्रिंग केस की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल गुरुवार को सशरीर हाजिर हुई। अधिवक्ता शिव कुमार ने बताया कि अदालत में उन्होंने हाजिरी लगाई। इससे पूर्व तीन मार्च को मनरेगा घोटाला केस में पूजा सिंघल की ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया जा चुका है। इसपर 17 मार्च को सुनवाई की तिथि निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल पर खूंटी मनरेगा घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित कर घोटाले के जरिये कमाए हुए पैसों को अलग-अलग जगह निवेश करने का आरोप हैं। पूजा सिंघल फिलहाल प्रोविजनल बेल पर हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने कई शर्तों के साथ दो महीने की जमानत दी है।

बस से एक बुजुर्ग का शव बरामद

रांची : खादगढ़ा ओपी पुलिस ने गुरुवार को एक बुजुर्ग का शव आरजू बस के अंदर से बरामद किया है। शव की शिनाख्त खूंटी के कर्रा निवासी रतन टोपनो (73) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार रतन टोपनो कोलकाता में ईट भट्ठा में काम करता था। वह आरजू नामक यात्री बस से सुबह रांची पहुंचा था। लेकिन जब सभी यात्री बस से उतर गए और वह अचेत पड़ा था। बस वालों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही टोओपी प्रभारी सतीश गोराई मौके पर पहुंचे और जांच की। सतीश ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

शब-ए-बारात की रात कब्रिस्तानों में पूर्वजों को किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। इस्लामिक कैलेंडर के आठवें महीने शाबान महीने की 14 और 15वीं रात के बीच को शब-ए-बारात कहा जाता है,इस दिन लोग रात भर मस्जिदों में जागा ,इबादत किया रोजा भी रखा । वहीं होली और शब ए बारात एक दिन आगे पीछे होने को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखा था। सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं हुड़दंग करने और अश्लील गाने बजाने पर पूर्णरुप से रोक दी, जो देखा भी गया कि शब ए बारात की रात कहीं भी अश्लील गाने नहीं बजाये गये और सभी मुस्लिम समुदायों ने रात भर मस्जिदों में नमाज पढ़ने और कब्रिस्तानों में अपने पूर्वजों

के लिए दुआ करने पहुंचे।पूर्वजों को याद करने की रात यह एक ऐसी रात भी है जब अपने इंसान अपने मृत पूर्वजों को क्षमा करने के लिए प्रार्थना की करते हैं। मुहम्मद सल. कब्रिस्तान में दुआ की मौलाना के अनुसार एक हदीस के अनुसार यह ज्ञात है कि मुहम्मद सल. शब बारात की रात कब्रिस्तान में गए थे, उन्होंने वहां दफन किए गए मुसलमानों के लिए प्रार्थना की थी। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार यह रात साल में एक बार शाबान महीने की 14 तारीख को सूर्यास्त के बाद शुरू होती है। मुसलमानों के लिए यह रात बेहद फज़ीलत की रात मानी जाती है, इस दिन विश्व के सारे मुसलमान अल्लाह की इबादत करते हैं। वे दुआएं मांगते हैं और अपने गुनाहों की तौबा करते हैं।

शहर की कब्रिस्तानों रात भर रही भीड़: रांची के तमाम बड़ी छोटी मस्जिदों और कब्रिस्तानों को लाइट बत्ती से सजाया गया था। सभी मस्जिदों में रात भर इबादत करने वालों की भीड़ रही तो, वहीं पास के कब्रिस्तानों में अपने पूर्वजों की दुआ के लिए लोग बाद नमाज ईशा से पहुंचने लगे थे। मुख्य रूप से कांटाटोली कब्रिस्तान, डोरंडा कब्रिस्तान, मणिटोला कब्रिस्तान, रातू रोड कब्रिस्तान , बरियातू कब्रिस्तान, कांके और इसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों की कब्रिस्तानों में भी लोगों की भीड़ देखी गई।

राज्य में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद सब्जियों के दाम बढ़े

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य की राजधानी सहित अन्य जिलों में बर्ड फ्लू पुष्टि के बाद सब्जियों के दाम में खासा बढ़ोतरी हुई है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि होली के दौरान राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बर्ड फ्लू पुष्टि के बाद आम लोग नॉनवेज की जगह सब्जियों की खरीदारी ज्यादा कर रहे हैं। हिनू में सब्जी बेचने वाली किरण ने बताया कि सबसे ज्यादा उन सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है जो सब्जी बाजार में नई-नई आई है। कद्दू, कटहल, झींगा, भिंडी, परवल के दाम बाजार में आसमान छू रहीं हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि जो भी सब्जियां बाजार में नई आई हैं उन सब्जियों के प्रति लोगों का चाव ज्यादा है। हालांकि, जो सब्जी पूर्व से ही बाजार में बिक रहे थे उन सब्जियों के दाम कम हैं। वर्तमान में सब्जी का भाव को देखे तो सबसे ज्यादा परवल, कटहल, भिंडी और करेला का दाम आसमान छू रहा है। ये सब्जियां 80 से 100 रुपये प्रति किलो मिल रहे हैं। किसानों ने बताया कि जो सब्जियां मौसमी हैं उन

सब्जियों को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। फाल्गुन के महीने में उपजने वाली सब्जियों की मांग सबसे ज्यादा बाजार में देखने को मिल रही है।

रांची में सब्जियों के दाम: परवल- 100 रुपये किलो, कटहल- 50 से 70 रुपये किलो, सहजन- 50 से 70 रुपये किलो, भिंडी- 70 से 80 रुपये किलो, कद्दू- 55 से 65 रुपये किलो, झींगा- 60 से 80 रुपये किलो, खीरा- 40 से 45 रुपये किलो, बैगन- 35 से 40 रुपये किलो, शिमला मिर्च-70 से 80 रुपये किलो, बंधा गोबी- 20 रुपये किलो, फूल गोबी- 10 से 20 रुपये किलो, हरी मिर्च- 60 से 65 रुपये किलो, लहसन- 80 से 90 रुपये किलो, मूली- 10 से 20 रुपये किलो मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे को लेकर 10 किमी की परिधि में अगले आदेश तक मुर्गी-मुर्गा, अंडा, पक्षी की खरीद-बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी थी। इसके बाद ज्यादातर लोगों ने नॉनवेज से दूरी बना ली है।

शांति पूर्वक मनाया गया होली : गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। चर्च रोड काली मंदिर के समीप होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता सह,झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और इस रंगों के त्यौहार में अपने प्रेम और भाई चारे के साथ इसे और रंगीन बनाए साथ में सभी लोग उन्होंने धन्यवाद दिया । कहा कि पहले तो शब ए बारात और होली एक साथ त्योहार हुआ और

दोनो त्यौहार शांतिपूर्वक भाई चारे के साथ सभी लोग ने निभाया सभी धन्यवाद के पात्र हैं । गोपाल गुप्ता, अजय सिंह,नीतू गुप्ता, कृष्णा बिंदु, प्रकाश गुप्ता, तारा , श्याम गुप्ता, ममता ,रवि चेतन , अंकित, मन्नत कुमारी, अभिनव गुप्ता ,कई लोग शामिल थे ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पाकलमेड़ी में मिट्टी से जुड़े लोगों ने मिट्टी से खेली होली, हर्षोल्लास मनाया त्योहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड़ व आस पास के क्षेत्रो में रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बर्ष सोमवार की देर रात्रि विधि विधान से होलिका दहन (फगुवा काटने) किया गया। वही होलिका दहन के दूसरे दिन बुधवार को सुबह से ही लोग रंग अबीर खेला। इस अवसर पर लोगों ने घरों में एक-दूसरे को रंग लगाकर अपने खुशियों का इजहार किया। वहीं गांवों में लोगो के घरों में एक से बढ़कर एक पकवान बनाकर

खाया व खिलाया। साथ ही एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर गले मिलकर बधाई दी। इधर पाकलमेड़ी गांव के लोग जो सब्जी उत्पादन में अंग्रणी है। यहाँ के लोग मिट्टी से जुडे है, जो होली में बच्चे क्या बुड़े सभी रंगो के साथ खेत में मिट्टी का घोल तैयार कर डिजे के धुन में मिट्टी की होली खेले। तदपश्यात् मटका फोड़ प्रतियोगिता भी किया। जहां एक टीम गांव के युवा और दूसरी टीम दामादो की थी, इस बर्ष गांव के युवा टीम विजय रहे। इसके बाद डीजे और परम्परागत बाजे गजे के साथ नाचते गाते पुरे गांव का भ्रमण करते है, होली का भरपुर आनंद उठाते है।

सिलादोन में महिला सशक्तिकरण सप्ताह का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : नालसा एवं झालसा के निर्देशन में संचालित नालसा - एन. सी. सहयोगात्मक परियोजना के तत्वधान में चल रहे महिला सशक्तिकरण सप्ताह के पाँचवें दिन आज सिलादोन पंचायत खूँटी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला दिवस के अवसर पर महिला सप्ताह का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता शिविर में डालसा के पी.एल. बी. अंजू कच्छप ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी महिलाओं को जागरूक होकर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आने की आवश्यकता है। समाज मे महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में प्रगतिशील है। डालसा के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार के द्वारा चलायी जा रही लाभकारी योजनाओं से जुड़ी समस्या व अपनी पारिवारिक समस्या हो, उसे डालसा के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान किया जाता है। पी. एल. बी चंदन कुमार ने लेबर कार्ड से संबंधित लाभ के बारे में जानकारी दी। समाज मे महिलाओं के साथ विभिन्न तरह की हिंसाएँ हो रही है जैसे घरेलू हिंसा, डायनप्रथा कार्यक्षेत्र में महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानव व्यापार इत्यादि के बारे भी जानकारी दी। पी.एल.वी शांति नाग ने कहा कि हम सभी महिलाओं को संगठित होकर महिला एवं बच्चों को इन सभी समस्याओं से सुरक्षा प्रदान कराना है। समाजिक सुरक्षा योजनाओं से विदित असुरक्षित परिवारों को लाभ दिलाना है के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डालसा पी.एल.वी अंजू कच्छप, नरेश कुमार, बदन कुमार शाचि नाग, स्वयं सहायता समूह की महिलाए एवं अन्य उपस्थित थे।

होली के रंग, फगुआ के संग बड़ी धूमधाम से सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली मुरी समेत पुरे क्षेत्र मे बुधवार को रंगों का त्यौहार होली बड़ी धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया! हर गली मोहल्ले मे बच्चों के हाथों मे अबीर गुलाल पिचकारी लेकर धुम मची रही! एक दुसरे को रंग लगाकर काफी खुश नजर आ रहे थे! महिलाएं भी अपने अपने घर मे पकवान बनाने मे लगे हुए थे! फगुआ गीतों से पुरा क्षेत्र गुंजामय हो गया! रंगों का त्यौहार आपसी भाईचारे का त्यौहार है लोग एक दूसरे को रंग लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया एवं गिले शिकवे भुलाकर आपस गले मिलते नजर आए! महिलाएं भी होली के त्यौहार को बहुत ही धुमधाम से मनाया! एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुब मस्ती किए! हरतरफ रंगों का बौछार होने लगा! पुरा मस्ती मे डुबा रहा क्षेत्र! दो साल बाद इस त्यौहार को बहुत ही सादगी से मनाया गया!रंगों के त्यौहार मे कहीं अप्रीय घटना ना हो इसको लेकर मुरी ओपी, सिल्ली थाना,राजकीय रेल थाना मुरी अपने दल बल के साथ मुरी सिल्ली समेत पुरे क्षेत्र मे होली के पुर्व संध्या फ्लैग मार्च निकाला एवं क्षेत्र मे अमन शांति का पैगाम दिया! होली के दिन प्रशासन पुरे क्षेत्र मे दिनभर गस्ती कर रहे थे!

होली के मौके पर ढोल जतरा का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

इटकी : होली के मौके पर बुधवार को स्थानीय श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में डोल जतरा का आयोजन हुआ. कार्यक्रम के दौरान मंदिर में स्थापित भगवान राधा-कृष्ण सहित अन्य प्रतिभाओं की पूजा- अर्चना की गयी व झूले पर झुलाया गया. मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा भी भगवान पर गुलाल -अबीर अर्पण किये गये व एक दूसरे को पर्व की बधाइयों का आदान प्रदान किया गया. इससे पूर्व युवाओं ने रंगों के साथ होली का हुड़दंग किया.

अलेस्टर बोदरा की अध्यक्षता में झारखंड उलगुलान संघ का प्रथम सम्मेलन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिला के सभी प्रखंडों के सैकड़ों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में झारखण्ड उलगुलान संघ का प्रथम सम्मेलन आज संत जोसेफ कॉलेज, तोरपा परिसर में संयोजक अलेस्टेयर बोदरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । सम्मेलन में पिछले एक साल के गतिविधि की समीक्षा, सांगठनिक स्थिति पर चर्चा तथा भावी रणनीति एवं कार्यक्रम आदि विषयों पर सघन विचार विमर्श किया। सर्वसम्मत रूप से निर्णय लिया गया कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास कार्यों में खानापूर्ती सहित राइट टू सर्विस एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु भी संगठन को पहल करना चाहिए । सांगठनिक स्थिति पर सहमति बनी कि चार सदस्यीय सचिव मंडली बनाया जाए, जिसमें दो पुरूष एवं दो महिला को जिम्मेवारी दिया जाए। सचिव का दायित्व सुदर्शन भेंगरा तथा आशीष गुड़िया को सौंपा गया । पारम्परिक अगुवे पड़हा राजा एवं हातु मुन्डाओं को कार्यकारिणी समिति में शामिल किया जाएगा। भावी रणनीति तथा कार्यक्रम के संदर्भ में निर्णय लिया गया कि आदिवासियों एवं मूलवासियों के संवैधानिक अधिकार तथा विशेष कानूनों एवं न्यायिक निर्णयों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक कर ठोस क्रियान्वयन को लेकर दबाव बनाया जाएगा। विशेषकर, जमीन और जंगल के सामुदायिक अधिकार पर हो रहे हमले का कड़ा प्रतिकार करना होगा। केन्द्रीय समिति की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में कार्यक्रम तय किया जाएगा। सम्मेलन का संचालन सुदर्शन भेंगरा ने किया तथा विजय गुड़िया, मसीहदास गुड़िया, अनिल विरेन कन्डुलना, रेजन गुड़िया, कुलन पतरस आईन्द, आशीष गुड़िया, बैजनाथ पाहन, फूलचंद टुटी, बेनेडिक्ट नवरंगी, बलका मुंडा, फूलजेम्स तोपनो एवं अबिसालोम सोय आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन का समापन झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरसा मुंडा द्वारा किया गया।

आदिवासी छात्र संघ ने करमचंद भगत की पुण्यतिथि मनाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो के परिसर में कॉलेज के संस्थापक व पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय करमचंद भगत का बुधवार को आदिवासी छात्र संघ के द्वारा पुण्यतिथि मनाया गया। जहां छात्र छात्रओं व शिक्षक ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर शिक्षक बिरसा उरांव ने कहा कि इस क्षेत्र के समाजसेवी,राजनीतिज्ञ एवं शिक्षाविद रहे स्व करमचंद भगत ने ग्रामीण क्षेत्र के गरीब छात्र छात्राओं के भविष्य को मध्य नजर रखते हुए जहां पूरे तत्कालीन बिहार राज्य में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय तथा बेड़ो में महाविद्यालय का स्थापना किया था। मौके पर मांडर कॉलेज आदिवासी छात्र संघ के पूर्व सचिव संदीप उरांव, पूर्व अध्यक्ष अनिल उरांव, संतोष उरांव, अमित उरांव अजीत बाड़ा, अंकित उरांव महादेव उरांव उरांव सहित कॉलेज के छात्र छात्राएं व कर्मी उपस्थित थे।

भाजपा महिला मोर्चा मंडल खलारी थाना प्रभारी के खिलाफ निष्पक्षता पूर्ण जांच की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : भाजपा महिला मोर्चा मंडल खलारी ने खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम के कार्यकाल में चल रहे तेल का खेल का (डीजल ईंधन) का भ्रष्टाचार पर निष्पक्षता पूर्ण जांच कराने की मांग किया. प्रभारी के विरुद्ध महिला मोर्चा के अध्यक्ष सरोजनी देवी ने खलारी अंचलाधिकारी व खलारी बीडीओ को मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, एचईसी एडमिन झारखंड के नाम पत्र सौंपा. पत्र के माध्यम से खलारी थाना के गाड़ियों पर डीजल में भ्रष्टाचार का खेल

खेला गया है.जिसकी जांच प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने बड़े ऊँचे स्तर पर उठाया था. जो कि अब थाना प्रभारी के खिलाफ जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है. इस संबध में पहले ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राँची को लिखित रूप से आवेदन दिया गया था. निवेदन पूर्वक जाँच को सात दिनों के अंदर कराने की करे अन्यथा विवश होकर आठवें दिन अनिश्चितकालीन धरणा करने का बाध्य होंगे.

सादगी के साथ मनाया गया शब-ए-बारात

प्रभात मंत्र संवाददाता

इटकी : इटकी और आसपास के गांव में शब-ए- बारात की रात इबादत व मगफिरत की दुआओं के साथ सादगी पूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मुस्लीम समुदाय के लोगों ने बड़े शौक व जौक के साथ मस्जिदों में इबादतों का एहतेमाम किया। देर रात स्थानीय कब्रिस्तानों में पहुंच कर

अपने-अपने पूर्वजों के कब्रगाहों की जियारत कर दरूद व फातिहा पढ़े गए। साथ ही उनके हक में मगफिरत की दुआ की गई। इसके पूर्व मस्जिदों में लोग सामूहिक रूप से अल्लाह की इबादत में शामिल हुए।मौके पर कलाम-ए-पाक की तिलावत और नफल नमाजें अदा की गई। इसके अलावा घरों में भी लोग इबादत में रात गुजारे। इस दौरान लोगों ने गुनाहों से तौबा की तथा समस्त मानव जाति के लिए अमन चैन व खुशहाली की सामूहिक रूप से दुआ की गई। इधर कुंदी गांव स्थित जमा मस्जिद में शब ए बारात के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मदरसा जामिया अजीजिया कुंदी के तीन तालिबे इल्म बच्चों को हाफिज ए कुरआन की उपाधी दी गई। उपाधी पाने वालों में मो फैज,मो साहिल व अनिसुर्रहमान के नाम शामिल हैं। इधर शबे बरात के बाद नन्ही के बि

च्चयों के द्वारा रोजा रखा गया. रोजे रखने में अतफ फिरदौस, सालेहीन परवीन, फलक परवीन शामिल है

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/24/2022-23

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 20.03.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 21.03.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 21.03.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

Sl.No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lalahe), Panchyat- Lalahe Under Block Medininagar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
2.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Vijniwar), Panchyat- Semarwar Under Block Hariharganj, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
3.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Budhuwa Muslim Tola), Panchyat - Barepur Under Block Hussainabad, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
4.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Sidaha Per), Panchyat- Benikala Under Block Hussainabad, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
5.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Sikanni), Panchyat- Dandila Under Block Hussainabad, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
6.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Arka-1), Panchyat- Arka Under Block Tarhasi, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
7.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Jamuniyadih), Panchyat- Goindi Under Block Tarhasi, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
8.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kasmar Paswan Tola), Panchyat - Kasmar Under Block Tarhasi, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
9.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Sagalim Semarkhar), Panchyat- Sagalim Under Block Panki, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
10.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Charaye), Panchyat- Charaye Under Block Chhattarpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
11.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Padma Masjid Tola), Panchyat - Padma Under Block Manatu, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
12.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Rambandh-1), Panchyat- Rambandh Under Block Mohamadganj, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
13.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ranadih), Panchyat- Pansa Under Block Mohamadganj, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
14.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Haid Fuldiha), Panchyat- Goradih Under Block Mohamadganj, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
15.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Viradhwar), Panchyat- Kulhuwa Sonbarsa Under Block Mohamadganj, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
16.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Poto Bhajania), Panchyat- Bhajania Under Block Mohamadganj, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
17.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kamgarpur), Panchyat- Uprikala Under Block Hussainabad, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
18.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Jujhar Sikni), Panchyat- Patrakhurd Under Block Hussainabad, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
19.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tarhasi Purwi), Panchyat-Tarhsi Under Block Tarhsi, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
20.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Sakaldipa), Panchyat- Sakaldipa Under Block Panki, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
21.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bankheta), Panchyat- Panki Paschmi Under Block Panki, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
22.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Karkata-2), Panchyat- Karkata Under Block Naudiha Bazar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
23.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Khapiya-2), Panchyat- Awson Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
24.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ayodhaya Koluhuwa), Panchyat- Babhandi Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
25.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bori-4), Panchyat- Bori Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
26.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Karso-1), Panchyat- Karso Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
27.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Banduwa-3), Panchyat- Banduwa Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
28.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bharganwa), Panchyat - Bharganwa Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
29.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ajlatuwa), Panchyat- Kankari Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
30.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lokeya), Panchyat- Majhiganwa Under Block Chainpur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
31.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Nawakhar), Panchyat- Babhandi Under Block Haidarnagar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
32.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kabra Khurd), Panchyat- Parta Under Block Haidarnargar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
33.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Booka), Panchyat- Kaswakhar Under Block Patan, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
34.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Dhangardiha), Panchyat - Pachkeriya Under Block Patan, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
35.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Chhechauri-3), Panchyat- Chhechauri Under Block Pandwa, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
36.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Semri-1), Panchyat- Semri Under Block Patan, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
37.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Jharha Khurd), Panchyat- Bhandar Under Block Bishrampur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
38.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Nimiya), Panchyat- Guri Under Block Bishrampur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
39.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lalgarh-3), Panchyat- Lalgarh Under Block Bishrampur, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
40.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tisibar Kala-3), Panchyat- Tisibar Kala Under Block Pandu, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
41.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Birja), Panchyat- Joga Under Block Untari Road, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
42.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Devdar-2), Panchyat- Karkata Under Block Untari Road, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
43.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Basna-2), Panchyat- Basna Under Block Nawabazar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
44.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Itko-1), Panchyat- Itko Under Block Nawabazar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
45.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Aadhi Tola Guriyahi), Panchyat- Baralota Utri Under Block Medininagar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
46.	Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Pachmo), Panchyat- Haratuwa Under Block Nilambar Pitambar, Palamu.	1656200.00	33500.00	5000.00	03 Months
47.	Paver Laing, Drain, Soak Pit and Septic Tank in B.C Girls Hostel Palamu Club (At Present JNV Daltonganj Continued) at Daltonganganj Palamu	6,83,000.00	14000.00	1250.00	01 Months
48.	Construction of Barrack and Kitchen in Anti Corruption Bureau Divisional Office, Palamu at Daltonganj.	2498400.00	50000.00	5000.00	03 Months
49.	E/R of the View Blocker Sheeting in D.C Residence Boundary Campus, Palamu, at Daltonganj.	2457700.00	50000.00	5000.00	02 Months
50.	Renovation of the F Block Quarters (F-03 and F 06) and Wooden wall Cabinet in ADJ Quarters In Judicial Colony at Daltonganj, Palamu.	2370600.00	47500.00	5000.00	02 Months

नोटः– **1.** *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0 / विविध–06–33 / 2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security* उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 292148 (Building) 22-23 (D)

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च 2023 | पेज 5

स्कोडा ऑटो इंडिया ने की स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट सीज़न 2 की घोषणा

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): स्कोडा ऑटो इंडिया ने आज स्कोडा सिंगल विकेट (एसएसडब्ल्यू) टूर्नामेंट के दूसरे सीज़न की घोषणा की है। पूरे देश में 59 शहरों और 32,000 से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवर करने के उद्देश्य के साथ एसएसडब्ल्यू सीज़न 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्क ने कहा, स्कोडा ऑटो इंडिया में, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशा हमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है और लोगों से जुड़ाव बनाया जाता है। प्रतियोगिता और कौशल के अलावा खेल का मतलब मानवीय भावनाओं का उत्सव मनाना भी है। स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट ने इस सीज़न में लड़कियों के लिए अंडर-16 कैटेगरी की नई शुरूआत की है। इस टूर्नामेंट में 59 शहरों से क्रिकेट खेलने वाली सर्वोत्तम लड़कियों को चुना जाएगा। सभी कैटेगरीज के लिए शहरों में होने वाले ट्रायल्स और फाइनल्स इस साल अप्रैल और मई के महीनों में आयोजित किए जाएंगे और कुल 180 लड़के (अंडर-12 और अंडर-16) और लड़कियाँ (अंडर-16) मुंबई में मई में नेशनल फाइनल खेलेंगे। माइक्रोसाइट पर टूर्नामेंट के लिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन की शुरुआत हो गया है। आज से प्रतिभागी अपने निकटतम एसएसडब्ल्यू शहर में सिटी ट्रायल्स में अपना पंजीकरण करवाने के लिए www.singlewicket.co.in वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली, खूब उड़े रंग व गुलाल

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को विभिन्न प्रकार के रंगों से रंगकर व गले मिलकर होली की बधाई देते हुए उनके जीवन को रंगीन बनाने की कामना की गई। इस पर्व के मौके पर बच्चो, युवाओं व महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। आपसी भेदभाव भुलाकर सभी एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली के सरोबार में डूबे रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर विशेष उत्साह देखा गया। इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासनिक स्तर पर भी व्यापक व्यवस्था की गई थी। विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। इस दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

परसुडीह में मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): परसुडीह के मारवाड़ी समाज के लोगों द्धारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और बधाई दी। श्री श्याम भक्त मंडल परसुडीह के नेतृत्व में हलुदबनी रोड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसे सफल बनाने में रतन अग्रवाल, बिजय अग्रवाल बिजु, अखिलेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रोहित अग्रवाल बबलु, विनीत अग्रवाल, राजू अग्रवाल, वैभव बंटी अग्रवाल, अनुराग शर्मा, नवीन अग्रवाल बंटी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जुस्को स्कूल कदमा में लगा 115 किलोवाट का सोलर पैनल

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को जुस्को स्कूल कदमा स्कूल परिसर में सोलर पैनल का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी सह जेम फाउंडेशन के चेयरमैन ऋतु राज सिन्हा और जेम फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी रुचि नरेंद्रन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ऋतु राज सिन्हा ने कहा कि स्कूल में 115 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया गया है। इससे जुस्को स्कूल कदमा ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बन जायेगा। मौके पर जेम फाउंडेशन के एडमिनिस्ट्रेटर एएफ मेडॉन, सीनियर मैनेजर जीजू थॉमस, जेएसके प्रिंसिपल झुमझुमी नंदी, जेएसएसपी प्रिंसिपल मिलि सिन्हा, वाइस प्रिंसिपल अनिंदिता रॉय, सीमा तिवारी के अलावा टाटा स्टील यूआइएसएल के अधिकारी कमर अली, वीपी सिंह, देवाशीष, सुमन आदि मौजूद थे।

बंग उत्सव को सफल बनाने को लेकर पटमदा के राखडीह स्कूल में हुई बैठक

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा के राखडीह प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को गिरिजा प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में स्थानीय बुद्धिजीवी व बांग्ला भाषा प्रेमियों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस दौरान आगामी 19 मार्च को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित बंग उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। आगामी 14 मार्च को पटमदा प्रखंड सभागार में आयोजित ग्राम प्रधान संघ की बैठक में इसकी तैयारी हेतु चर्चा की जाएगी ताकि पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। साथ ही निर्णय हुआ कि पंचायत स्तर पर संगठन तैयार करते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रो. पंचानन दास, डॉ मदन सरकार, भीष्मनाथ महतो, शरत सिंह सरदार, प्रबोध कुमार महतो, आदि मौजूद थे।

हथियाडीह फुटबॉल मैदान एक कंपनी को दिए जाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड एक स्थित हथियाडीह फुटबॉल मैदान को जियाडा द्वारा एक कंपनी को आबंटित किए जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर उक्त मैदान से जुटे हथियाडीह, आसंगी, भाटिया, भुरकाडीह, आनंदपुर आदि पांच मौजा के लोगों ने पार्षद अभिजीत महतो, भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सरदार व समाजसेवी संतोष दास के नेतृत्व में मैदान में प्रदर्शन कर आबंटन का विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जियाडा के खिलाफ नारेबाजी कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। इस दौरान रामाकांत महतो, सोनिया मुर्मू, समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समितियों ने किए कई कार्यक्रम आयोजित

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र के कई महिला समितियों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बड़ा गम्हरिया के ऊपरपाड़ा स्थित चैतन्य मंदिर में महिला समिति के सदस्यों ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान समिति की महिलाओं ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष रोहिणी दास, नमिता दास, सोमनाथ दास, काली दास, कपासी पाल, उषा देवी, कल्पना दास, सीमा दास, उमा दास, नीतू पाल, सागरी दास, पूर्णिमा पाल समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थी। सत्पथी महिला समिति की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित सामुदायिक भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अध्यक्ष निशा सिंह के नेतृत्व में केक काटा गया। इस मौके पर महिला सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली व महिला दिवस की बधाई दी। इस मौके पर श्वेता सिंह, बबिता देवी, सुनैना देवी, अंजू देवी, सुनीता दास, रंभा देवी, संगीता सत्पथी समेत कई सदस्य उपस्थित थी। वही, इस मौके पर राजद की ओर से शिवनगर महिला जीविकोपार्जन समिति के संयोजक मंजु राय, रानी ईश्वर व उषा झा पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता मुकेश झा, अर्जुन राय, सुग्रीव सिंह, दीपक गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने पदाधिकारियों संग की बैठक, 147 मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात

बिना आईडी कार्ड परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पर रोक : उपायुक्त

10वीं में 26237 तथा 12वीं में 24702 परीक्षार्थी इस वर्ष परीक्षा में होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा को लेकर पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय सभागार में बैठक कर परीक्षा के सफल संचालन को लेकर पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए । 10वीं की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रहा जो 03 अप्रैल तक चलेगा वहीं इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होकर 05 अप्रैल तक चलेगा। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर 46 जोनल दण्डाधिकारी व 101 स्टैटिक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है । सभी परीक्षा केन्द्रों में विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर दण्डाधिकारी के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी । डीईओ ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी । उपायुक्त ने भी जैक (जैक बोर्ड) द्वारा जारी निर्देशों का शत प्रतिशत

अनुपालन करने की बात कही । धालभूम अनुमंडल में 10वीं बोर्ड के लिए 47 परीक्षा केन्द्र तथा इंटर के लिए 19 वहीं घाटशिला अनुमंडल में 10वीं के लिए 25 तथा इंटर के लिए 10 परीक्षा केन्द्र होंगे । पहली पाली में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक 10वीं की परीक्षा तथा दूसरी पाली में दोपहर 02:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक इंटर की परीक्षा आयोजित होगी। इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले से 26237 परीक्षार्थी तथा 12वीं में 24702 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं । उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों से कहा कि किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए । औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के लिए नियुक्त स्टेटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन कराएंगे । परीक्षा केंद्रों में कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों का आईडी कार्ड होना जरूरी है । किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश परीक्षा केंद्रों पर न हो, अगर ऐसा होता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी । साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों में पेयजल की उपलब्धता, ओआरएस घोल रखने का निर्देश दिया गया । किसी परीक्षा केन्द्र में बेंच डेस्क, शौचालय, बिजली, पेयजल आदि की समस्या हो तो तत्काल संबंधित बीईईओ से संपर्क कर दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी (ग्रामीण) मुकेश लुणायत, एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, एसडीओ घाटशिला सत्यवीर रजक, डीईओ निर्मला बरेलिया, डीपीआरओ रोहित कुमार, डीएसई निशु कुमारी, सभी बीडीओ एवं सीओ, एसडीओ (शिक्षा) आशीष पांडेय तथा धालभूम अनुमंडल के केन्द्राधीक्षक मौजूद रहे ।

श्रीलेदर्स बिष्टुपुर शोरुम में महिलाओं ने विश्व महिला दिवस पर काटा केक

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं की अनूठी ताकत का जश्न मनाया जाता है जो पूरे मानव अस्तित्व में मिलना मुश्किल है। यह एक वैश्विक दिवस है और दुनिया के अधिकांश हिस्सों में महिलाओं की अभूतपूर्व उपलब्धियों का सचेत संज्ञान लेने के लिए मनाया जाता है, भले ही वे समाज के किसी भी वर्ग से हों। इसी क्रम में बुधवार को विश्व मान वाजिब दाम के नाम से अपनी पहचान बना चुकी देश की प्रतिष्ठित लेदर कंपनी श्रीलेदर्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। के रोड बिष्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स के नव निर्मित शोरूम में महिला कर्मचारियो ने केक काटकर महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर श्रीलेदर्स शोरूम की एचआर प्रियदर्शिनी, अनीता, सिंड्रेला, प्रियंका, मनीषा, अंजली, पल्लवी, देविका, दीशा, रिया, ममता, सरोन हांसदा, गुडिया आदि महिला कर्मचारियों ने केक काटा और एक दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

10वीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित

पटमदा : पटमदा के चौरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को एक समारोह आयोजित कर वर्ष 2023 की माध्यमिक परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। प्रधानाध्यापक डॉ समीर कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में कुल 81 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हो रहे हैं। मौके पर शिक्षक गोवर्धन महतो, नीतीश चंद्रवंशी, निर्मल चंद्र महतो, काजल साहा एवं संतोष कुमार सिंह ने भी अपनी शुभकामनाएं दी।

महिला मंडल समूह ने मनाई अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को चांडिल प्रखंड के मध्य भाग आसनबनी पंचायत स्थित टुइलुंग सखी भवन में जेएसएलपीएस महिला मंडल समूहों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की उद्घाटन चांडिल प्रखंड के प्रमुख अमला मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रमुख ने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। गांव इलाकों में भी महिला मंडल समूह की सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने में महिलाओं की भूमिका अहम रही हैं। कार्यक्रम के महिला मंडल समूह की दीदियों उपस्थित अतिथियों ने एक दुसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर चिल्गु क्लस्टर की अध्यक्ष सुष्मिता देवी, सचिव पिंकी ओरांव, रेखा सिंह, सुनता ओरांव, पूर्णिमा सिंह, बिनपनी महतो, जोत्सना बाला महतो उपस्थित थीं।

पटमदा में शांतिपूर्वक होली संपन्न, अबीर गुलाल लगा एक दूसरे को दी बधाई

होली में बर्ड फ्लू का असर ब्रायलर मुर्गी पर, देशी मुर्गी, बत्तख व मटन पर रहा जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : रंगों का पावन त्योहार होली बुधवार को पटमदा, कमलपुर व बोड़ाम थाना क्षेत्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। रात करीब आठ बजे तक क्षेत्र में कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। हालांकि युवाओं की टोली विभिन्न चौक-चौराहों पर शराब के नशे में हुड़दंग करते नजर आए। पटमदा थाना क्षेत्र के बिड़रा गांव में कुछ युवकों द्वारा बाइक में घूम-घूम कर हुड़दंग करते हुए लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत स्थानीय मुखिया से की गई और मामले में जरूरी कार्रवाई की मांग की गई। जबकि अन्य गांवों में देर शाम तक लोगों ने एक-दूसरे को रंग एवं अबीर गुलाल लगाते हुए बधाई दी। बुद्धिजीवी मंच पटमदा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेलटांड़ चौक पर सैकड़ों लोगों के बीच जलेबी का वितरण किया गया।

मौके पर मंच के सचिव कल्याण कुमार गोराई, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मंडल, प्रदीप पैड़ा, मुरारी कुमार, तापस हालदार, धरनीधर महतो, राजशेखर महतो, सुमित कुमार दास, राकेश अग्रवाल व आदित्य हालदार आदि मौजूद थे। दूसरी ओर पटमदा के बेलटांड़ बाजार में मांसाहार बाजार सुबह 7 बजे से 11 बजे तक खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई। यहां खासकर खस्सी मीट के लिए लोगों को लंबी लाइन लगानी पड़ी। जबकि बत्तख व देशी मुर्गी एवं मछली दुकानों में भी ग्राहक नजर आए। हालांकि सस्ती होने के बावजूद बर्ड फ्लू की आशंका पर लोगों ने ब्रायलर मुर्गी से दूरी बनाई इसलिए अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष बिक्री काफी कम हुई। यहां बत्तख की कीमत 300 से 450 रुपए प्रति जबकि खस्सी मीट 800 रुपये किलो एवं देशी मुर्गी की कीमत 450रुपये किलो (जिंदा) रही।

जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरु हुआ लाइफ सेविंग कोर्स

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लाइफ सेविंग कोर्स की शुरुआत की। यह कोर्स 14 मार्च तक चलेगा। इसमें कुल 25 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं, जिसमें जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्विमिंग पूल के लाइफ गार्ड, टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के कैडेट, खेल विभाग के एथलेटिक प्रशिक्षु, बेल्डीह क्लब के कर्मचारी और रांची के प्रतिभागी भी शामिल हैं। टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) एंड स्पोर्ट्स के चेयरमैन मुकुल विनायक चौधरी उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर हेमंत गुप्ता, हेड, स्पोर्ट्स और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन भी उपस्थित थे और उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। गोपाल नस्कर कोर्स कोऑर्डिनेटर हैं। यह कोर्स आखिरी बार कोविड से दो साल पहले आयोजित किया गया था।

टेल्को लोयोला स्कूल के एकाउंटेंट पर धोखाधड़ी का आरोप, बिरसानगर थाने में मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर के लोयोला स्कूल (टेल्को) के एकाउंटेंट फादर जेराल्ड रवि डिसूजा के खिलाफ 76.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला बिरसानगर थाने में दर्ज हुआ है। एस एस एस इंटरप्राईजेज के मालिक के वेणु गोपाल ने यह मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज होने के बाद बिरसानगर पुलिस इसकी जांच कर रही है। घटना के संबंध में के वेणुगोपाल के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया कि वेणु गोपाल वर्ष 2014 से लोयोला स्कूल में निर्माण कार्य से जुड़े रहे हैं। पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई थी। लेकिन पिछले कुछ समय से उनके साथ गलत हो

रहा है। प्राथमिकी के मुताबिक, हुरलुंग लोयोला में पिछले वर्ष जुलाई में कुछ निर्माण कार्य करने के बाद वेणुगोपाल ने 53.30 लाख का बिल दिया जिसका भुगतान नहीं किया गया। एकाउंटेंट की तरफ से कहा गया कि काली ईंट की जगह लाल ईंट लगानी होगी। प्राथमिकी में लिखा है कि वेणुगोपाल ने काली ईंट हटाकर लाल ईंट लगाई जिससे 18 लाख का उन्हें नुकसान हो गया। बावजूद इसके भुगतान की बारी आने पर उन्हें सिर्फ 14 लाख 39 हजार की दिए गए । बकाया 38 लाख का भुगतान नहीं किया गया। इतना ही नहीं लोयोला स्कूल के कैंपस में वेणुगोपाल ने अपना एक गोदाम बनाया था जिसमें 20 लाख का सामान रखा था। वेणुगोपाल का आरोप है कि उस गोदाम को भी हड़प कर काम के लिए दूसरे ठेकेदार को रख लिया गया है। इस प्रकरण से 2022-23 के बीच वेणुगोपाल को कुल 76.90 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। वेणुगोपाल ने बिरसानगर पुलिस से लोयोला स्कूल के लेखापाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

राजस्थानी लोक गीत व नृत्य नाटिका ने सबको होली के रंग में कर दिया सराबोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा द्धारा बुधवार को होली धूमधाम से मनाया गया। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक साकची धालभूम क्लब मैदान में एक-दूसरे पर रंग डालकर सामूहिक रूप से होली मनायी गयी। शाम 6.30 बजे से रात 10 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होलिकोत्सव (रंगीलो फागन) का आयोजन किया गया, जिसमें 2500 से अधिक मारवाड़ी समाज के लोग जुटे और अबीर गुलाल, ठंढई व मिठाइयां के साथ लजीज व्यंजन का आनन्द उठाया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं समाज के गणमान्य लोगों द्धारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

राजस्थानी वेश-भूषा में आये लोगों एवं राजस्थानी गीत-संगीत के कारण पूरा माहौल राजस्थानी रंग में रंगा हुआ था। होलिकोत्सव कार्यक्रम में आज मारवाड़ी समाज के सदस्यों ने राधा कृष्ण के संग जमकर फूलों की खेली होली। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोलकात्ता से आये भास्कर ग्रुप के कलाकारों द्धारा लोक गीत व नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को होली के रंग में सराबोर कर दिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्थानीय भजन गायक संतोष-सूरज ने राजस्थानी संस्कृतिक पर होली के गीत-संगीत एवं नृत्य (घूमर, कालबेलिया, राजस्थानी फोक सोंग्स) आदि गीतों की प्रस्तुति देकर पूरा माहौल को राजस्थानी बना दिया।

वृंदावन की तर्ज पर जुगसलाई में मनाई गई फूलों की होली

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सामाजिक संस्था मानव कल्याण सेवा समिति जुगसलाई की ओर से पर्यावरण सुरक्षा और जल संरक्षण के उदेश्य से बुधवार की सुबह मारवाड़ी समाज द्धारा जुगसलाई में वृंदावन की तर्ज पर होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें शामिल सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूषों ने नाचते-गाते जमकर झूमते हुए अबीर-गुलाल के अलावा फूलों से होली खेली और सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। इसके लिए बंगाल से 500 किलो फूल मंगवाए गये थे। इस अवसर पर

श्री राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी रथ पर निकाली गयी। जुगसलाई रामटेकरी मंदिर से निकली होली की टोली में सबसे आगे छऊ नृत्य करते हुए सरायकेला के कलाकार चल रहे थे। जो जुगसलाई के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए मारवाड़ी पाड़ा रोड़ पुराना पोस्ट ऑफिस के पास संपन्न हुआ। जुगसलाई मेन रोड़ में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमे आयुष सरायवाला की टीम मटकी फोड़ने में सफल रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानव कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज गोयल, सचिव अजय सरायवाला, कोषाध्यक्ष संजय कुमार गर्ग, अशोक गोयल, सुशील मित्तल, विवेक पुरिया, संजू अग्रवाल, अमित रूंगटा, विनोद सरायवाला, देवानंद अग्रवाल, दिलीप कांवटिया, दिनेश काजरिया, गोपाल अग्रवाल, निकेश चौधरी, प्रभात अग्रवाल, राजकुमार सारस्वत, राजीव केडिया, संतोष छापोलिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दिघी भूला उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटर के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : मंगलवार को प्लस 2 दिघी भूला उच्च विद्यालय में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इस दौरान वर्ग 9वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सभी विद्यार्थियों को एक-एक कलम देकर एवं विदाई गाना गाकर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे। बारियादा निवासी युवा समाजसेवी बृंदावन महतो ने बताया पिछले वर्ष इस स्कूल से मनोज कुमार महतो ने 12वीं के कला विषय में 442 अंक लाकर पूर्वी सिंहभूम जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। सभी शिक्षकों ने इस वर्ष भी अपने विद्यालय से अच्छा रिजल्ट होने की आशा व्यक्त की। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र मुर्मू, सदस्य रेबती गोप, हीरक चंद्र प्रमाणिक शिक्षिकाएं मधु, चित्रा महंती, शिक्षक निवारण महतो, संजीव कुमार, अचल पोद्दार, एमडी ताजुद्दीन, चूड़ामोनी कुमार आदि थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

विदेशी मंच पर राहुल

आखिर कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी का एजेंडा क्या है? वह भारतीय राजनीति में कौन-सा वृत्तांत तय करने पर आमादा हैं? माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी से उनकी निजी खुन्नस है, लेकिन भारत देश के सम्मान और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा का सरोकार तो उनका भी होगा! राहुल बहरीन, मलेशिया, सिंगापुर और बार-बार ब्रिटेन के विदेशी मंचों से गलत तथ्य क्यों पेश करते रहे हैं? क्या यह देश-विरोध नहीं है? इन भाषणों का सारांश ऐसा है, जो वह संसद में और संसद के बाहर पहले ही बोल चुके हैं। उनका यह आरोप भी गलत है कि विपक्षी सरकार के खिलाफ कुछ बोलते हैं, तो उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। राहुल संसद के भीतर भी बोलते हैं और संसद के परिसर में भी खूब बयानबाजी करते रहे हैं। यह दीगर है कि वह 'असंसदीय' भी बोलते रहे हैं, लिहाजा वे हिस्से रिकॉर्ड से बाहर कर दिए जाते हैं। विदेशी मंचों से भारत की छवि पर कालिख पोतने की कोशिश की जा सकती है, लेकिन राहुल गांधी भी भारतीय नागरिक और निर्वाचित सांसद हैं। पेगासस जासूसी प्रकरण पर कांग्रेस संसद की कार्यवाही बाधित करती रही है। इस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत का अंतिम फैसला अभी आना है। हालांकि अदालत एक रपट के जरिए आंशिक फैसला दे चुकी है कि राहुल के फोन की जासूसी या टैपिंग नहीं की गई है। फिर भी कैमब्रिज यूनिवर्सिटी के मंच से, एक प्रोफेसर के प्रारूप में, उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी नेताओं के फोन की जासूसी, एक इजरायली स्पाईवेयर के जरिए, कराई जा रही है। भारत सरकार बताने को तैयार नहीं है कि उसने पेगासस की खरीद की अथवा नहीं। राहुल के परंपरागत आरोप रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। संसद, मीडिया और न्यायपालिका दबाव में काम कर रहे हैं। बहरहाल राहुल गांधी खुद से ही पूछें कि भारत में वह और उनकी पार्टी जो राजनीति कर रहे हैं, चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं, क्या ऐसा करना किसी तानाशाही शासन में संभव है? राहुल ने चीन की प्रशंसा करते हुए उसे 'सद्भाव में विश्वास रखने वाला' और शांतिप्रिय देश बताया है। पड़ोसी देशों के भू-भाग को हड़पने वाला, कब्जेबाज, अपने ही देश के हजारों छात्रों का नरसंहार करने वाला, दुनिया को कोरोना वायरस की महामारी देने वाला, देशों को कजर्.के जाल में फंसा कर बंधक बनाने वाला देश चीन क्या 'शांतिप्रिय' हो सकता है? देश के रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडीज और मुलायम सिंह यादव सरीखे दिग्गज नेताओं ने चीन को भारत का 'दुश्मन नंबर वन' देश करार दिया था। आखिर राहुल गांधी ने कौन-सा नया कूटनीतिक शोध किया है? दरअसल यह देश बखूबी जानता है कि किसके शासन-काल के दौरान चीन ने हमारी करीब 40,000 वर्ग किलोमीटर बेशकीमती ज़मीन कब्जाई थी? बेशक नियंत्रण-रेखा के आसपास अतिक्रमण होते रहे हैं और हमारे जांबाज सैनिकों ने चीनियों की हड्डियां तोड़ कर उन्हें खदेड़ा है। राहुल गांधी या कांग्रेस के चीन के प्रति अपने पूर्वाग्रह हो सकते हैं, उनके आपसी समझौते भी हो सकते हैं, लेकिन चीन पूरी तरह एक तानाशाह किस्म का विस्तारवादी देश है। हमें यह भी समझ नहीं आया कि कांग्रेस नेता 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर श्रीनगर के 'लाल चौक' पर तिरंगा फहरा कर गदगद थे, लेकिन कैमब्रिज यूनिवर्सिटी में कश्मीर को उग्रवाद से प्रभावित 'हिंसक राज्य' करार दिया। राहुल ने विदेशी ज़मीन पर, अपने ही देश के खिलाफ, गलतबयानी की है। यह देश कैसे स्वीकार कर सकता है।

> राहुल के परंपरागत आरोप रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। संसद, मीडिया और न्यायपालिका दबाव में काम कर रहे हैं। बहरहाल राहुल गांधी खुद से ही पूछें कि भारत में वह और उनकी पार्टी जो राजनीति कर रहे हैं, चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं, क्या ऐसा करना किसी तानाशाही शासन में संभव है? राहुल ने चीन की प्रशंसा करते हुए उसे 'सद्भाव में विश्वास रखने वाला' और शांतिप्रिय देश बताया है। पड़ोसी देशों के भू-भाग को हड़पने वाला, कब्जेबाज, अपने ही देश के हजारों छात्रों का नरसंहार करने वाला, दुनिया को कोरोना वायरस की महामारी देने वाला, देशों को कजर्.के जाल में फंसा कर बंधक बनाने वाला देश चीन क्या 'शांतिप्रिय' हो सकता है? देश के रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडीज और मुलायम सिंह यादव सरीखे दिग्गज नेताओं ने चीन को भारत का 'दुश्मन नंबर वन' देश करार दिया था। आखिर राहुल गांधी ने कौन-सा नया कूटनीतिक शोध किया है? दरअसल यह देश बखूबी जानता है कि किसके शासन-काल के दौरान चीन ने हमारी करीब 40,000 वर्ग किलोमीटर बेशकीमती ज़मीन कब्जाई थी? बेशक नियंत्रण-रेखा के आसपास अतिक्रमण होते रहे हैं और हमारे जांबाज सैनिकों ने चीनियों की हड्डियां तोड़ कर उन्हें खदेड़ा है।

कुछ अलग

कर अदायगी का शहरी अदब

वर्षों गुजरने के बाद हिमाचल को अब शहरीकरण की व्यवस्था में लोकतांत्रिक जरूरतें तथा जनभागिता में शहरी निकायों में पैदा होता अर्थतंत्र दिखाई दे रहा है। यह इसलिए भी कि शिमला नगर निगम क्षेत्र के बाहर सात वर्ष पूर्व धर्मशाला नगर निगम का अस्तित्व नजर आया और फिर जयराम सरकार ने सोलन, मंडी के साथ-साथ पालमपुर के दायरे में शहरीकरण की सीमा में नए निगम जोड़ दिए। इसी कड़ी में बीबीएन, हमीरपुर व ऊना की परिधि में शहरीकरण के संबोधन अब नए नगर निगमों की रूपरेखा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से निवेदन कर चुके हैं। जाहिर है शहरी निकायों की रूपरेखा में हिमाचली विकास के नए आयाम और आर्थिक गतिविधियों में रोजगार के पैगाम भी पल्लवित होंगे, लेकिन सवाल शहरों को आत्मनिर्भर बनाने का है और इसके लिए आय के संसाधनों के रूप में जनता से माकूल कर अदायगी चाहिए। शहरी साधन, सुविधाएं, सेवाएं और संकल्प एक तरफ व्यय के मुकम्मल स्रोत मांगते हैं, तो दूसरी तरफ जनता से नए करों की उगाही का बंदोबस्त करना चाहेंगे। यही तकाजा पिछले कुछ सालों से राजनीतिक रस्साकशी में फंसा है, लेकिन अब न केवल नगर निगम, बल्कि 56 शहरी निकायों की आय में संपत्ति कर जोडने की नई व्यवस्था कायम करने का प्रस्ताव है। शिमला की तर्ज पर यूनिट एरिया मैथड से संपत्ति कर सर्वप्रथम चार अन्य नगर निगमों में अमल में लाया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत शहर खुद में अलग-अलग जोन के हिसाब से कर को परिभाषित करेगा। यानी शहर की अहमियत, इमारतों के जीवन चक्र व मड्ड एरिया में जन सुविधाओं का हिसाब तय करेगा कि किससे कितना संपत्ति कर वसूला जाए। टैक्स के क्षेत्र में उतरे बिना शहरों का उद्धार नहीं हो सकता, लेकिन राजनीति के मुलायम इरादों ने हिमाचली जनता के हाथ बांध रखे हैं। जाहिर तौर पर परजीवी बनकर नागरिक अपने परिवेश की दिशा नहीं सुधार सकते, इसलिए आने वाले समय में कर अदायगी की सहजता से न केवल शहरों की क्षमता में सुधार आएगा, बल्कि प्रादेशिक दृष्टि में आत्मनिर्भरता का नया आधार भी विकसित हो पाएगा। जिस प्रदेश में डेढ़ सौ यूनिट फ्री बिजली से शुरू हुआ कारवां तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली का इंतजार कर रहा हो, वहां कर अदायगी की सर्वमान्य तहजीब विकसित करना आसान नहीं। जहां सफाई जैसे विषय को लेकर भी मात्र पचास रुपया प्रति महीना अदा करने से नागरिक कतराते हों, वहां नगर निकायों को कर वसूलने के लिए बहुत श्रम व संयम दिखाना पड़ेगा। ऐसे में एक सरल व सहज तरीका जीवन शैली की जरूरतों की आपूर्ति में सरकारी सेवाओं के साथ जोड़ा जा सकता है। यानी बिजली का मीटर और पानी की सामान्य दरों के साथ हर महीने नगर निकायों की शुल्क वसूली जोड़ी जा सकती है। नागरिक जरूरतों से नगर निकायों की जिम्मेदारी का फलक तभी ऊंचा होगा, अगर शहरी विकास योजनाओं के तहत नागरिक सुविधाओं का स्तर भी ऊंचा होगा। इसके लिए हर नगर निकाय को आय बढ़ाने के स्रोत और आत्मनिर्भर होने के रास्ते खोजने होंगे। सर्वप्रथम शहरी प्रबंधन से शहरी सुशासन तक पहुंचने के लिए आत्म-विश्लेषण, अतीत की गलतियों के सबक और भविष्य के लक्ष्य स्पष्ट करने होंगे। विडंबना यह है कि पिछले चार दशकों से शहरीकरण की उपेक्षा ने ऐसी जनसंख्या बढ़ा दी जो बिना किसी शहरी अदब के अंधाधंध निर्माण के निजी स्वार्थ के सिंहासन पर विराजित है। शहरी माफिया उन तमाम भवनों पर विराजित है, जो शहरी संपत्तियों के हिसाब से नगर निकायों की आमदनी बढ़ा सकता है। आम नागरिक से संपत्ति कर वसूलने के साथ शहरी निकायों की संपत्तियां या तो खाली कराई जाएं या मार्किट वैल्यू पर किराया वसूली की जाए। विडंबना यह भी है कि शहरी निकायों की आय-व्यय का हिसाब केवल पार्षदों की सियासत को वरीयता दे रहा है, जबकि शहर का धन नागरिक समाज की मंजूरी के बिना व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।

भारत का ऑपरेशन दोस्त दिल और मन, दोनों जीत रहा है

लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. सुब्रत साहा

रिक्टर पैमाने पर 7.8 और 7.5 की तीव्रता वाले दो बड़े भूकंपों ने दक्षिणी तुर्की और उत्तरी सीरिया को गंभीर रूप से प्रभावित किया। ऐसा प्रतीत होता है कि अरब टेक्टोनिक प्लेट, अनातोलियन प्लेट के साथ घर्षण करते हुए उत्तर की ओर बढ़ गई है। पहला भूकंप, 6 फरवरी को स्थानीय समय के अनुसार 04:17 बजे (6:47 पूर्वाह्न, आईएसटी) गजियांटेप शहर के पास आया। दूसरा भूकंप पहले भूकंप के तीव्र झटके से शुरू हुआ और यह 12 घंटे के बाद आया, जिसका केंद्र कहरामनमारस के एलबिस्तान जिले के उत्तर में स्थित था। भूकंपों ने हजारों लोगों की जान ले ली और बड़े पैमाने पर तबाही मचाई। कई दिनों के बाद भी पूरे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए जाते रहे। भारत के मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशन का कोड नाम, ऑपरेशन दोस्त (तुर्किये) था, जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के खोज व बचाव दल और भारत की 50 इंडिपेंडेंट पैराशूट ब्रिगेड के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल शामिल थे। 60 पैराशूट फील्ड (जिसे पहले एम्बुलेंस कहा जाता था) ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 1950-53 के कोरियाई युद्ध में बहुत ख्याति अर्जित की थी।भारत की अंतर्राष्ट्रीय संकट प्रबंधन संरचना ने बहुत तेजी से काम किया, क्योंकि भूकंप के कुछ घंटों के भीतर, सेना मुख्यालय से 60 पैरा फील्ड अस्पताल को 11 पूर्वाह्न आईएसटी तक मिशन के लिए तैयार होने के आदेश प्राप्त हुए। 60 पैरा फील्ड अस्पताल ने तत्परता से जवाब दिया - चिकित्सा विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ, मैक्सिलोफेशियल सर्जन, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिक्स और एनडीआरएफ टीमों के 99 कर्मियों सहित चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और आपदा राहत उपकरणों को भारतीय वायु सेना द्वारा हिंडन एयरबेस से हवाई मार्ग से पहुंचाया गया। 8 फरवरी को तुर्किये पहुंचने के तीन घंटे के भीतर, हटे के इस्केंडरन में फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया, जो तुर्किये में सबसे गंभीर रूप से प्रभावित प्रांतों में से एक था और एनडीआरएफ की टीमों ने गाजियांटेप में जमीनी स्तर पर बचाव व राहत अभियान शुरू किए।लोकप्रिय रूप से इंडिस्तानी सहारा हस्तनेसी कहे जाने वाले भारतीय फील्ड अस्पताल ने 12 दिनों की अवधि में 3604 घायलों का इलाज किया, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल की, फ्रैक्चर ठीक किया, दंत चिकित्सा की तथा बड़े ऑपरेशन किए। 100 से अधिक घायलों को भर्ती किए जाने की आवश्यकता थी। चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपकरणों की त्वरित पुनःपूर्ति के साथ, भारत से आ रहे आर्थोपेडिक उपकरणों के साथ गति को बनाए रखा गया।संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ-साथ देश के अशांत क्षेत्रों में जन-केंद्रित अभियानों का संचालन करने के भारतीय सेना के वर्षों के अनुभव ने निश्चित रूप से मदद की। संयुक्त राष्ट्र मिशन के हिस्से के रूप में, युद्धग्रस्त अंगोला, कांगो, रवांडा, दक्षिण सूडान और अन्य में भारतीय सेना के अभियान तथा उग्रवाद और आतंकवाद विरोधी अभियानों के तहत अनिवार्य रूप से नागरिक केन्द्रित कार्रवाई की गई थी। तुर्किये में भाषा की बाधा को स्थानीय स्वयंसेवकों को राहत प्रयासों में शामिल करके दूर किया गया, जिनसे बातों की व्याख्या करने और रोगियों एवं फार्मेसियों के प्रबंधन में आसानी हुई।तुर्किये के लोगों ने आपदा राहत दलों को दिल छू लेने वाली विदाई दी। एक तुर्की स्वयंसेवक उल्स के परिवार का एक संदेश बहुत कुछ बयां करता है, ÷आप 99 चिकित्साकर्मियों की टीम के रूप में पहुंचे थे, लेकिन जब आप भारत वापस जा रहे हैं, तो आपके पास पूरे तुर्किये का आशीर्वाद है।÷ तुर्किये की एडा इस्केंड्रम ने एक ट्वीट के रूप में आभार व्यक्त किया, जो सैनिक-चिकित्सकों के प्रति लोकप्रिय भावना को व्यक्त करती है, ÷आप सभी हमारे नायक हैं। हम उन दिनों में एक-दूसरे को देखेंगे, जब हम रो नहीं रहे होंगे [यानि, खुशी के समय में]। मैं भारत आऊंगी, लेकिन हम आपको भविष्य में हटे में फिर से देखना चाहेंगे। हम आप लोगों से प्यार करते हैं।÷ तुर्की के एक मेडिकल छात्र ने सी17 से वापस भारत आने वाले एक चिकित्सा अधिकारी को विदाई संदेश भेजा, ÷आपको याद रखना चाहिए कि आपका एक घर तुर्किये में भी है और आपका एक भाई भी है, जो आपकी मेजबानी करने के लिए आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।÷यहां तक कि 60 पैरा फील्ड अस्पताल और एनडीआरएफ की टीमों ने क्षेत्र के लोगों का दिल और मन, दोनों जीत लिया। वैश्विक स्तर पर भी, भारत की मानवीय सहायता तीन बातों में अलग रही; पहला, संकट की स्थिति में तेजी से निर्णय लेना और तेजी से कार्यान्वयन; दूसरा, हमारे सैन्य बलों की कठिनतम परिस्थितियों के लिए अनुकूल होने और पीड़ितों के साथ सहानुभूति रखने की सराहनीय क्षमता और तीसरा, मानवीय मूल्यों व सिद्धांतों को किसी भी अन्य विचार से ऊपर रखना।प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत (एचएडीआर) में सबसे आगे रहने के लिए बहुपक्षवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का एक और व्यावहारिक प्रदर्शन था - ऑपरेशन दोस्त। कोविड महामारी के दौरान भारत के प्रयास जगजाहिर हैं; इसने अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा राहत प्रदान की; विदेशी नागरिकों के प्रत्यावर्तन की सुविधा दी और कई देशों को टीकों का निर्यात किया। भारत 2016 से बिम्सटेक देशों के बीच एचएडीआर में सहयोग के लिए सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। सितंबर 2022 में, क्वाड समूह के चार देशों- भारत, यू.एस., ऑस्ट्रेलिया और जापान ने एचएडीआर साझेदारी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नवंबर 2022 में, भारत ने आगरा में एक बहु-राष्ट्रीय, बहु-एजेंसी एचएडीआर अभ्यास %समन्वय 2022% की मेजबानी की, जिसमें आसियान देश शामिल थे।प्रधानमंत्री मोदी द्वारा व्यक्त किए गए जी-20 मंत्र, ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷ की भावना के अनुरूप भारत दुनिया भर में आपदाओं के पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़े होकर आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है।

लेखक, एनएसएबी और डीसीओएएस के पूर्व सदस्य हैं; 2014 में जीओसी, 15 कोर के रूप में उन्होंने कश्मीर में बड़े पैमाने पर बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों का नेतृत्व किया था।

नीलगिरी पर्वत पर पौधारोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरणविद कौशल ने दिया प्रकृति को बचाने का संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोयंबटूर : तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले और नीलगिरी के ऐतिहासिक पर्वतों ऊटी,पैनीफौल,तोरोपली,गुडलुर एवं बंदी पुरम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, कर्नाटक के प्रदेश सचिव अंजू बंसल, तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम व सचिव सनी कच्छ,आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दुनियां को पर्वत और प्रकृति बचाने का संदेश दिया।वहीं दक्षिण भारत के 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन होली से एक दिन पहले किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म को अपनाने की अपील की। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया कि नीलगिरी पर्वत को साउथ का हिमालय माना जाता है। फर्क बस इतना है कि हिमालय क्षेत्र में सेव (फल) अधिक मिलता है। और वहां का मुख्य खेती चाय है। इतिहास के पन्नों में यह क्षेत्र इसलिए चर्चित है कि वर्ष 1790 में टीपू सुल्तान ने कई देशों से पौधा लाकर उसी पर्वत से यूकिलिप्टस का पौधा लगाने की शुरुआत किया था। ठीक उसीतरह पर्यावरणविद कौशल किशोर ने भी दक्षिण भारत में पौधा लगाने का शुभारंभ वर्ष 1983 में उसी नीलगिरी पर्वत से किया था। उसी का परिणाम है कि आज भी नीलगिरी पर्वत के दर्जनों चोटियों पर यूकेलिप्टस का वन तैयार होकर उसकी कहानी बयां कर रहा है। इसीलिए तो दक्षिण भारत में यूकेलिप्टस पेड़ को नीलगिरी का पेड़ भी कहा जाता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट के तहत जंगल लगाओ जंगल बचाओ को लेकर दक्षिण भारत में 1983 में और 25 वर्ष पूरा होने के उपरांत सिल्वर जुबली मनाने के लिए 2008 में इसके बाद 2015 में महात्मा गांधी कृषि विश्वविद्यालय बेंगलुरु में और 2017 मे माराथली के कई स्कूलों में पर्यावरण धर्म के पाठ पढ़ाया था। कोरोना काल के बाद दक्षिण भारत का पहला प्रवास के दौरान विभिन्न जगहों पर पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाए गए निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 46वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पिछले वर्ष नेपाल भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था । जिसकी शुरुआत माह जुलाई में पलामू प्रमंडल के तत्कालीन आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से निशुल्क पौधा वितरण शिविर एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया था। श्री जायसवाल ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए दक्षिण भारत के कई राज्यों में पर्यावरण धर्म, वन राखी मूवमेंट और बी पी एस ए संस्था के प्रदेश अध्यक्षों व सचिवों की नियुक्ति की गईउसी की कड़ी में कई स्थानों के ऐतिहासिक नीलगिरी पर्वत पर कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में श्री चंद्रशेखर, अंजू बंसल, नानगलाहुचन,अविन, सेलवाकवि, धनंजय कुमार, ध्वनियां,शांतनु कुमार, ,संतोष कुमार आदि शामिल थे।

नागरिक बोध

हिरण पर क्यों लादें घांस?

हमारे राजस्थान और उत्तरप्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की बाढ़ आ रही है लेकिन ज़रा रूस की तरफ देखें। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने कल एक राजाज्ञा पर दस्तखत किए हैं, जिसके अनुसार अब रूस के सरकारी कामकाज में कोई भी रूसी अफसर अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस राजाज्ञा में यह भी कहा गया है कि अंग्रेजी मुहावरों का प्रयोग भी वर्जित है। लेकिन जिन विदेशी भाषा के शब्दों का कोई रूसी पर्याय ही उपलब्ध नहीं है, उनका मजबूरन उपयोग किया जा सकता है। रूस ही नहीं, चीन, जर्मनी, फ्रांस, और जापान जैसे देशों में स्वभाषाओं की रक्षा के कई बड़े अभियान चल पड़े हैं। आजकल दुनिया काफी सिकुड़ गई है। सभी देशों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कूटनीति, आवागमन आदि काफी बढ़ गया है। इसीलिए इन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विदेशी भाषाओं का ज्ञान जरूरी है लेकिन भारत-जैसे अंग्रेजों के पूर्व गुलाम राष्ट्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व इतना बढ़ गया है कि स्वभाषाएं अब दिवंगत होती जा रही हैं। हमारे नेताओं का बौद्धिक स्तर इतना सतही है कि वे इस स्वभाषा-पतन के दूरगामी खतरों से अनभिज्ञ हैं। क्या भाजपाई, क्या कांग्रेसी, क्या समाजवादी और क्या साम्यवादी नेता सभी अंग्रेजी की फिसलपट्टी पर फिसल रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि भाषा को खत्म करके आप अपनी संस्कृति और परंपरा को बचा ही नहीं सकते। भाषा बदलने से आदमी का सोच बदलने लगता है, रिश्ते बदलने लगते हैं, मौलिकता समाप्त हो जाती है। जो देश पिछले दो-तीन सौ साल में महाशक्ति और महासंपन्न बने हैं, वे अपनी भाषाओं के जरिए ही बने हैं। मैं दुनिया के पांचों महाशक्ति राष्ट्रों में रहकर उनकी भाषा नीति को निकट से देख चुका हूं। उनमें से किसी भी राष्ट्र की पाठशालाओं में विदेशी भाषा अनिवार्य रूप से नहीं पढ़ाई जाती है। हमारे बच्चों पर सिर्फ अंग्रेजी नहीं लादी जाए। उन्हें बड़े होकर कई विदेशी भाषाएं सीखने की छूट हो लेकिन यदि प्राथमिक कक्षाओं में उन पर अंग्रेजी थोपी गई तो यह हिरण पर घांस लादनेवाली बात हो गई। इसे सीखने में वे रट्टू तोते बन जाते हैं और उनमें हीनता ग्रंथि पनपने लगती है। महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया ने इस बात को काफी अच्छी तरह समझा था। लेकिन कैसा दुर्भाग्य है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और अशोक गहलोत जैसे संस्कारवान नेता उसके मुख्यमंत्री हैं और उन्होंने उन अंग्रेजी स्कूलों का नाम 'महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल' रख दिया है। अशोक गहलोत जो कि कांग्रेसी नेता हैं और उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जो कि भाजपा के नेता हैं, दोनों ज़रा महात्मा गांधी और गुरू गोलवलकर के इन कथनों पर ध्यान दें: - ''यदि मैं तानाशाह होता तो आज ही विदेशी भाषा में शिक्षा देना बंद कर देता। सारे अध्यापकों को स्वदेशी भाषाएं अपनाने को मजबूर कर देता। जो आनाकानी करते, उन्हें बर्खास्त कर देता।'' गुरू गोलवलकर, ''आज देश की दुर्दशा यह है कि अंग्रेजी प्रमुख भाषा बन बैठी है और सब भाषाएं गौण बन गई हैं।

देश दुनीया से

थोड़ा तुम थोड़ा मैं फागुन हो जाऊँ

खेतों में फसलों की रंगत बदल गई है। सरसों के पीले फूल खत्म हो गए हैं और वह फलियों से गदाराई है। मटर और जौ की बालियां सुनहली पड़ने लगी हैं। जवान ठंड अब बुढ़ी हो गई है। हल्की पछुवा की गलन गुनगुनी धूप थोड़ा तीखी हो गई है। घास पर पड़ी मोतियों सरीखी ओस की बूँदें सूर्य की किरणों से जल्द सिमटने लगी हैं। प्रकृति के इस बदलाव के साथ फागुन ने आहिस्ता- आहिस्ता क़दम बढ़ा दिया है। टेंशू , गेंदा और गुलाब फागुन की मस्ती में खिलखिला रहे हैं। अमराइयों में आम में लगे बौरों की मादकता अजीब गंध फैला रहीं है। भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर हैं। प्रकृति और उसका ऐहसास फागुन के होने की दस्तक देता है। लेकिन इंसान बिल्कुल बदल चुका है। वह फागुन को जीना नहीं चाहता है। वह प्रकृति से साहश्चर्य नहीं रखना चाहता है। वह उसे भी जीतना चाहता है। खुद नियंता बनाना चाहता है। शायद यहीं उसकी भूल है। फागुन में भौजाई की ठिठोली और मसखरी जाने कहां खो गई। फागुन के गीतों पर ढोल- मंजीरे की थाप सुनाई नहीं देती है। पूर्वांचल में फागुन के गीत को फगुवा के नाम से पुकारा जाता है। लेकिन अब यह गीत और उसे गाने वाले लोग गायब हैं। अश्लील और गंदे भोजपुरिया गीतों का राज है। फाग गीत प्रकृति से जुड़े होते थे। लेकिन आजकल के गानों में सिर्फ अश्लीलता है। सभ्य समाज में ऐसे गीत सुनने लायक भी नहीं है। समय के साथ सब कुछ बदल रहा है। जबकि यह बदलाव तथ्य और अर्थहीन है। फागुन प्रकृति का रंगोत्सव है। फागुन में प्रकृति बदल जाती है। वह मलंग हो जाती है। उसमें अजीब मादकता आ जाती है। फागुन और बसंत के जरिए प्रकृति हमें संदेश देती है कि जिस प्रकार मैं विविधताओं से भरी हूं उसी तरह मानव जीवन में भी रंगों की विविधताएं हैं। सुख-दुःख, हर्ष, विस्माद, उल्लास, उत्सव भी जीवन के अपने रंग हैं। इसको खुल कर जीना चाहिए। फागुन जैसा जीना चाहिए।प्रकृति हमें संतुलन ही नहीं संतुष्टि भी सिखाती है। लेकिन हम उसके संदेश को पढ़ नहीं पाते हैं। जब उसे पढ़ने की कोशिश करते हैं तो फागुन यानी बसंत गुजर गया होता है और हम पतझड़ को लेकर फिर परेशान हो जाते हैं। क्योंकि हम सिर्फ बसंत को जीना चाहते हैं पतझड़ को नहीं। माघ- फागुन के मौसम में चरखी से निकले गन्ना के रस में दही मिला सीखरन तैयार होता था। फ़िर मटर की सलोनी के साथ उसे पीने का आनंद और स्वाद ही अलग था। अब गाँवों से गन्ने की खेती गायब हो चली है। कड़ाहे गुड़ और खांड की सोंधी गंध नाक को तृप्त नहीं करती। वह वक्त भी था जब पकती खांड में हम आलू डालने जाते तो दादा की खूब डाट मिलती। लेकिन सब कुछ बदल गया है। अब गांव कंकरीट के जंगल में तब्दील हो चुके हैं। धनाढ्यों ने कई मंजिला इमारतें खड़ी कर शहरी अभिजात संस्कृति का आगाज किया है। घरों में टिमटिमाती ढेबरी की जगह एलीडी और इनवर्टर की प्रकाश ने ले लिया है। कभी – कभी मिट्टी का तेल यानी केरोसिन न मिलने से दादी और अम्मा कड़ुवा तेल का दीपक जलाती थी। लेकिन अब यह बातें कहानियां हो गई हैं। प्रकृति में अल्हड़ फागुन जीवंत है लेकिन बदली परम्पराओं और हमारी सोच में वह बूढ़ा हो चला है। फागुन में रास है न रंग। बस होली के नाम पर औपचारिकता दिखती है। अब गालों पर गुलाल मलने सिर्फ रस्म निभाई जाती है जबकि दिल नई मिलते। गाँवों में फागुन वाली भौजाई गायब है। जब कच्चे मकान होते थे तो भौजाई और घर की औरतें माटी- गोबर लगाती थी। पूर्वांचल में गांव की भाषा में इसे गोबरी कहते हैं। गोबरी लगाते वक्त अगर कोई देवर उधर से गुजरता था तो भौजाई दौड़ा कर मुंह और कपड़े में गोबरी लगा फागुन और होली के हुडदंग का आगाज करती थी। फ़िर देवर भी भौजाई को छेड़ने के मौके तलाशते थे। टोलियों के साथ होली मनती थी।

> हल्की पछुवा की गलन गुनगुनी धूप थोड़ा तीखी हो गई है। घास पर पड़ी मोतियों सरीखी ओस की बूँदें सूर्य की किरणों से जल्द सिमटने लगी हैं। प्रकृति के इस बदलाव के साथ फागुन ने आहिस्ता- आहिस्ता क़दम बढ़ा दिया है। टेंशू, गेंदा और गुलाब फागुन की मस्ती में खिलखिला रहे हैं। अमराइयों में आम में लगे बौरों की मादकता अजीब गंध फैला रहीं है। भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर हैं। प्रकृति और उसका ऐहसास फागुन के होने की दस्तक देता है। लेकिन इंसान बिल्कुल बदल चुका है। वह फागुन को जीना नहीं चाहता है। वह प्रकृति से साहश्चर्य नहीं रखना चाहता है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च 2023| पेज 7

रंगों का पर्व होली शान्तिपूर्ण सम्पन

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड : महुआडांड में एक बार फिर आपसी एकता और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली पुरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन हो गया। जहां होली के पर्व में जात धर्म के बंधन को भूल के सभी लोगो ने होली का पर्व मनाया वही होली की शान्ति व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ राजेश कुजूर के निर्देशानुसार महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव अपने दलबल के साथ गश्ती में मुस्तैद रहे। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरूवार को स्थानीय शास्त्री चौक मे हिन्दू महासभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता के विजेता को हिन्दू महासभा की ओर से पुरूस्कार मे प्रोत्साहन स्वरूप खस्सी पुरस्कार में दिया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता मे ग्राम चुटीया, शाहपुर, परहाटोली, उदालखाँड़, बेलवार, ओरसा, जरहाटोली, सरना कल्ब महुआडांड, गुड़गुटोली, पुटरूंगी एवं महुआडांड ग्राम के युवकों ने भाग लिया । मटका फोड़ प्रतियोगिता का विजेता ग्राम ओरसे के युवा लड़के रहे। जिसे मुख्य अतिथि महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड कार्यपालक दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, एसआई संजय रतन, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, डा. ए. के. शाह के द्वारा पुरूषकार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले प्रतिभागीयों एवं बेस्ट डांस करने वाले को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों को हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के द्वारा शाल ओड़ाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहु, संजय जायसवाल, संजय राय, राकेश कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल (किराना), अवधेश जायसवाल, आदि पदाधिकारीगणों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम मे उपरोक्त पदाधिकारीयों के अलावे समेत हजारों की भारी संख्या मे पुरे प्रखंड के लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाये।

हाथियों के झुंड ने घर को किया धवस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : सदर प्रखंड के पेशरार पंचायत ग्राम अशनाचुआ में हाथियों के झुंड ने रात करीब 10ः00 बजे पहुंची और बिरसा भोंगरा के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में अन्न का सामान को खाकर चलते बना वहीं भोंगरा ने बताया की हमारे घर में खाने कि कोई सामान नहीं बचा है। इस स्थिति में हमें तत्काल सरकार से सहायता मिलनी चाहिए। घर मालिक भोंगरा उसके परिवार इस अनहोनी घटना से भयभीत है दुखी थे.उनके घर में खाने का अभाव है।आस पास के लोग भी इस घटना से काफी भयभीत हैं।कि कब कौन चपेट में आ जाए घर के साथ साथ जान माल का भी चिंता है इस स्थिति में जान बचाना काफी मुश्किल हो गया है ऐ चिंता लोगों में बढ़ती जा रही है। वहीं धटना को सुनते ही पेसरार मुखिया अमृत कुमार बारला पहुंच करके पीड़ित परिवार से मिलकर उनको ढाढस दिलाये। और सरकार से भोंगरा परिवार के लिए तत्काल सहायता राशि के लिए मांग किया।

अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, बोलेरो जब्त

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के कुंदा थाना पुलिस ने 16 किलोग्राम गिला अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर नभोली गंझू थाना क्षेत्र के सिकीदाग गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के घर से अभियान चलाकर 16 किलोग्राम गिला अफीम जब्त किया है। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि कुंदा थाना अंतर्गत सिकीदाग गांव के नभोली गंझू अपने घर में अवैध अफीम खरीद बिक्री करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में स्टॉक कर रखा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें कुंदा थाना प्रभारी परमानंद कुमार मेहरा और थाना के सशस्त्र बल को शामिल किया गया। गठित दल ने सिकीदाग गांव निवासी नभोली गंझू के घर से 16 किलोग्राम अवैध गिला अफीम के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने मादक पदार्थ से युवा पीढ़ी को दूर रहने अपील की है अन्यथा जीवन आपकी तबाह हो जाएगी। उन्होंने युवाओं से अफीम की खेती नहीं करने और मादक पदार्थ से दूर रहने को कहा है. छापेमारी टीम में सिमरिया एसडीपीओ के अलावा कुंदा थाना प्रभारी, सिमरिया एसडीपीओ के अंगरक्षक सहित थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

टोरी फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने को लेकर पंसस ने चलाया जन सम्पर्क

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : टोरी-चंदवा, एनएच 99 न्यू22 पर फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर माकपा नेता और कामता पंसस अयुब खान का संयुक्त रुप से आगामी 13 मार्च को आयोजित धरना प्रदर्शन को लेकर चटुआग में माकपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य खान ने ग्रामीणों से संपर्क किया। उन्होंने ने लोगों से कहा कि रेलवे क्रॉसिंग फाटक जाम से लाखों आमजन बुरी तरह प्रभावित हैं, इस समस्या की ओर किसी की नजर नहीं है। एनएच पर फाटक होने के कारण जिला लातेहार, चतरा, हजारीबाग, पलामू, रांची, लोहरदगा, गुमला समेत दो राज्यों पटना और छत्तीसगढ़ के लोग भी परेशान हैं। इस समस्या से पुरे जनप्रतिनिधि समेत सभी अधिकारी अवगत हैं। इसके बावजूद भी आरओबी निर्माण से जुड़े, अधिकारियों की इसकी चिंता नहीं है। निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू हो इसपर जोर डालने के लिए धरना - प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील लोगों से की गई है। जन सम्पर्क में माकपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, सनिका मुंडा, बुधराम मुंडा, बेने मुंडा, सनिचरवा परहैया, एतवा मुंडा, दरगाही टोपनो, मुनेश्वर परहैया व अन्य शामिल थे।

चर्चित प्रकाश यादव मर्डर केस का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, दोस्त ने ही उतारा था मौत के घाट

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : शहर में घटित चर्चित प्रकाश यादव मर्डर केस मामले का मास्टरमाइंड वीमल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए बिमल को गिरफ्तार किया है। सदर थाना क्षेत्र के दिभा मोहल्ला इलाके से हत्यारे की गिरफ्तारी हुई है। हालांकि मामले में चार आरोपी को पूर्व में ही पुलिस जेल भेज चुकी है। वहीं घटना के बाद फरार मास्टरमाइंड को आज पुलिस ने दबोचा है। गौरतलब है कि विगत 15 फरवरी को शहर से सटे हेरूवा नदी बसंती टोला तपेज इलाके में दिभा मोहल्ला ग्वालटोली निवासी प्रकाश कुमार नामक युवक की निर्मम हत्या हुई थी। दिभा मोहल्ला के ही रहने वाले उसके दोस्तों ने पहले शराब पिलाया और फिर पिट-पिटकर मौत के घाट उतार दिया था। एसआईटी में थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई प्रकाश सेठ, बिना कुमारी व एएसआई महेंद्र ठाकुर समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भी निरंतर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

16 करोड़ के लागत से बना पानी टंकी पड़ा बेकार कोई दायित्व लेने को तैयार नही



पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड में पेयजलापूर्ति बंद हो जाने से तीन पंचायत के एक दर्जन गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। मालूम हो कि 2017 से यहां ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संवेदक निलेश कुमार (रांची) के माध्यम से सिंघानी, नॉन गांव, एवं बरवाडी पंचायत के गांवो में निशुल्क जलापूर्ति चालू किया गया था। परंतु अब संवेदक का विभाग से भराएं गए एकरारनामा का समय पूरा हो जाने के कारण जलापूर्ति बंद कर दिया गया है। संवेदक का कहना है कि मैं 2 वर्ष की जगह 5 वर्ष जलापूर्ति कर दिया हैं। पेयजल आपूर्ति नहीं होने का मुख्य कारण पत्थलगड़ा पंचायत बहुपंचायत ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति अभी तक अपना दायित्व नहीं लिया है पत्थलगड़ा के देवी अस्थान दुआरी-हजारीबाग मार्ग में बने जलापूर्ति टंकी (पानी टंकी) की छमता साढ़े 7 लाख लीटर यानी 70000 गैलन है। यहां तितरिया नदी से जलापूर्ति किया जाता है अभी नदी में धार चलस्तर है। पानी पर्याप्त मात्रा में है। ग्रामीणों ने डीसी से शीघ्र पानी सप्लाई चालू करवाने की मांग की है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत गांव में पसरा मातम, गम का माहौल

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत में स्थित ओबरीडी मोड़ के समीप बीते 7 मार्च मंगलवार शाम को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। बताते चलें कि युवक की पहचान दुआरी गांव निवासी हेमलाल गोप के पुत्र प्रमोद यादव लगभग 30 वर्ष की पहचान की गई है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि युवक पत्थलगड़ा बाजार से पैदल अपने गांव आ रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन अपनी चपेट में ले लिया और युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। वाहन समेत चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। आगे बता दें कि प्रमोद यादव अपने घर का एकलोता कमाने वाला व्यक्ति था। जो अत्यंत गरीब परिवार से है अपने पीछे पत्नी समेत दो दूधमुंहा बच्ची को छोड़ गया। एक बच्ची लगभग 3 वर्ष और दूसरा लगभग 1 साल की है। युवक का कच्चा मकान में रहकर प्रतिदिन मजदूरी कर अपना घर गृहस्ती को भरण-पोषण करता था। ऐसी घटना सुनकर गांव में होली का त्यौहार बिल्कुल फीका पड़ गया। और गांव में मातम छा गया। मृतक युवक की अग्नि संस्कार बुधवार दोपहर नजदीकी श्मशान घाट में विधि विधान से किया गया है।

अफीम का खेप लदा बोलेरो जब्त, तस्कर फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : अफीम तस्करों के विरुद्ध सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 2 किलो 900 ग्राम अफीम लदा बोलेरो गाड़ी जप्त किया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के दुम्बी गांव में छापेमारी अभियान चलाकर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की है। हालांकि अभियान के दौरान मौके पर पुलिस को देखकर तस्कर रुपेश यादव गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। जिसके बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है। अभियान में थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, एसआई प्रकाश सेठ व सिकंदर सिंकू समेत सदर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि अफीम तस्करों के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी है। किसी भी परिस्थिति में तस्करों को पांव पसारने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही फरार तस्कर को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

कुटमू में कॉस्मेटिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत कुटमू मोड़ के पास गुरुवार को कॉस्मेटिक जनरल स्टोर का विधिवत उद्घाटन क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा फीता काटकर शुरुआत किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि बेतला से सटे कुटमू मोड़ पर विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठान लगने से यह क्षेत्र विकासशील बनते जा रहा है। मौके पर बीससुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर प्रोपराइटर रंजन कुमार मुखिया मंजू देवी वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सिंह अजय कुमार चंद्रवंशी शिवानंद तिवारी मनोज जयसवाल उमेश प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

जाजलो खदान से 24 घंटे बाद भी रूपेश यादव का नहीं निकाला जा सका शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

हंटरगंज : प्रखंड के खजुरिया निवासी रूपेश यादव उमर 22 वर्ष पिता ईश्वर यादव जजलो बाजार के समीप माइंस के खदान में नहाने के क्रम में डूब गया। जब इस की जानकारी स्थानीय लोगों को मिली तो खदान के गहरे पानी से निकालने का हर संभव प्रयास किया गया परंतु 24 घंटे गुजर जाने के बाद भी ईश्वर को निकालने में ग्रामीण असफल रहे।खदान में काफी पानी होने के कारण लोग गहराई में जाने असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस बाबत स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही सीओ मिथलेश कुमार, बीडीओ अभिषेक पांडे, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पाण्डे, थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी घटना स्थल पर पहुंच कर जाएजा लिया। इस की सूचना जिला प्रशासन को दी गई है ताकि एनडीआरएफ की टीम पहुंच कर ईश्वर को निकाल सके।इस घटना की खबर सुनते ही भाग सात की जिला परिषद सदस्य के पति सह समाज सेवी बेचन पासवान, जबड़ा मुखिया चैतू यादव, नावाडीह पनारी मुखिया मदन चौधरी समेत सैंकड़ों ग्रामीण घटना स्थल पर खबर लिखे जाने तक जमे हुए हैं।

अज्ञात चोरों ने उड़ाए रुपए

बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): बारियातू प्रखण्ड के फुलसु मोड़ के केशव जेनरल स्टोर से अज्ञात चोरों ने विते रात एलवेस्टर तोड़ कर नगद 72000 रपये की चोरी की। दुकानदार बारियातू निवासी केशव प्रसाद ने बताया कि बुधवार को दो बजे तक होली खेलने के बाद घर लौट कर आये , और रात में सो गये। सुबह जाकर दुकान खोला तो एलवेस्टर टुटा हुआ देखा, जब काउंटर देखा तो उसमें रखे 72000 रुपए गायब थे। दुकान में चोरी की सुचना बारियातू थाना को दें दी गई है।

खराब चापाकल व जलमीनार से ग्रामीण परेशान गर्मी की लये बढ़ी



सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के सबानो पंचायत टोला रानी पोखर में लगे चापाकल लगभग छः माह से और एक वर्ष से सोलर स्वचालित जलमीनार खराब पड़ा हुआ है।जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मुखिया सलेहा खातून ने अपने कार्य काल में सोलर स्वचालित जलमीनार लगाया गया था।जबकि चापाकल पेयजलापूर्ति विभाग द्वारा लगाया गया था।परंतु ये दोनों सिस्टम खराब हो चुका है। ज्ञात हो कि सोलरस्वचालित जलमीनार से हम ग्रामीण चंद दिनों के लिए लाभान्वित हुए थे।इन दिनों हम ग्रामीणों के बीच पीने की पानी का समस्या बना हुआ है।जिस समस्या से निजात दिलाने के लिए ना कोई जनप्रतिनिधि सुद ले रहे हैं और ना कोई पदाधिकारी जिससे ग्रामीणों की समस्या बनी हुई है। **क्या कहते हैं मुखिया :** मुखिया नरेश साव ने कहा कि ये मेरे कार्यकाल में जलमीनार नहीं लगाया गया है।बावजूद मैं इसपर कोई टीप्पणी नहीं करना चाहता हूँ।आगे उन्होंने बताया कि आवंटन आनेवाला है।जिससे गर्मी पड़ने से पूर्व पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े जलमीनार और चापाकल को बहुत जल्द मरम्मती कराकर पानी की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

केसरवानी समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : नगर केसरवानी समाज के द्वारा होटल प्रभोदय में नगर अध्यक्ष रामकुमार केसरी के नेतृत्व में होली मिलन समारोह सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन तरुण सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक केसरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।उसके बाद नगर अध्यक्ष रामकुमार केसरी और पूरी आयोजन टीम को साल से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही होटल के मालिक उदय गुप्ता को साल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बारी बारी से अपनी प्रस्तुति दी। हजारीबाग से आए कलाकार अमिताभ श्रीवास्तव और उनकी पूरी टीम समा बांधने का काम किया। अमिताभ श्रीवास्तव ने अलग-अलग अभिनेता का आवाज मिमिक्री कर सबको हंसाने का काम किया। उनकी टीम के गायक, गायिका और नर्तकी ने सबको झुमाया। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजनकर्ता नगर उपाध्यक्ष विनोद केसरी, अशोक केसरी, पवन केसरी नगर मंत्री अवध केसरी सुरेंद्र केसरी नगर कोषाध्यक्ष संतोष केसरी विपिन केसरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम संरक्षक मंडल बैजनाथ केसरी, सुरेश केसरी, संतन केसरी केसरी, प्रमोद केसरी अजीत केसरी हरिओम केसरी मनोज केसरी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहे।

घर में लगा आग, सामान जल कर हुआ खाक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत टोटी पंचायत के सुइयां टोला (इटके) के किसान रमेश उरांव पिता बल्कु उरांव के घर में आधी रात के समय अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण घर में धुंआं फैलने से रमेश उरांव की नींद खुली, उन्होंने परिवार के सदस्यों को जगाया। उनके शोर मचाने पर अड़ोस-पड़ोस के लोग भी जाग गये।आग के लपटो को देखकर खैराही टोला से राजु उरांव ,नंदु उरांव प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, पंसस मो ओजेफा, सहित अनेकों ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को फोन कर सुचना दी गई, एवं सभी ने मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। सुचना पाकर मौके पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी,पुअनि दिपक नारायण सिंह, पुअनि रवि कुमार सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे, एवं आग बुझाने में ग्रामीणों के साथ सहयोग किया। फिर भी घरेलू सामान के साथ बच्चों के पठन सामग्री, सभी कपड़े लगभग, 20 क्वीनटल धान, चावल, मक्का, सरसों, आधार कार्ड, पासबुक एटीएम कार्ड, नगद 9 हजार रूपए, आंगन में कटाई कर रखा हुआ सरसों, तथा कई किमती समान जल कर नष्ट हो गया। सुबह खबर मिलते पर अनेकों करिबी उनसे मिलने पहुंचे,राजी सरना प्रार्थना सभा अध्यक्ष जयपाल उरांव महासचिव रामप्रीत लोहरा कोषाध्यक्ष राजदेव उरांव एवं जिला सलाहकार सजु उरांव पिडित रमेश उरांव के घर पहुंच कर सांत्वना दी एवं इस दुःख के घड़ी में सरना समाज के तरफ से सहयोग राशि प्रदान कीऔर विषम परिस्थिति में साथ देने का बात कही । पिडित रमेश उरांव व उनके परिवार के सदस्यों ने प्रखण्ड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रामगढ़/हजारीबाग
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च 2023 | पेज 8

श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ में सम्मानित हुए हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के बड़ा अखाड़ा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के अंतिम दिन शहर के कई गणमान्य बंधुओं को सम्मानित किया गया। उसी क्रम मे हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष लखन खंडेलवाल को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष लखन खंडेलवाल को अयोध्या से चलकर आए कथावाचक राम जी शास्त्री द्वारा जय श्री राम नामक गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी और मंच संचालन कर रहे बड़ा अखाड़ा के महंत विजय नंद दास के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई। उन्होंने बताया कि यूथ विंग पिछले 1 वर्षो से शहर में अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। श्रीमद् भागवत कथा में शहर के करीबन 500 से भी अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने लखन खंडेलवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सदैव सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते रहे और यूथ विंग को प्रगति की नई ऊंचाई प्रदान करने को अग्रसर रहें। सम्मानित होने के पश्चात अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने प्रभु श्री राम को प्रणाम करते हुए कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि प्रभु राम के समक्ष सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

कोयलांचल अरगड्डा- सिरका में होली पर खूब उड़े गुलाल, लोगों ने फगुआ के गीत गां, दी बधाइयां

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय में रंगों का त्योहार होली हर्षोउल्लास और भाईचारगी के साथ मनाया। सुबह युवाओं ने रंग, मिट्टी, कादो की होली खेली। संध्या छोटे व बड़ो ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई, अशीष दिया। लोगों ने अपने दोस्तों बंधु, रिश्तेदारों को घरों में आमंत्रित किया। साथ ही लजीज पुआ, पकवान, दही-बड़े, छोले- भटूरे, मिष्ठान परोसा। क्षेत्र के चौक- चौराहे पर लोगों की टोली घूमते भी देखी गई। सभी ने खुशहाली के लिए सपरिवार पूरा वर्ष अच्छा रहे, इसकी कामना एक दूसरे से किया। होली को लेकर मांस, मुर्गी, शराब की बिक्री की तीव्रता रही।

नहीं रहे मशहूर अभिनेता, युवा समाजसेवी ने जताया दुःख

हज़ारीबाग़(प्रभात मंत्र संवाददाता): बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक का बृहस्पतिवार को अहले सुबह 66 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक की वज़ह से निधन हो गया। हज़ारीबाग़ के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने दुःख प्रकट किया है। मालूम हो कि इनका कैरियर 1983 में रिलीज हुई फिल्म जाने भी दो यारों से उन्होंने अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। सतीश कौशिक ने 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। सतीश कौशिक को अभिनय के क्षेत्र में पहचान मिस्टर इंडिया फिल्म से मिली। उन्होंने हास्य के साथ-साथ गंभीर किरदारों को भी निभाया। साल 1993 में रूप की रानी चोरों का राजा से बतौर निर्देशक उन्होंने अपनी दूसरी पारी शुरू की और इसके बाद एक दर्जन से अधिक फिल्मों का निर्देशन किया। सतीश कौशिक को 1990 में फिल्म राम लखन और 1997 में फिल्म साजन चले ससुराल के लिए सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता का फिल्म फेयर अवार्ड दिया गया था। हज़ारीबाग़ के समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सतीश कौशिक के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है।

विधायक के प्रयास से सड़क दुर्घटना में मृत दंपति के आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बरकट्ठाप्रखंड क्षेत्र के कोनहारा कला स्थित पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में बरकट्ठा निवासी डिलो साव एवं उनकी पत्नी लीलावती देवी की मौत गई थी।वे अपने पीछे दो बच्चों को अनाथ छोड़ चले गए।जिसके पश्चात स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से एनएच2 सिक्स लाइन सड़क निर्माण कार्य में लगी एजेंसी राज केशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा थाना परिसर में बैठक कर आश्रित दोनों बच्चों के नाम तीन लाख रुपए राशी का मुआवजा दिलवाने का कार्य किया गया।मौके पर विधायक अमित कुमार यादव,बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार,संजय चौबे,भाजपा नेता केदार साव,सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र साव के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कुंआ से मिला युवक का तैरता शव

बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरकट्ठा उतरी पंचायत अंतर्गत नयाडीह स्थित एक कुंए से अजय सिंह पिता गोकुल सिंह 25 वर्ष का शव बरामद किया गया। परिजनों के मुताबिक मृतक सोमवार रात को होली का संवत जलाने को कहकर घर से निकला था। परिजनों के काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। वहीं गुरुवार सुबह कुंआ से पानी लेने गई महिलाओं ने कुंए में तैरते हुए शव को देख हो हल्ला करने लगे। वहीं लोगों ने पुलिस को सूचना दी सुचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कुएं से बाहर निकाला गया। लोगों के मुताबिक मृतक पेंटर का काम करता था। इस घटना से गांव में मातम पसर गया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की तहकीकात में जुट गई है।

सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड 26 मार्च को रांची में कोल मैराथन दौड़ करेगा आयोजित

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड(सीसीएल) मुख्यालय रांची में आगामी 26 मार्च 2023 को कोल मैराथन का आयोजन किया गया हैं। यह आयोजन कोल इंडिया के बैनर तले किया जा रहा हैं। इसमें महिलाओं और पुरुषों के 4 श्रेणी की दौड़ होगी। इनमें पूर्ण मैराथन 42.195 किलोमीटर, दूसरा हाफ मैराथन 21.098 किलोमीटर, तीसरा 10 किलोमीटर, चौथा 5 किलोमीटर की होगी। इसके लिए खिलाड़ियों को पंजीकरण शुल्क फुल मैराथन 1000 रुपया, हाफ मैराथन 750 रुपया, 10 किलोमीटर 300 रुपया, 5 किलोमीटर 100 रुपये लगेंगे। फुल मैराथन महिला पुरुष प्रथम पुरस्कार 3 लाख, द्वितीय पुरस्कार 2 लाख, तीसरा पुरस्कार एक लाख, चतुर्थ पुरस्कार 60 हजार, पंचम पुरस्कार 40 हजार, छठा पुरस्कार 30 हजार, सांतवा पुरस्कार 20 हजार हैं। हांफ मैराथन में प्रथम पुरस्कार 2 लाख, दूसरा पुरस्कार एक लाख, तीसरा पुरस्कार 50 हजार, चौथा पुरस्कार 40 हजार, पांचवा पुरस्कार 30 हजार, छठा पुरस्कार 20 हजार, सांतवा पुरस्कार 10 हजार हैं। 10 किलोमीटर में पहला पुरस्कार एक लाख, दूसरा पुरस्कार 70 हजार, तीसरा पुरस्कार 50 हजार, चौथा पुरस्कार 25 हजार, पांचवा पुरस्कार 20 हजार, छठा पुरस्कार 10 हजार, सातवा पुरुष का 10 हजार हैं। इसमें शामिल होने के लिए सीसीएल ने रजिस्ट्रेशन लिंक भी जारी किया हैं। इसकी जानकारी सीसीएल रांची के खेल अधिकारी आदिल हुसैन ने गुरुवार को दिया। उन्होंने सभी आमजनों, समाजसेवियों, खिलाड़ियों से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील भी किया हैं।

आरबीएसएस जिला कमिटी भंग, जल्द होगी नई कमिटी की घोषणा

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही आरबीएसएस (रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति) जिला व वार्ड कमिटी को संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने गुरुवार को भंग कर दिया है। इसकी जानकारी धनंजय कुमार पुटूस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को दी। जारी प्रेस विज्ञप्ति में पुटूस ने कहा कि आरबीएसएस रामगढ़ जिला में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। जनता का विश्वास संगठन पर बढ़ा है इसी को देखते हुए रामगढ़ जिला के सभी प्रखंडों में कमिटी के विस्तार किया जाएगा एवं समाज हित मे निस्वार्थ भाव से काम करने वाले लोगो को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसी के मद्देनजर जिला व वार्ड कमिटी को भंग किया गया है। जल्द ही नई कमिटी के विस्तार कर संगठन व समाज के प्रति निस्वार्थ भाव से काम करने वाले समर्पित लोगो को जोड़ा जाएगा और उन्हें जिला व प्रखंड में दायित्व दिया जाएगा।

संथाल समाज ने बाहा पर्व पर की प्रकृति की पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के मड़मो पंचायत अंतर्गत डुमरिया टांड में, युवा संथाल समिति के नेतृत्व में बाहा पर्व (सरहुल)मनाया गया। जिसका संचालन पसस बहराम हांसदा ने किया, गांव के नायके(पहान) के द्वारा जाहेर थान में मरांग बुरू और जाहेर आयो को सखुआ और महुआ का फूल चढ़ाया गया।बाहा पर्व के शुभ अवसर पर उपस्थित आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फागुन मास यानी नया साल के आते ही आदिवासी बड़े धूमधाम से बाहा पर्व मनाते हैं।पेड़ पौधों में पुराने पत्ते झड़ कर नये पत्ते व फूल उग आते हैं।उसी को अपने ईष्ट देवता मरांग बुरू और जाहेर आयो को चढ़ाया जाता है,और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद ही नये फल फूल का ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम में सेंगेल सरना धर्म मंडवा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन हजारीबाग जिला अध्यक्ष बाहाराम हांसदा सेंगेल सरना धर्म मंडवा हजारीबाग जिला अध्यक्ष बाहाराम मार्डी मुखिया कुन्ती कुमारी उप मुखिया पूनम कुमारी कोडरमा सांसद प्रखंड प्रतिनिधि सुखदेव महतो, डीलर खेम नारायण महतो, उमेश मिर्धा, कैलाश महतो, टहल महतो, मांझी हडम, श्यामलाल हेम्ब्रम दसरथ हेम्ब्रम, सोमर हेम्ब्रम, रामजीत बेसरा,दिलिप किस्कू समेत काफ़ी संख्या ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित थी।

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को ले हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : गुरुवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि वर्तमान में वैधानिक सहायता के तहत कुल 11 मामले एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष 01 मामला सामने आया हैं। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने अन्य अधिकारियों के साथ वैधानिक सहायता हेतु 11 मामलों एवं अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 1 मामले के तहत अब तक किए गए कार्यो के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

क्या है अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989: यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है, अधिनियम ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है।

विशेषताएं: यह अनुसूचित जातियों और जनजातियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ़ अपराधों को दंडित करता है।यह पीड़ितों को विशेष सुरक्षा और अधिकार देता है।यह अदालतों को स्थापित करता है, जिससे मामले तेज़ी से निपट सकें ।

छिटपुट घटनाओं के बीच होली व शब-ए-बारात का त्योहार संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा(हजारीबाग): प्रखंड क्षेत्र में होली और शबे बरात का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।छिटपुट घटनाओं के बीच त्योहार संपन्न गया त्योहार को देखते हुए स्थानीय प्रशासन मुस्तैद रही।प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, गोरहर, बेलकप्पी, शिलाडीह, बंडासिंगा, तुईयो, कपका, गैडा,घंघरी, झुरझुरी, सकरेज, गंगपाचो, गयपहाडी, आदि क्षेत्रों में होली एवं शबेबरात का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों एवं प्रखंड के शिलाडीह पंचायत में अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी,बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार, गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा अपने दल बल के साथ शिलाडीह पंचायत में फ्लैग मार्च किया। अंचलाधिकारी ने कहा रंगों का उत्सव होली पर्व शांतिपूर्वक मनाएं ,जो त्यौहार में हुड़दंग करेंगे उन पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।इस अवसर पर बरकट्ठा थाना प्रभारी एवं गोरहर थाना प्रभारी के द्वारा क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया गया।

हर एक व्यक्ति की तरक्की के पीछे एक औरत का हाथ होता है : प्रेरणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : बरकट्ठा उत्तरी पंचायत भवन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में बरकट्ठा दक्षिणी के जिला पार्षद सदस्य प्रेरणा प्रिया, बरकट्ठा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा समाजसेवी सी.के.पाण्डेय उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक अरुण मेहता के द्वारा किया गया। बरकट्ठा दक्षिणी के जिला पार्षद सदस्य प्रेरणा प्रिया द्वारा बताया गया की आइये हम सब मिलकर महिलाओं के उथान उनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए इस दिन पर्ण लेते हैं की हम यथा संभव प्रत्येक महिलाओं के सम्मान की रक्षा करेंगे और स्वयं भी उनका सम्मान करेंगे और उनके उन्हें आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रेरित करेंगे। यदि हर व्यक्ति यह संकल्प ले ले तो आने वाले समय में वह

दिन दूर नहीं जब सही मायने में महिलाओं को उनका अधिकार और सम्मान प्राप्त होगा और वे देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान बढ़-चढ़ कर दे सकेंगी । इस कार्यक्रम में बेलकप्पी आजीविका महिला संकुल संगठन के अध्यक्ष नीलम हेमरोम सचिव सोनिका कुमारी, लेखापाल प्रतिमा पाण्डेय पीआरपी सरस्वती देवी तथा एफटीसी राजीव पाण्डेय, बीटीएम चितरंजन पाठक ,सक्रिय महिला अनिता देवी, आदि थे।

शब-ए-बारात पर खुदा की इबादत में बंदों ने उठाए हाथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कोयला नगरी सिरका- अरगड्डा, बुध बाजार सिरका, गिददी, रेलीगढ़ा, गांव चपरी, हेसला मनुआ, फुलसराय क्षेत्रों में बीते 7 मार्च को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शब-ए- बरात बड़े ही हकीकत के साथ मनाया। खुदा की इबादत और उनसे रहमो करम की गुजारिश के लिए बंदों ने हाथ उठाकर दुआएं मांगी। लोगों ने बताया कि शब-ए- बरात बहुत ही खास और पाक समय होता हैं। जब खुदा से सभी प्रकार की दुआएं कबुल होने का मौका मिलता हैं। पर्व को लेकर अरगड्डा जामा मस्जिद समेत आस-पास के मस्जिदों को विद्युत सज्जा से सजाया संवारा गया था।

कायेलांचल में शब-ए-बरात धूमधाम से मना

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : मंगलवार को चुरचू प्रखंड सहित पूरे कोयलांचल क्षेत्र में इबादत और एहतराम के साथ शब ए-बारात का त्योहार मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मनाया गया। शब-ए-बारात के दिन लोग सुबह से ही तैयारी मे लगे हुए थे। मंगलवार के दिन त्योहार मे शाम में मस्जिदो में खास रौनक देखने को मिली। त्योहार के दिन विभिन्न स्थानों की मस्जिदो जैसे करीमगंज,चरही, बोद्रा, इंद्रा,जरबा, पिपरा सहित अन्य मस्जिदो में शाम के समय से ही मुस्लिम धर्मावलंबी इबादत के लिए मस्जिदो में एकत्रित हुए। मस्जिदो की रौनक त्योहार के दिन देखते ही बन रही थी। सभी मस्जिद को विशेष रूप से सजाया गया था जो की काफी आकर्षित लग रहा था। शाम में ईशा की नमाज़ के बाद क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदो में मिलाद शरीफ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे शब ए बारात की रात की फ़ज़ीलत को इमाम द्वारा

बताया गया। जिस के बाद लोगों ने मिलाद शरीफ का कार्यक्रम खतम होने के पश्चात इबादत को प्रारंभ किया। वहीं इसके अलावा चरही पुलिस भी मौके पर काफी चौकस दिखी चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार खुद रात में गश्ती करते रहे और क्षेत्र मे लगातार जयाज़ा लेते रहे।

पतरातू क्षेत्र में धूमधाम से मनायी गई होली

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पतरातू क्षेत्र में धूमधाम व शांति पूर्वक मनाया गया हिंदुओं का महापर्व होली।वहीं पतरातू क्षेत्र के सांकुल वाल्मीकि नगर ऊपर टांड बरवाटोला डीजल कॉलोनी स्टीम कॉलोनी किरीगढ़ा टेरपा पालू पतरातू जयनगर पतरातू बस्ती तालाटांड कोतो कटिया पलानी सोलिया और बलकूदरा आदि क्षेत्रों में लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर शुभकामनाएँ दिए। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाएढ़ इधर कुछ गणमान्य लोगों द्वारा में होली मिलन का आयोजन किया गया। जंहा लोगों ने मिठाई के

साथ-साथ पूवा-पकवान का लुत्फ उठाये। इधर क्षेत्र के चौक-चौराहों में हिंदी नागपुरी और भोजपुरी गानों पर लोग झूमते दिखे। नवयुवक और महिला समूह के अलावा जनप्रतिनिधियों समाजसेवीयों कि टोली घूम-घूम कर होली खेलते नजर आये जिसमें शुभकामनाओ के अलावा आपसी भाई-चारगी भी दिखी।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना गांव निवासी भिखारी साहू का 24 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार ने होली के दिन पिछले मंगलवार रात्रि को फांसी लगाकर अपने लीला समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी तब हुई जब दीपक की मां सुबह उसके रूम दरवाजा खुलवाने पहुंची। परिजनों ने बताया कि रात्रि में खाना खाकर अपने रूम में जाकर सो गया, जब सुबह दीपक की मां दरवाजा खुलवाने के लिए पहुंची, तो वह दरवाजा नहीं खोल रहा था। जिसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दिया गया, जिसके बाद लोग दौड़े हुए आए और दरवाजा को किसी तरह तोड़े तो देखा कि पंखा लगाने वाला हुक में रस्सी के सहारे गले में फंदा लगाकर लटका हुआ। किसी तरह लोगों ने उसे जमीन पर उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दीपक कुमार की मौत की सूचना मिलने पर पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई, चुकी होली का दिन था, पूरा गांव सन्नाटा छा गया। जानकारी मिलने पर मुखिया गोविंद साहू व बरही थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

विष्णुगढ़ में होली व शब-ए-बरात पर दिखी भाईचारगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ प्रखण्ड में होली का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के सम्पन्न हुआ ।विष्णुगढ प्रखण्ड के गॉवों में पुरुष एवं बच्चे टोली बनाकर रंगोत्सव को धूमधाम से मनाया। विष्णुगढ प्रशासन की सतर्कता से होली और सब-ए-बरात को दोनों समुदायों ने पूरी हँसी खुशी,सद्भावना एवं भाईचारगी से मनाया। बच्चे तो इस रंगोउत्सव की खुशी को मानो अपनी झोली में भरने के लिए दिन-भर एक दूसरे पे रंगों एवं गुलाल की बारिश करते रहे

,राहगीरों पर नजरे गड़ाये हुए पिचकारी की जोरदार बारिश एवं रंग से भरे गुब्बारे के बीच राहगीरों का बच कर निकलना मानो जंग जीतने के बराबर था । होली के इस पावन त्योहार में लोगो ने एकदूसरे से गिले- शिकवे मिटाकर होली को बड़े प्यार से मनाते दिखे । पूरे प्रखण्ड में हर जगह एक ही नजारा दिख रहा था ,लोग मंडली बनाकर एक दूसरे के घरों के जाकर पकवानों का लुत्फ उठाते हुए गुलाल लगाकर एकदूसरे के साथ गले मिलकर,बुर्जगों के पाँव छूकर आशीर्वाद लिया और होली की खुशियाँ बांटी । चौक-चौराहो पर ढोल मंजीरे की थाप पर पारंपरिक गीतों एवं संगीत के बीच युवाओ ने जमकर नृत्य किया ।एका-दुक्का आपसी झड़प की घटनाओं के साथ विष्णुगढ में होली एवं सब-ए-बरात पूरी तरह शांति पूर्वक बीता ।

बड़कागांव में रंगों का त्योहार होली व शब-ए-बरात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ। इस पर्व को ले कर ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल कायम रहा। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कहीं से कोई अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। होलिका दहन के बाद से ही रंग व अबीर का जो सिलसिला शुरू हुआ वह बुधवार तक जारी रहा। सोमवार की रात होलिका दहन किए जाने के बाद रंग व गुलाल से प्रखंड के लोग सराबोर दिखे। लोगों ने रंगों के इस महापर्व का जमकर मजा लिया। इस वर्ष 3 दीनी होली होने के कारण सोमवार, मंगलवार एवं

बुधवार को समूचे दिन लोग रंगों से सराबोर रहे। हर एक के चेहरों पर रंग व गुलाल लगी रही। बड़कागांव के अनेक गांव के चौक चौराहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। 3 दिनों तक चलने वाली होली शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की सराहनीय भूमिका रही। एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर नीरज कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, दाढ़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, एसआई अभय कुमार, रितेश कुमार राव, चनेश्वर किस्कू, प्रशांत कुमार, प्रदीप कुमार झा, एएसआई हादी खान, संजय यादव, बसंत भगत सहित अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल के जवान प्रखंड के विभिन्न गांव में गश्ती करते रहे।

अकीदत के साथ मनाई गई शब-ए-बरात

बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम बादम, बलिया, डाडी कला, सिरमा, छवानिया, महुगाई, महूदी, बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला, बड़कागांव चट्टी, सिंदुवारी, चेपा खुर्द, हाहे, चंदौल सहित अन्य गांव में मंगलवार की रात को शब ए बरात अकीदत के साथ मनाई गई। तमाम मस्जिदों और कब्रिस्तानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कब्रिस्तान में रात भर लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर उनके गुनाहों की माफी और मगफिरत की दुआ मांगने के लिए भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय की भीड़ जुटी रही। रातभर मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में और महिलाएं घरों में इबादत करती रही। मस्जिदों में मुल्क के अमन चैन के लिए दुआ की गई। शबे बरात के मौके पर बड़कागांव पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद की गई थी। एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर नीरज कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, दाढ़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, एसआई अभय कुमार, एसआई हादी खान, संजय यादव, बसंत भगत सहित अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल के जवान रात भर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

स्विगी ने रांची के शीर्ष भोजनालयों को 'मोस्ट पॉपुलर रेस्टोरेंट सर्टिफिकेट' से किया सम्मानित

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूरे भारत में लोकप्रिय एवं लगातार बढ़ती हुई पाक-कला को सम्मान देते हुए स्विगी ने वर्ष 2022 के लिए 'मोस्ट पॉपुलर रेस्टोरेंट्स इन रांची' की घोषणा की है। भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने पिछले सालभर के दौरान मिले सर्वाधिक ऑर्डर्स के आधार पर यहां के शीर्ष रेस्टोरेंट को सम्मानित किया है। इनमें कावेरीज, द बेस्ट, कुप्पूस्वामी, सीजंस रेस्टोरेंट, जैश द रेस्टोरेंट और पंजाबी किचन के नाम शामिल हैं।लोकप्रिय व्यंजनों की बात करें तो रांची में पिछले सालभर के दौरान चिकन बिरयानी और पनीर बटर मसाला को सबसे ज्यादा पसंद किया गया। हॉट चिकन विंग्स नंबर 1 स्नैक के रूप में सामने आया। इनके अलावा समोसा, पनीर पेटीज, चिकन पॉपकॉर्न और वेज पेटीज भी अन्य पसंदीदा स्नैक्स में शुमार रहे।'झीलों और झरनों का शहर' कहे जाने वाले रांची के खूबसूरत दृश्य का आनंद यहां के स्वादिष्ट व्यंजनों से और निखर जाता है। पारंपरिक लिट्टी चोखा के अलावा शहर में बिरयानी को लोगों ने सबसे ज्यादा ऑर्डर किया। झारखंड में कुल 2201 रेस्टोरेंट स्विगी पर लिस्टेड हैं। इन रेस्टोरेंट के माध्यम से भारतीय, चाइनीज, दक्षिण भारतीय और कई अन्य तरह के व्यंजन उपलब्ध कराए जाते हैं। रांची में कुल 651 रेस्टोरेंट एवं भोजनालय स्विगी से जुड़कर अपने कारोबार को नई ऊंचाई दे रहे हैं।स्विगी के फूड मार्केटप्लेस पर वर्तमान समय में देश के कोने-कोने से दो लाख से ज्यादा रेस्टोरेंट व अन्य भोजनालय लिस्टेड हैं। हम पूर्वोत्तर में इंफाल/ईटानगर से लेकर अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तक 500 से ज्यादा शहरों में ग्राहकों को फूड डिलीवरी की सर्विस दे रहे हैं। स्विगी ने अपने साथ 3 लाख से ज्यादा डिलीवरी पार्टनर को जोड़ते हुए उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया है।

स्कोडा ऑटो इंडिया ने की स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट सीजन 2 की घोषणा

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट (स्प्लिट) टूर्नामेंट के दूसरे सीज़न की घोषणा की है। पूरे देश में 59 शहरों और 32,000से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवर करने के उद्देश्य के साथ स्कोडा सिंगल विकेट सीज़न 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल?क ने कहा, ÷स्कोडा ऑटो इंडिया में, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशा हमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है और लोगों से जुड़ाव बनाया जाता है। प्रतियोगिता और कौशल के अलावा खेल का मतलब मानवीय भावनाओं का उत्सव मनाना भी है। स्कोडा सिंगल विकेट प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विश्वसनीय और अनोखा प्लैटफॉर्म उपलब्ध कराता है। इतना ही नहीं, यह प्रतिभागियों के लिए भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने की आकांक्षा करने और उनके परिवारों और समुदायों के साथ कुछ अनमोल क्षणों का आनंद लेने का एक मौका भी प्रदान करता है। भारत में भारी संख्या में मौजूद प्रतिभाओं को प्रेरित और तैयार करना और पूरे देश में नए परिवारों तक स्कोडा ब्रांड लेकर जाना हमारे लिए गर्व की बात है।



किमानिय में यज्ञ का हुआ शुभारंभ बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के किमानिया में श्री श्री 108 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए अयोजित कलश यात्रा में माननीय विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए एवं विधिवत पूजन कर बालिकाओं के सिर पर कलश रख कर कल्शयात्रा को रवाना किया। तत्पश्चात भगवान शिव से सभी भक्तजनों की मनोकामनाऐं पूर्ण करें ऐसी कामना की। कलश यात्रा में शामिल विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सारा वातावरण भक्तिमय और शुद्ध हो जाता है। मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों ने विधायक को माला पहनाकर व चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी,उपप्रमुख सुरजी देवी,शिक्षाविद राजेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

मारपीट में एक व्यक्ति घायल, रेफर

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव में मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति कोरियाडीह गांव निवासी स्व. हेमलाल महतो का पुत्र सुरेश प्रसाद कुशवाहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह मैं अपने घर के पास खड़ा था कि तभी अचानक दो युवक आए और मेरे साथ साथ मारपीट करने लगे। तभी हल्ला करने पर आसपास के लोग पहुंचे तो दोनों युवक भागने लगे। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां बेहतर इलाज करने के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया।

होली पर्व हुई धूमधाम से सपंन्न

सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड गुरुवार को होली त्यौहार शान्ति और सौहार्दपूर्ण भाई चारगी से हुई संपन्न। जगह जगह देखा गया अबीर गुलाल रंगो लगाकर एक दुसरे को दी बधाई।जगह-जगह नित्य संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया लोगों फगुआ का गीत के साथ-साथ एक दूसरे को गुलाल लगाएं और झूमते थिरकते नजर आए।कानून व्यवस्था कायम बनाएं रखने के लिए पुलिस प्रशासन अपनी पुख्ता इंतजाम था। जगह जगह मजिस्ट्रेट भी नज़र आए बसोडिह मुख्य बाजार में शेख शकील अहमद और जवान नजर आए वहीं शिवपुर ग्राम में ए एस आई निशाद अहमद जवान के साथ नजर आए वहीं थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह शान्ति कायम बनाए रखने के लिए पूरे क्षेत्र में घूमते नजर आए। कई गावों में ढोलक कृताल झाल के साथ पुरुषों की टोली घूमते नजर आए जिसमें एक से एक फगुआ चैतावर गाते हुए दिखे।

हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ होली का त्योहार

मिहिजाम(प्रभात मंत्र संवाददाता): मिहिजाम शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के अलावे चित्तरंजन में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न मनाया गया। जहां लोगों ने होली के मौके पर एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाते हुए खूब मस्ती किया। लोगों का कहना था कि पिछले 2 वर्ष कोविड-19 के कारण होली के त्यौहार सही तरीके से नहीं हो पाया था। लेकिन इस वर्ष वैसी स्थिति नही रहने के कारण लोगों ने इस त्यौहार को खूब जमकर मनाया। होली को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों ने खूब जमकर अबीर गुलाल खेला,और एक दूसरे को इस त्यौहार की बधाई दी। इधर प्रशासन ने भी होली को लेकर पूरी तैयारी कर रखा था। खास करके सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर थी। यही कारण था कि होली के एक दिन पूर्व ही मिहिजाम शहर में पुलिस के द्वारा मार्च पास्ट किया गया। जो कि मिहिजाम थाना परिसर से निकलकर स्टेशन रोड होते हुए मेन रोड के रास्ते बढ़ाईपाड़ा, कुर्मीपाड़ा, चेकपोस्ट होकर अंबेडकर नगर पहुंचा। वहां से प्रशासन कृष्णा नगर होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचा। वही लोगों ने होली के मौके पर बनने वाला लजीज व्यंजन का भी खूब लुफ्त उठाया।

रिमझिम फुहारों से रंग के पर्व का जश्न हुआ दुगना, अभ्रक नगरी में धूमधाम से मनी होली

प्रभात मंत्र संवाददाता

झुमरीतिलैया : बुधवार को सुबह मौसम मैं अचानक आए बदलाव से होली का त्यौहार का जश्न दुगना हो गया ।रिमझिम बारिश से वातावरण मैं ठंड बढ़ गई। आकाश में दोपहर तक बादल छाए रहे ,भले ही सुबह से लोगों को सूर्य के दर्शन नहीं हो पाए पर्व होली मनाने वाले चारों तरफ से उत्साह के माहौल में थे ।एक दूसरे के घर जाकर होली की शुभकामनाएं दी सड़कों पर बच्चों और युवाओं ने होली खेली और धूम मचाई राजस्थानी समाज के लोगों ने शहर में ढक के साथ जुलूस निकाला एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर समा बांधा रवि दाहिमा के द्वारा घुंघटियो आडे आग्यो रे थाने देख कोनी पाई बाबा श्याम झूमते रहे। प्रदीप कंदोई मैं होली आई रे बांसुरी रंग बरसे बजा दे जरा बांसुरी झूमते रहे। इस मौके पर श्यामसुंदर सिंघानिया, नंदकिशोर शर्मा, श्याम सुंदर महेश्वरी ,मनोज लड्ढा ,अशोक खाटूवाला, रमेश कंदोई ,आयुष पोद्दार ,चंद्रशेखर जोशी, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे। वही श्री राम जानकी अपार्टमेंट चांडक कंपलेक्स में भी दो दिनों तक होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया ।इस दौरान कैंपस के 60 परिवार के लोगों ने 2 दिनों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न तरह के प्रतियोगिताओं की संगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाया। इस अवसर पर डॉ मनोज भदानी ने गीत प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया, कार्यक्रम में कैंपस के लगभग 300 लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष गंगवाल, संजय बजाज, गौतम अरोरा, मनीष अग्रवाल, संजय बोटा, राजेश शर्मा ,आशा बजाज ,नेहा गंगवाल आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।ब्लॉक मैदान स्थित पार्क में हेल्थ क्लब के द्वारा सूखी होली चंदन से खेली गई। मौके पर महेश दारू का, अविनाश सेठ, अमित कुमार, संजय कुमार, रितेश दुग्गड़,डॉ उपेंद्र भदानी आदि ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सूखी होली खेलने की परंपरा हेल्थ क्लब के द्वारा की जा रही है। वही चौधरी परिवार के द्वारा भी होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां की आधी आबादी ने 8 मार्च महिला दिवस पर होली के उत्सव को और चार चांद लगाने में महती भूमिका निभाई। एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान बनवारी के मदरसा पहुंचे जिप प्रतिनिधि सी के पाण्डेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत मदरसा गुलशने राजा बनवारी में विद्यार्थियों के बीच पहुंचे समाजसेवी व जिला परिषद प्रतिनिधि सी.के पाण्डेय। इस मौके पर सी.के पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने मदरसों के आधुनिकीकरण को लेकर योजना शुरु की है। उसका हमें फायदा उठाना चाहिए।धर्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा हासिल करने के बाद मदरसों से निकलने वाले बच्चे नौकरी के क्षेत्र में दूसरों का मुकाबला कर सकेंगे।सी.के पाण्डेय ने कहा कि युवाओं एवं अल्पसंख्यक समाज के बेहतर भविष्य के लिए हम सभी आपलोग के साथ हैं।

कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेवारी हम सभी की : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

जामताड़ा : जिले में 14 मार्च से 05 अप्रैल 2023 तक चलने वाले मैट्रिकइंटर की परीक्षा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में विभिन्न परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों आदि के साथ बैठक आहूत किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी में सबसे महत्वपूर्ण चीज है *÷समय÷* । केंद्राधीक्षक के तौर पर आप सबों की महत्वपूर्ण भूमिका पूरे परीक्षा के दौरान रहने वाला है जिसका जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करना बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि 14 मार्च से जिले में मैट्रिक परीक्षा हेतु 28 एवं इंटर की परीक्षा हेतु 14 केंद्रों में परीक्षा आयोजित किया जाएगा। जिसमें इस वर्ष मैट्रिक के परीक्षार्थियों की संख्या 8266 है। जबकि, इंटर के परीक्षार्थियों की संख्या 5792 है। वहीं प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं/ओएमआर सीट को रखने के लिए संबंधित प्रखंड के राष्ट्रकृत बैंक एवं कोषागार को चिन्हित किया गया है।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेवारी सभी की है। इसके लिए जारी गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना जरूरी है। आप सभी पहले भी परीक्षा करवा चुके हैं ऐसे में कई चीज से तो आप अवगत हैं ही लेकिन कई ऐसी चीजें हैं जिस पर बहुत बारीकी से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जहां प्रश्न पत्र रहेगा (वज्रगृह) वहां किसी तरह की कोई कोताही नहीं हो। सभी जगह सीसीटीवी की निगरानी में प्रश्न एवं उत्तर पुस्तिका/ओएमआर सीट रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पर्याप्त रोशनी, शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था हो ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।उन्होंने प्रश्न पत्र ले जाने वाले उड़नदस्ता दल को ओएमआर सीट को परीक्षा केंद्र में समय पर पहुंचाने सुनिश्चित करेंगे।

होली के दिन समाजसेवी सह व्यवसायी चंद्रमोहन ग्रोवर का निधन, पंचतत्व में हुए विलीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर के बड़े भाई, बलियापुर निवासी समाजसेवी सह व्यवसायी चंद्रमोहन ग्रोवर का पार्थिव शरीर गत बुधवार 8 मार्च को सुबह केंदुआटांड़ स्थित आवास पहुंचा तो पूरा बलियापुर का माहौल गमगीन हो गया। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं समेत सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त किया।

पहुंचकर संवेदना क्या व्यक्त करने वालों में यह लोग थे शामिल

आवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त करने वालों में धनबाद के विधायक राज सिन्हा, मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, मासस के युवा नेता बबलू महतो, जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, सिख समाज के सेवा सिंह, उप प्रमुख आशा देवी, स्वपन कुमार महतो, जिप सदस्य संजय महतो, गिरधारी लाल अग्रवाल, मिठू सरिया, कल्याण भट्टाचार्य, आशीष चटर्जी, कन्हाई बनर्जी, कुलदीप अग्रवाल आदि शामिल थे।बता दें कि सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले मृदुभाषी स्व ग्रोवर पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। 7 मार्च को हैदराबाद में उपचार के दौरान उनका देहांत हो गया।

तमाड़ के सूदूरवर्ती गांव में सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

तमाड़ : रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सुदूर ग्राम लुंगटू और तामराना मे सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन गाँव के पाहान द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात पारम्परिक भेष भूसा में पापीरदा ,हरबागड, कोचाडीह, डीमरा, तामराना आदि गाँवों के सरहुल नृत्य दलो ने जमकर सरहुल गीतो के साथ मन मोहक नृत्यकला का प्रदर्शन किया।समारोह में मुख्य रूप से विदेशी मुल्क के निवासी अमेरिका क्लोरीडा से सेलगन उपस्थित थे।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रो सहारन मुंडा,गुंजन इकिर मुंडा,हीरा लाल दास,मुखिया विश्व भुषण सिंह मुंडा महतो,, मुशी मुंडा,धनु नाग ,दमयंती मुंडा, मुन्ना महतो, लखिराम मुंडा, मेघलाल मुंडा, सहदेव मुंडाआदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गाँव के ग्राम प्रधान करम सिंह मुंडा,पहाड़ सिंह मुंडा, कमलेश सिंह मुंडा,सुभाष सिंह मुंडा,चन्द्र मोहन मुंडा,सोमा मुंडा,घासी राम मुंडा एवं सैकड़ो ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा ।

वैदिक श्री श्री 1008 श्री श्री शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठान महायज्ञ की तैयारी पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : रसोईयाधमना पंचायत अंतर्गत छोटकी बरही में नवनिर्मित मंदिर को लेकर वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठान का 7 दिवसीय महायज्ञ को लेकर आज सुबह 7 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्राण प्रतिष्ठान व महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजकों ने बताया कि महायज्ञ में वाराणसी से मुख्य यज्ञाचार्य आचार्य पं ऋषिराज वेदव्यास, प्रयाग से पं अंजनी गोस्वामी व यज्ञाचार्य जयनन्दन मिश्रा सहित कई विद्वान उपस्थित रहेंगे। आज शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू किया जाएगा। वहीं कल 11 मार्च शनिवार को पंचांग पूजन यज्ञामंडप प्रवेश, यज्ञ मंडप पूजन अर्निमंथन हवन कर्मकुटि,12 मार्च रविवार को मंडप पूजन, जलधिवास अन्नधिवास, महास्नान, नगर भ्रमण, श्याधिवास, 13 मार्च सोमवार प्राण प्रतिष्ठा प्रथम आरती दर्शन, 14 मार्च मंगलवार मंडप पूजन शिव हनुमान अकुंट, 15 मार्च बुधवार हवन इत्यादि और 16 मार्च गुरुवार मंडप पूजन हवन आरती यज्ञ पूर्णहुति भव्य भंडारा विदाई व रात्रि 8 बजे भक्ति जागरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रसोईया धमना व छोटकी बरही के सभी श्रद्धालु योगदान दे रहे हैं। आयोजक को लेकर महायज्ञ समिति का भी गठन किया गया है।मौके पर समिति के गठन में मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, विधायक मीडिया प्रतिनिधि यश राज साहा, हीरालाल प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, हिरामन प्रसाद, सहदेव प्रसाद, नारायण प्रसाद, जीवलाल पण्डित, राजू रविदास, अर्जुन प्रसाद, रमन प्रसाद, हिरामन प्रसाद, संतोष कु मंडल, हीरालाल प्रसाद, सीताराम प्रसाद, विकास कुमार, बबलू कुमार, बुलाकी प्रसाद, सरयू राणा, ईश्वर पंडित, मुन्नीलाल यादव, छोटेलाल मंडल, छत्रु भुइयां, रामचंद्र चौधरी, कुलदीप प्रसाद, महरू महतो, रामचंद्र पंडित, छोटेलाल रविदास, महेंद्र प्रसाद, भीम प्रसाद, हुलास महतो, खत्रू प्रसाद, किशुन महतो, प्रयाग महतो समेत समस्त ग्रामीण वासी आदि उपस्थित थे।

श्री वैष्णवी चैती दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया में स्थित देवी मंडप के प्रांगण में पूजा कमेटी के पुनर्गठन को लेकर गुरुवार को श्री वैष्णवी चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कु चौधरी के अध्यक्षता में आयोजित की गई एवं संचालन राजदेव प्रसाद के द्वारा किया गया। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर गत वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा देते हुए नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया जहां सूर्यदेव कुमार मंडल उर्फ टिंकू को श्री वैष्णवी चैती दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। सहदेव प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया। पंकज पंडित को सचिव बनाया गया। जबकि सहसचिव राजदेव प्रसाद और मनोज कुमार को संयुक्त रूप से बनाया गया। रंजन कुमार उर्फ सोनू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्णय लिया गए। समिति को मार्गदर्शन व संरक्षण के लिए भी दो उपसमिति भी बनाई गई जिसमें पहला निगरानी समिति जिसके मुख्य संरक्षक अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद तथा संरक्षक समिति जिसके अद्यक्ष प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी संयुक्त रूप से होंगे।

OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE, LOHARDAGA

LOHARDAGA POLICE

Very Short Notice Inviting Tender (NIT): Supply & establishment of training centre of lohardaga district police.

Sl No.	Information	Details
1	Name of the work	Jungle Warfare Training Development Centre at Police Line
2	Period of Work	10-12 days
3	Date of Publication of Bid	10-03-2023
4	Earnest Money to be Deposited (EMD)	Rs.25,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) in favor of Superintendent of Police, Lohardaga
5	Last date and time of receipt of Bid	17-03-2023 till 01:00pm
6	Date and time of opening of Bid	18-03-2023 at 03:00pm
7	Bid submission Place	Office of the Superintendent of Police, Lohardaga
8	Bid Opening Place	Office of the Superintendent of Police, Lohardaga
9	Tentative cost of Bid	Related information can be inquired from office

PR 292155Lohardaga(22-23)#D

Superintendent of Police, Lohardaga

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

चाय बगान, कालीनगर, नामकोम, राँची–834010.

संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2016

आवश्यक सूचना

दिनांकः 09.03.2023

दिनांक–15.12.2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील सिविल अपील संख्या–4038/2022 तथा सिविल अपील संख्या–4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या–612/2022 मामलें में पारित न्यायादेश के अनुपालन के क्रम में संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2016 में गठित राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर **विषय–वाणिज्य, कुडुख एवं बंगला** के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जाँच आयोग कार्यालय कालीनगर, चायबागान, नामकोम, राँची में **दिनांक–14.03.2023 को** प्रथम पाली में होगी।

2. किसी कारणवश अनुपस्थित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जाँच **दिनांक–17.03.2023 एवं दिनांक–20.03.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक** किया जायेगा। अनुपस्थित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु उपस्थित होने का यह अंतिम अवसर होगा। इस अवसर पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता स्वतः रद्द समझी जायेगी।
3. विस्तृत सूचना आयोग के वेबसाईट–**www.jssc.nic.in** में उपलब्ध है।
4. **अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु आमंत्रित करना परीक्षाफल गठन अन्तर्गत अभिन्न कार्रवाई है, एवं स्वतः नियुक्ति हेतु अनुशंसा का द्योतक नहीं है।**

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक
झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग।

PR 292170 (Jharkhand Staff Selection Commission) 22-23 (D)

जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा

(अभियंत्रण कोषांग)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 47/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 16.03.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 17.03.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.03.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद : SCA मद
8. कार्य का विवरण

क्र0/ग्रुप संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	पेशरार	राजकीय प्राथमिक विद्यालय हेसाग नावाटोली का मरम्मति कार्य	422100.00	750.00	8500.00	02 (दो) माह
2	पेशरार	राजकीय प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया का मरम्मति कार्य	350800.00	750.00	7100.00	02 (दो) माह
3	पेशरार	राजकीय मध्य विद्यालय बोन्डोबार का मरम्मति कार्य	427300.00	750.00	8600.00	02 (दो) माह
4	पेशरार	उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय जावाखाड का मरम्मति कार्य	439200.00	750.00	8800.00	02 (दो) माह
5	पेशरार	राजकीय प्राथमिक विद्यालय मनहा का मरम्मति कार्य	362100.00	750.00	7300.00	02 (दो) माह
6	पेशरार	उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय माची का मरम्मति कार्य	449500.00	750.00	9000.00	02 (दो) माह
7	कुडू	राजकीय प्राथमिक विद्यालय रानी टोंगरी का मरम्मति कार्य	342700.00	750.00	6900.00	02 (दो) माह
8	कैरो	राजकीय प्राथमिक विद्यालय तोडांग का मरम्मति कार्य	429382.00	750.00	8600.00	02 (दो) माह
9	कैरो	राजकीय मध्य विद्यालय सढाबे का मरम्मति कार्य	989700.00	1250.00	19800.00	02 (दो) माह
10	कैरो	राजकीय प्राथमिक विद्यालय रानी टोंगरी का मरम्मति कार्य	387500.00	750.00	7800.00	02 (दो) माह

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga** के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 292135 (Lohardaga) 22-23 (D)

केंदुआ : महिला राजद के होली मिलन में उड़े गुलाल

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद जिला राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में केन्दुआ हटिया के निकट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महिला राजद

के जिलाध्यक्ष अनवरी खातून एवं मंच संचालन प्रदेश महासचिव गुलशन खातुन ने की। समारोह में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मो0 गुलाम समदानी प्रदेश महासचिव गुलशन खातून गरीब उत्थान केंद्रीय सचिव प्रवीण कुमार युवा राजद जिला अध्यक्ष बिट्टू यादव कोलियरी श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री चंद्रशेखर पाठक श्रमिक नेता गणेश दास चानू कुमारी सुशीला देवी मुमताज अंसारी शीला देवी महेश पाण्डेय शंकर चौहान कुणाल इजराइल अंसारी बबलू किरण चौरसिया सूरज यादव अनिता माला देवी मुन्नी देवी के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे ।

कलाकार संघ ने मनाई होली, बिखेरा जलवा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मंगलवार को कलाकार संघ के राजू सिंह अनुरागी की अध्यक्षता में संगीतमय होली का उत्सव अपनो के संग 'होली मिलन समारोह, योग केंद्र, भुली में

धनबाद के कलाकारों द्वारा बहुत ही मनोरंजनपूर्ण, संगीतमय और शानदार ढंग से आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान रंग बिरंगी अबीर-गुलाल उड़ाकर सभी को प्रेम पूर्वक लगाकर पारंपरिक होलियाना माहौल में संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह में कलाकार संघ के संरक्षक रणविजय सिंह, मुख्य अतिथि उदय प्रताप सिंह, एवं रमेश पांडे एवं अतिथि दिलीप सिंह, मनजीत सिंह शामिल हुए। सभी को राधा कृष्ण की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में देकर सम्मानित किया तथा अतिथियों ने धनबाद जिले के कलाकारों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की तथा उनका हौसला अफजाई किया। वहीं राजू सिंह अनुरागी ने कहा की कलाकार संघ का होली मिलन समारोह कोई जाति समुदाय राजनीति का मंच नहीं बल्कि समस्त कलाकारो एवं कला के कद्रदानो के हार्दिक मिलन का समारोह है। होली मिलन समारोह में संजय मिश्रा, राजू सिंह अनूरागी, सुरेन्द्र ठाकुर, जितेंद्र, कृपांशु, शत्रुधन गुप्ता सन्नी, मूकेश दुबे, शशि, पंकज मोदी, दीपक, पियूष, सुरेन्द्र सिंह समेत सभी पदाधिकारी कलाकार एवं दर्शक उपस्थित थे। मंच का संचालन संजय मिश्रा और सुरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।और मंच की शोभा अपने वादयंत्रो से बढ़ाने में सुधीर मिश्रा, परवेज खान, चंदन पोद्दार, कानन, मनोज, गोपाल और सन्नी शर्मा थे।

ड्रीम पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाई होली

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : तोपचांची स्थित ड्रीम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विधालय के संस्थापक रविन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य रूप से विधालय के निर्देशक गिरिधारी महतो ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों सहित कर्मचारियों को होली की बधाई एवं शुभकामना दी। होली मिलन समारोह मे ड्रीम पब्लिक स्कूल के कर्मचारीयो को निर्देशक गिरिधारी महतो के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधालय के सचिव रोहित तिवारी, प्राचार्य धनेशवर प्रसाद, प्रिती चंद्रवंशी, निधी साहु, साक्षी सिन्हा, बबिता कुमारी, साहीना कौसर, आलिया सिन्हा, सत्यनारायण चौबे, कुन्दन महतो, निमाई चौबे, तिलकधारी गोस्वामी, मनीष दुबे, विश्वजीत तिवारी, मुनी देवी, रुपा देवी, मोती पासवान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

संतोष कुमार मौर्य होंगे सरिया के थाना प्रभारी

सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह जिले के कई थानों में तैनात थाना प्रभारी का स्थानांतरण किया गया है इसी क्रम में सरिया थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा का मधुबन थाना स्थानांतरण करते हुवे जमुआ थाना में पदस्थापित पु अ नी संतोष कुमार मौर्य को सरिया थाना का पदभार दिया गया है बताते चलें कि राजू कुमार मुंडा के लगभग 3 महीने का कार्यकाल सरिया थाना प्रभारी के रूप में रहा और इनके तुरंत स्थानांतरण किए जाने को लेकर खासे चर्चा हो रही है आखिर क्या वजह है की इतनी जल्दी थाना प्रभारी का स्थानांतरण किया गया।

वासेपुर में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : होली के अवसर पर हिन्दु मुस्लिम

एकता और सौहार्द का मिशाल पेश करते हुए वासेपुर निवासी टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे उपस्थित हिन्दु मुस्लिम भाईयों ने एक दुसरे को अबीर व गुलाल लगाए, मिठाईयाँ खिलायी और होली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में की आर्थिक मदद

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टुंडी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सह झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने दक्षिणी टुंडी कटनियां पंचायत मंझलीटांड गांव के अत्यंत जरूरतमंद लालू रजवार की बेटी की शादी के लिए हजारों की सामग्री एवं नगद राशि देकर मदद की। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक काम के लिए वो हमेशा तत्पर रहते हैं। मौके पर दिलीप कुमार ओझा, मनोज पाण्डेय, पंकज चौबे, मनोज दूबे, सुभाष तिवारी आदि मौजूद थे।

कोयलांचल में अकीदत के साथ मनाया गया शब-ए-बारात

देश व राज्य में अमन, शांति व खुशहाली की मांगी गई दुआएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : इबादत व गुनाहों से मगफेरत (क्षमा) की रात यानी शब-ए-बरात का पर्व पूरी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान देर रात तक जहां मजार, कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ने का दौर चलता रहा तो वहीं मस्जिद व घरों में कुरआन की तिलावत व इबादत होती रही। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 15वीं शाबान की रात मजहब ए इस्लाम की अहम रातों में शुमार है। उलेमा-ए-कराम इस रात के इबादत की बड़ी अहमियत बताते हैं। रमजान से ठीक एक पखवारा पहले मनाए जाने वाले शब ए बरात के साथ ही इबादतों का सिलसिला भी शुरू हो

जाता है। कोयलांचल के मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लें में शब ए बरात की बहुत धूम रही। घरों में महिलाएं जहां हलुआ वगैरह बनाने में जुटी रहीं, वहीं बच्चों में घरों व मस्जिदों की सजावट को लेकर उत्साह देखा गया। मुस्लिम बाहुल्य इलाका वासेपुर, आज़ाद नगर, पांडरपाला, शमशेर नगर, रहमतगंज, टिकिया पाड़ा, मनईटांड़, गजुआटांड़, नया बाजार, गद्दी मोहल्ला, कबाडी पट्टी स्थित मस्जिदों की विशेष तौर पर सजावट की गई। जहाँ रात भर लोग इबादत में मशगूल दिखे। स्टेशन के करीब स्थित मज़ार पर रात भर अकीदतमंदों की भीड़ जमी रही।लोगों ने दुआएं की। एक ओर शहर के विभिन्न कब्रिस्तानों पर लोग अपने अपने पूर्वजों के गुनाहों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ करते देखे गए। वहीं दुसरी तरफ घरों से कुरआन के तिलावत की सदा आती रही। जबकि देर रात तक मस्जिदों में इबादतों का सिलसिला जारी रहा। शब ए बरात को लेकर शहर के मोहल्ले व गलियां गुलजार रहीं। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सारी रात गहमा-गहमी रही। इस मौके पर घरों को चिरागों से रौशन किया गया था तो मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया भी गया था। इस दौरान शहर के विभिन्न मस्जिदों मे देश व राज्य की अमन, शांति व खुशहाली के लिये दुआएं मांगी गई।

टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने मनाया महिला दिवस

धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) : टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने सप्ताह भर चलने वाले रोमांचक कार्यक्रमों और इवेंट्स के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों के लिए अपना समर्थन और सम्मान दिखाया। इस दौरान महिला कर्मचारियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें खेल प्रतियोगिताएं, फोटोग्राफी, कविता प्रतियोगिताएं, सामुदायिक मिलन कार्यक्रम, अगरबत्ती और पेपर प्लेट बनाना शामिल है। 51 महिला कर्मचारियों की जबर्दस्त भागीदारी कंपनी के कार्यबल में महिलाओं की सराहना और समर्थन को दर्शाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनीता राजोरिया ने महिला कर्मचारियों की भागीदारी की सराहना की और उनकी कार्य संस्कृति की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में चीफ और हेड्स के जीवनसाथी और निर्णायकों के एक पैनल की उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने गायन और कविता प्रतियोगिताओं में विजेताओं का चयन किया। संतोष महतो, रीजनल सेक्रेटरी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने महिला कर्मचारियों को उनके कार्य के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। टाटा स्टील फाउंडेशन ने भी दीपा गुप्ता, रिमझिम ठाकुर, मनप्रीत तारापोरवाला और पीयूष कुमार की उपस्थिति में सिजुआ कम्युनिटी सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

वज्रपात से युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ : प्रखंड के चिलगा पंचायत अंतर्गत पण्डो निवासी सोहन पंडित पिता चुरामन पंडित की मृत्यु वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। आपको बता दें जहां पूरा गांव होली की जश्न मना रही थी वही दोपहर लगभग हल्की बारिश के साथ वज्रपात शुरू हुआ। इस वज्रपात की चपेट में सोहन पंडित आ गए जिसका मौके पर मौत हो गया इसके साथ ही बज्रपात के कारण पूरे कच्चा खपरैल घर आग की चपेट में आ गई आग को काबू में पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया फायर ब्रिगेड ने घर में लगी आग पर काबू पाया लेकिन इसी बिच घर में रखे हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गया साथ ही घर में बांधे एक मवेशी भी आग की चपेट में आ गई जिसका भी मृत्यु हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले गया है वही परिवार एवं पूरा गांव में मातम पसरा है। इधर इस दुर्घटना की खबर मिलते ही जिला परिसद सदस्या मुनिना देवी मृतका सोहन पंडित के घर पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया हुए कही की विभाग से जो भी मुआवजा होता है वो दिलाने की प्रयास करूंगी , साथ ही ग्रामीण इलाको में बज्रपात की समस्या से बचाव के लिए तडित चालक लगाने की मांग करूंगी।

गिरिडीह जिले में विभिन्न थाना प्रभारी का स्थानांतरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गुरुवार को गिरिडीह जिले के विभिन्न थानों में तैनात थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी एवम पुलिस अवर निरीक्षक का स्थांतरण किया गया है। इसे लेकर पुलिस विभाग द्वारा गुरुवार को अधिसूचना भी जारी किया गया है। जारी किए गए अधिसूचना के तहत कुल 13 पुलिस अवर निरीक्षकों का स्थांतरण किया गया है। बता दें पु0अ0नि0 पिन्टु कुमार थाना प्रभारी, गावाँ को स्थांतरित कर पुलिस केन्द्र, गिरिडीह भेज दिया गया है। पु0अ0नि0 प्रदीप कुमार जो पुलिस केन्द्र, गिरिडीह में थे उन्हे थाना प्रभारी, तिसरी का पदभार दिया गया है। पु0अ0नि0 पिकु प्रसाद थाना प्रभारी, तिसरी को थाना प्रभारी, धनवार का प्रभार देते हुए स्थांतरित कर दिया गया है। पु0अ0नि0 सन्नी सुप्रभात ओ0पी0 प्रभारी, मंसाडीह को थाना प्रभारी, गावाँ का पदभार दिया गया है। वहीं बगोदर

थाना में पदस्थापित पु0अ0नि0 उदित बेदिया को ओ0पी0 प्रभारी, थानसिंगडीह का पदभार सौपा गया है। इसके आलावा पु0अ0नि0 चंदन कुमार सिंह ओ0पी0 प्रभारी, नवडीहा को पुलिस केन्द्र, गिरिडीह स्थांतरित कर दिया गया है। पु0अ0नि0 राधेश्याम पाण्डेय थाना प्रभारी, लोकायनयनपुर को स्थांतरित कर ओ0पी0 प्रभारी, नवडीहा का पदभार दिया गया है। पु0अ0नि0 नागेन्द्र कुमार थाना प्रभारी, धनवार को स्थांतरित करते लोकायनयनपुर का थाना प्रभारी का पदभार दिया गया है। पु0अ0नि0 मो0 शकील अहमद प्रभारी थानसिंगडीह ओ0पी0 को पुलिस केन्द्र, गिरिडीह स्थांतरित कर दिया गया है। पु0अ0नि0 अभिषेक कुमार रंजन भी0आई0पी0 मोनीटॉरींग सेल में थे उन्हे स्थांतरित कर ओ0पी0 प्रभारी मंसाडीह का प्रभार दिया गया है। पु0अ0नि0 राजु कुमार मुण्डा थाना प्रभारी (सरिया) को स्थांतरित कर मधुबन का थाना प्रभारी बनाया गया है। पु0अ0नि0 मृत्युजय कुमार सिंह थाना प्रभारी, (मधुबन) का स्थानांतरण कर पुलिस केन्द्र गिरिडीह भेज दिया गया है। वहीं जमुआ में पदस्थापित पु0अ0नि0 संतोष कुमार मौर्य को स्थानांतरण कर थाना प्रभारी (सरिया) का पदभार दिया गया है।

पत्रकारों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : मुख्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : कोयलांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष मो मुख्तार अहमद के नेतृत्व में संघ का एक टीम होली के दिन असमाजिक तत्वों के द्वारा हमले में घायल हुए पत्रकार आदित्य नोनिया से कतरास अस्पताल में मिलकर हाल चाल जाना। इस दौरान मो मुख्तार अहमद ने जोगता थाना प्रभारी से अस्पताल में ही बात कर इस मामले में त्वरित कार्यवाई करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर मामले में थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाई नही की जाती है तो संघ गंभीरता पूर्वक इस मामले को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन को बाध्य होगा। अहमद ने कहा कि पत्रकारों पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। वही अरुण कुमार ने कहा कि आदित्य नोनिया के हमलावरों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी होनी चाहिये। मौके पर अनुशासन समिति अध्यक्ष सतीश सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, कार्यालय प्रभारी समीम हुसैन, सुनील सिंह, साधु सिन्हा, कार्तिक वर्मा, आशीष घोष, वसीम अंसारी, इम्तियाज़ अंसारी, कृष्णा नोनिया, जितेन्द्र चौधरी, मिथिलेश पांडेय आदि थे।

रिवाल्वर दिखा दबंगों ने मचाई उत्पात, लूटे सामान

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : होली की रात मुनिडीह के बालूडीह कॉलोनी में बीसीसीएल के ठेकेदार राजनाथ यादव के घर पर दुबराजडीह के दबंग युवकों ने हमला कर दिया व जमकर उत्पात मचाया। ठेकेदार का सिर फोड़ दिया, पत्नी मंजू देवी, पुत्र राहुल यादव, विजय यादव और अजय यादव की भी पिटाई कर दी। ढाई साल के नन्हे बच्चे को उठाकर फेंक दिया। युवकों ने गैराज में घुसकर मोटरसाइकिल, कुर्सी व अन्य सामान तोड़ डाले। 30 से ज्यादा की संख्या में रिवाल्वर, लाठी, डंडा से लैस हमलावर रात में मोटरसाइकिल से आए व आधा घंटा तक उत्पात मचाया। जाते वक्त 24 घंटे के अंदर गैराज व मकान खाली करने की चेतावनी भी दी। ठेकेदार ने घटना की शिकायत मुनिडीह ओपी में की है। ठेकेदार ने आवेदन में दुबराजडीह के अजीत सिंह, राहुल सिंह, इंद्रजीत सिंह, चन्दन सिंह,

सोनू सिंह, मोनू सिंह, सूरज सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, दीपक सिंह व अन्य के खिलाफ शिकायत की है। हमलावरों पर मारपीट, तोड़फोड़ करने, पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने, सोने की बाली व मंगलसूत्र लूटने का आरोप लगाया है। ओपी प्रभारी रोशन बाड़ा ने कहा कि शिकायत मिली है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

होली मिलन समारोह का आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : कुसुंडा एरिया 6 अंतर्गत खास कुसुंडा के हाजिरी घर और कांटा घर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में बीसीसीएल के अधिकारी एवं कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी से शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में होली मनाने का अपील किया। होली मिलन समारोह में पारंपरिक तरीके से फगुआ गीत गाकर कर्मियों ने होली का खूब आनंद उठाया। मौके पर बीसीसीएल के सभी कर्मी उपस्थित थे जितेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद कुमार प्रसाद राजेंद्र चौहान शिवनारायण भारती सीबी पासवान, नागेंद्र सिंह, सुरेश भुइयां कन्हैया नोनिया, आरपी पासवान और संजय महतो सहित अन्य होली मिलन समारोह मे उपस्थित थे।

डोभा निर्माण में धड़ल्ले से हो रहा जेसीबी का उपयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया : आज से लगभग 16 साल पहले 2 फरवरी, 2006 को देश में मनरेगा कानून लागू हुआ। जिसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 100 दिनों के रोजगार की गारंटी की गई है। देश में 12.30 करोड़ परिवार इस कानून के अंतर्गत संचालित योजना में पंजीकृत हैं। झारखण्ड जैसे कई अन्य राज्यों के लिए यह कानून कई मायने में वरदान साबित हो रहा है भारी संख्या में पहुंचे प्रवासी मजदूरों को रोजगार से जोड़ने के लिए मनरेगा कार्य जोरों से चल रहा है। प्रशासन यह भी सुनिश्चित करने में लगा है कि किसी भी कार्य में मशीन का उपयोग नहीं हो लेकिन इसके ठीक विपरीत सरिया प्रखंड के कुसमाडीह पंचायत में बेखौफ़ होकर धड़ल्ले से जेसीबी मशीन का प्रयोग करते हुए रातो रात

डोभा का निर्माण किया जा रहा है इसे लेकर ग्रामीणों ने बताया की हमारे गांव क बहुत सारे लोग रोजगार के चक्कर मे बाहर जाकर मजदूरी करन को विवश है हम लोगों के पास जॉब कार्ड है लेकिन हमें काम नहीं मिल रहा हमारे गांव में कई डोभा निर्माण हो रहे हैं जो रातों-रात मशीन से खोद दीये जा रहे है जिसके कारण हमें रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

डोभा खोदने के बाद हो रहा ऑनलाइन भुगतान

प्रखंड के अंतर्गत संचालित डोभा निर्माण के कार्य में अक्सर यह देखा जा रहा है कि ठेकेदार, लाभुक या अधिकारी अपने बचाव के लिए पहले डोभा का खुदाई करते हैं और अगर उसमें कोई विवाद नहीं होता है तो फिर चुपके से ऑनलाइन करके भुगतान करा लिया जाता है बीते दिनों एक पंचायत में डोभा निर्माण में मशीन के उपयोग को लेकर जिला आई जांच टीम ने जांच भी की है लेकिन फिर भी किसी के चेहरे प्रशासन का कोई डर नहीं दिख रहा

डोभा खुदाई में स्पष्ट दिख रहे हैं जेसीबी मशीन के टायर के निशान

डोभा खुदाई में जेसीबी मशीन के उपयोग को लेकर जानकारी मिलने के बाद जब प्रभात मंत्र के रिपोर्टर ने क्षेत्र में जाकर जानकारी इकट्ठा करने का प्रयास किया तो प्रखंड में संचालित लगभग 6 से अधिक डोभा निर्माण में जेसीबी के टायर के निशान, जेसीबी मशीन के दांत के निशान और वहां से ट्रैक्टरों की आने जाने के स्पष्ट निशान देखे गए जिससे साफ प्रतीत होता है कि इन डोभा के निर्माणों में जेसीबी का उपयोग हुआ है वही ग्रामीण भी बताते हैं कि यहां पर रातों-रात डोभा का निर्माण किया गया है, इसमें कोई मजदूर ने काम नहीं किया है।

मुखिया के नेतृत्व में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

सैकड़ों छात्र ने लिया हिस्सा, जिला के प्रसिद्ध शिक्षक ने किया मोटिवेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ : प्रखंड के नवडीहा ओपी अंतर्गत सियाटांड़ पंचायत के मुखिया महेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पंचायत के बिशनपुरा स्थित आम बागान में मंगलवार को केरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें सियाटांड़, चिलगा, नवडीहा गोरो इत्यादि पंचायत के सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। इसके साथ ही कैरियर काउंसलिंग में गिरिडीह जिला के अलग-अलग विषय के प्रसिद्ध शिक्षक का आमंत्रण किया गया था जिसमें इंग्लिश शिक्षक विनोद वर्मा , प्रोजेक्ट हाई स्कूल नावहार के प्रधानाध्यापक , प्लस टू उच्च विद्यालय नवडीहा के शिक्षक चंद्रदेव प्रसाद वर्मा , साइंस वर्ल्ड गिरिडीह के संचालक रवि शंकर विद्यार्थी , जीनियस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर जयनंदन ,देवेंद्र ,मोहन, अनिल ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नरेश वर्मा , स्पेक्ट्रम कोचिंग क्लास गिरिडीह के संचालक इत्यादि शिक्षक के साथ पंचायत के वैसे छात्र जो सरकारी नौकरी में कार्यरत

है उन सभी लोगों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पढ़ाई संबंधित मोटिवेशनल क्लास दिया । वहीं मुखिया महेंद्र कुमार वर्मा ने कहा पंचायत में इस प्रकार कॉन्सलिंग आयोजन करके यहां के छात्रों को अभी से ही उनके अंदर छुपे हुए प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा हूं अगर किसी छात्र को किस क्षेत्र में जाना पसंद है तो उन्हें जाने के लिए क्या तैयारी करना पड़ेगा यह सारी चीज जिला के अलग-अलग विषय के शिक्षक के विशेषज्ञों द्वारा बताया गया।

पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने वाली 03 जोड़ी ट्रेनों का जबलपुर व भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने वाली 03 जोड़ी ट्रेनों का जबलपुर एवं भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.दिनांक 11.03.2023 से 07.09.2023 तक गाड़ी संख्या 19165 अहमदाबाद-दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस भोपाल मंडल के शाजापुर स्टेषन पर 08.35 बजे पहुंचकर 08.37 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा सारंगपुर स्टेषन पर 08.58 बजे पहुंचेगी और 09.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

2. दिनांक 12.03.2023 से 08.09.2023 तक गाड़ी संख्या 19166 दरभंगा-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस भोपाल मंडल के सारंगपुर स्टेषन पर 13.38 बजे पहुंचेगी और 13.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा शाजापुर स्टेशन पर 14.50 बजे पहुंचकर 14.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

3. दिनांक 10.03.2023 से 06.09.2023 तक गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी जबलपुर मंडल के जोबा स्टेषन पर 19.31 बजे पहुंचकर 19.32 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गजरा बहरा स्टेषन पर 21.03 बजे पहुंचेगी और 21.04 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

4. दिनांक 10.03.2023 से 06.09.2023 तक गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर एक्सप्रेस जबलपुर मंडल के गजरा बहरा स्टेषन पर 05.33 बजे पहुंचेगी और 05.34 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा जोबा स्टेषन पर 06.51 बजे पहुंचकर 06.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

5. दिनांक 12.03.2023 से 08.09.2023 तक गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस जबलपुर मंडल के सरईग्राम स्टेशन पर 11.34 बजे पहुंचकर 11.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च 2023| पेज 11

संक्षिप्त खबरे

बिजली की चपेट में आने से एक युवक हुआ घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

केरसई : केरसई थाना क्षेत्र के बाघडेगा दुलाटोली निवासी अंकुर तिर्की को बिजली करेंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उस व्यक्ति का पीठ और हाथ जल गया है। करंट के वजह से उसके कपड़े भी जल गये हैंमिली जानकारी के अनुसार युवक मानसिक रूप से कमजोर था और चालू लाइन में बिजली के पोल में अनायास ही चढ़ गया था। इसी क्रम में उसको करेंट लग गया। गांव के लोगों ने केरसई प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला शोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता को फ़ोन के माध्यम से जानकारी दी एवम् सूचना मिलते ही उन्होंने 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराया और सदर अस्पताल सिमडेगा के लिए भेज दिया गया।

विधायक आपके द्वार कार्यक्रम चला, विधायक भूषण बाड़ा ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : विधायक भूषण बाड़ा विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुरडेग प्रखंड के चाड़रीमुंडा के रेंगारबहार जटाटोली गांव पहुंचे। साथ ही लोगों की समस्या सुनी और सभी समस्याओं को दूर कराने का वायदा भी किया। विधायक ने कहा कि वर्षों पूर्व उनके द्वारा शुरू किया गया विधायक आपके द्वार कार्यक्रम का सकारात्मक रिजल्ट मिला है। विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के द्वारा ग्रामीणों के घरों तक जाकर उनकी समस्या सुनने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को नजदीक से जाकर देखने के लिए उन्होंने यह कार्यक्रम शुरू किया है। मेरा मानना है कि जब तक लोगों के करीब न पहुंचा जाय। लोगों की समस्याओं के महत्व का आभास नहीं हो पाता है। मौके पर पाकरटांड जिप सदस्य

जोसिमा खाखा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो,वरीय उपाध्यक्ष जॉन्शन मिंज,पूर्व मुखिया शिशिर मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, मुखिया बसंती कुजूर, पूर्व मुखिया विजय बेग, पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो, प्रतिमा कुजूर, नीला नाग, गुलशन एक्का, पंचायत अध्यक्ष सुशील खलखो, अजयदान कुजूर, संदीप लकड़ा, जॉन्सन बेग, प्रवीण खेस,भुनेश्वर बेसरा, संदीप नायक, संदीप लकड़ा, समीर टोप्पो, जॉन किंडो, रसाल लकड़ा, प्रवीण सुरीन, जॉन मिंज, गॉड्सशान लकड़ा, आईबीएल लकड़ा, उजित यादव, समीर अंसारी, बिनीता लकड़ा, मतियाश लकड़ा, विनय तिग्गा, हर्षित मिंज, पंचायत अध्यक्ष विजय लकड़ा, लोलाश खलखो, पचायत अध्यक्ष आलोक बड़ा, मुखिया अनश्तसिया खलखो, फादर पौलुष लकड़ा, वार्ड रश्मि कुल्लू, खीतोफर, रिमेजियस कुल्लू, राजेश केरकेट्टा, अनिल खलखो, किशोर कुल्लू, राजेश लकड़ा, विकास किरो, निरोज टेटे, तोबियाश केरकेट्टा, एरिक केरकेट्टा, फ्लोरियस टोप्पो, निराली केरकेट्टा आदि शामिल थे।

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने की विधायक आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना : मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी विधायक आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनता के करीब जाकर उनकी समस्याओं को देखने का कार्यक्रम शुरू किया जाना विधायक भूषण बाड़ा का सराहनीय पहल है। यह कार्यक्रम ग्रामीणों की समस्या दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विधायक के इस कार्यक्रम के बाद क्षेत्र की समस्याएं भी तेजी से दूर हो रही है।

उपायुक्त ने मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर सभी केंद्राधीक्षकों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2023 को लेकर आज समाहरणालय सभागार में आवश्यक बैठक सभी केंद्राधीक्षकों के साथ आयोजित हुई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 14.03.2023 से झारखंड अधिविद्य परिषद, झारखंड,रांची द्वारा माध्यमिक (मैट्रिक) एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। माध्यमिक की परीक्षा 14.03.2023 से 03.04.2023 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से अपराह्न 1.05 तक संचालित होगी। माध्यमिक की परीक्षा में लोहरदगा जिला से 7700 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला में इसके लिए कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इंटरमीडिएट (कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय) की वार्षिक परीक्षा इस वर्ष दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक लोहरदगा जिला के 11 परीक्षा के केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में लोहरदगा जिला के 4796 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय अपराह्न 2 बजे से 5.20 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। उपायुक्त द्वारा सभी केंद्राधीक्षकों त्रुटिरहित व शांतिपूर्ण तरीके से दोनों परीक्षाएं आयोजित किये जाने का निदेश दिया। आज की बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर एवं सभी केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

कैरो प्रखंड क्षेत्र में रंगो का त्योहार होली व शब-ए-बारात शांति, सौहार्द व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कैरो, सढावे, हनहट, गजनी, नरौली, गुड़ि के गाँवो में रंगो का त्योहार होली, व पूर्वजों का इबादत का त्योहार शब-ए-बारात शांति,सौहार्द व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। दिनांक 07 मार्च को अहले सुबह सनातन वन्धुओं के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में भव्य रुप से होलिका दहन कर 08 मार्च बुधवार को होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बुधवार को पूर्वाह्न बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा होली गीत गा कर ढोल मंजीरे के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर होली त्योहार का आनन्द लेते हुए दिखाई दिये गये, वही अपराह्न 03 बजे भंडार बारी, डोल टांड में परंपरा के अनुसार कैरो के मंटू साहू, मिठू साहू, व कुमार साहू परिवार के द्वारा राधा -कृष्ण के

मूर्तियों मे आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी,व शशि कान्त त्रिपाठी जी के द्वारा पुजा अर्चना कर एक दुसरे को भिन्न-भिन्न रंग का गुलाल लगाकर होली त्योहार की एक दुसरे की शुभकामनायें दी। वही मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा शब-ए-बारात के अवसर पर 07 मार्च मंगलवार को रात्रि मे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न कब्रिस्तानो मे अपने-अपने पूर्वजों की याद करते हुये ईश्वर से पूर्वजों के लिए अमन दुआ की कामना। वही इन दोनों त्योहार में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उराँव, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, पुलिस अवर निरीक्षक हरिओंध करमाली, ऋषिकान्त कुमार, ए0एस0आई शिवनंदन दास, उपेन्द्र कुमार सिंह,व थाना से शसस्त्र मोटरसाइकिल पुलिस बल त्योहार के निमित्त ड्यूटी में मुश्तैद दिखाई दिये।

विश्व महिला दिवस पर कैरो सढ़ावे की महिला को मिला राज्य स्तर में सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान

➲पंचायती राज्य निदेशक के हाथों मुखिया सुमित्रा उराँव को मिला सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के सढावे पंचायत के मुखिया सुमित्रा उराँव को राज्य सरकार के पंचायती राज निदेशक निशा उराँव, उप-निदेशक संदीप कुमार दुबे, सी0टी0आई0 के प्रिंसीपल बीरेन्द्र चौबे के हाथों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राँची हेहल के कार्यक्रम में मिला सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान। विदित है कि विगत दिनों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य सरकार के द्वारा राँची हेहल मे राज्यस्तरीय उत्कृष्ट महिला जन प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया था, जिसमे झारखंड राज्य से 276 महिला जन प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग

लिया था, जिसमे लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र के सढावे पंचायत के मुखिया श्री मति सुमित्रा उराँव को राज्य मे सर्वश्रेष्ठ महिला मुखिया के सम्मान से नवाजा गया, वही खूँटी जिले से मुखिया बरदानी कुजूर एवं राँची जिले के बेडो प्रखंड के मुखिया दयायन्ती उराँव को भी राज्य सरकार के उपरोक्त अधिकारियो के द्वारा उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा गया। राज्य सरकार के द्वारा कैरो सढावे की मुखिया सुमित्रा उराँव को सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान मिलने पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उराँव, कैरो प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आकाश कुंवर,पुर्व पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर, कैरो प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मृणाल प्रकाश, हनहट मुखिया श्रवण मुंडा, पंचयात समिति सदस्य जितेन्द्र भगत, कैरो मुखिया वीरेन्द्र महली, उप-मुखिया रवि प्रजापति, सढावे पंचायत समिति सद्स्य सीमा भगत, उप-मुखिया जगबंधन भगत, गजनी मुखिया सुमन उराँव, गुड़ि मुखिया चंद्रमुनी उराँव, नरौली मुखिया अरविंद उराँव, भाजपा के सुरज मोहन साहू, नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू, राजेन्द्र महतो, बजरंग उराँव, विवेक प्रजापति, समाजिक कार्यकर्ता किशोर उराँव इत्यादि गणमान्य लोगों ने श्री मति सुमित्रा उराँव को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ एकता और प्रेम का प्रतीक है होली : राहुल कुमार

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): 158 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, लोहरदगा, झारखण्ड मुख्यालय में दिनांक 08 मार्च 2023 को होली का पर्व बड़े हर्षो उल्लास से मनाया गया। होली के इस अवसर पर 158 बटालियन के कमाण्डेन्ट श्री राहुल कुमार ने जवानों एवं उनके परिवारजनों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा होली के पर्व के महत्व को बताते हुए यह कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व होने के साथ एकता और प्रेम का प्रतीक भी है। तदोपरान्त कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा अधिकारियों व जवानों को गुलाल लगाकर होली का शुभारम्भ किया गया। लगभग दो घण्टे तक होली मिलन समारोह चला जिसमें अधिकारियों व जवानों ने मिलकर एक-दूसरे को रंग लगाया तथा गाना-बजाना व नृत्य किया । होली के इस पावन पर्व पर 158 बटालियन के श्री प्रदीप कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी,श्री संतोष कुमार पाल,द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. रंजीत कुमार,(मुख्य चिकित्सा अधिकारी,ओ.जी.) द्वि. क.अधि.,श्री अनिल कुमार वर्मा, उप कमाण्डेन्ट तथा बटालियन के सभी जवान उपस्थित थे।

बाइक सहित चोर को पकड़ ग्रामीणों ने किया थाना को सुपुर्द

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): तोड़ार पखन टोली से बाइक चोरी मामला में लोहतदगा थाना क्षेत्र का मैन बगीचा के ग्रामीणों ने बाइक सहित चोर को पकड़ किया थाना को सुपुर्द। सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार पखन टोली निवासी स्वर्गीय मोहन भगत के पुत्र आनंद भगत के घर से शनिवार रात को अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी का घटना को अंजाम दिया गया था। जिसको लेकर आनन्द भगत द्वारा सेन्हा थाना में अर्जी दिया गया था। और अपने तथा परिवार के मदद से चोरी बाइक पल्सर आर एस 200 का पता लगाने में जुटा हुआ था। वही मंगलवार को आनन्द भगत के परिवार को सूत्रों से प्राप्त हुआ कि बाइक डी एल 3 एस डी एल 7142 पल्सर आर एस 200 पिला रंग का लोहरदगा मैना बगीचा में खड़ा है। तभी ग्रामीणों की मदद लेते हुए चोर को बाइक के साथ पकड़ स्थानीय पुलिस को सूचना दिया गया। लोहरदगा मैना बगीचा में चोरी बाइक के साथ चोर पकड़े जाने की सूचना पर सदर पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए बाइक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। वही चोरी का घटना को अंजाम देने में मुर्की निवासी रविन्द्र उराँव एवं उसके अन्य साथी का हाथ है। इस मामला को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। जिसे जांचोपरांत आरोपी को जेल भेज दिया जायेगा।

सादगी और सौहार्द से मनाया गया शब-ए-बरात का त्यौहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सादगी और सौहार्द के साथ मनाया गया शब-ए-बारात का त्योहार। प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अरु, चितरी डाँडू, सेरेंगहातु, कल्हेपाट, झखरा, सेन्हा, अरु बाँधटोली, तोड़ार सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों पर मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा सादगी और सौहार्द से शब-ए-बरात का त्योहार मनाया गया। सभी लोगों ने मिल कर मस्जिदों में नमाज पढ़कर क्षेत्र की खुशहाली और अमन चैन के क्लिय दुवा माँगे वही महिलाओं द्वारा रात को जागकर घर मे इबादत किया गया। और दूसरे दिन सुबह से शाम तक रोजा रखा गया। साथ ही रातों में अपने कब्रस्तान में जाकर अपने पूर्वजों के लिये दुआ माँगा गया। मौके पर शौकत अन्सारी, दस्तगीर अन्सारी, इम्तियाज अन्सारी, गुजरात खान, तबारक अन्सारी, मुस्ताक अहमद, अशरफुल अन्सारी, कयामुद्दीन अन्सारी, यूनुस अन्सारी, ताहिर अन्सारी, गुल मोहमद अन्सारी, जैनुल अन्सारी सहित सभी जगहों पर सैकड़ो मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 18 व 19 मार्च को सिमडेगा में

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक किया गया । जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से सांसद सह केंद्रीय मंत्री माननीय श्री अर्जुन मुंडा जी का 18 एवं 19 मार्च 2023 को सिमडेगा आना सुनिश्चित हुआ है। इसी के तहत माननीय केंद्रीय मंत्री जी का दो दिवसीय सिमडेगा दौरा को लेकर विचार विमर्श कर कार्यक्रमों का रूपरेखा तय किया गया। सिमडेगा जिला में सांसद खेल प्रतियोगिता कराना भी सुनिश्चित हुआ है। इसको लेकर भी सफलतापूर्वक प्रत्येक प्रखंड में खेल कराने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव , जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव जिला महामंत्री दीपक पुरी जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद जिला उपाध्यक्ष मनोज साए नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद महेश साहू सावित्री देवी हीराराम श्री लाल साहू नवीन सिंह अशोक रजक राकेश रविकांत प्रधान अनिरुद्ध सिंह श्रद्धानंद बेसरा कृष्णा ठाकुर नरेंद्र बडाईक इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बोलबा में होली धूमधाम से हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोलबा : बोलबा प्रखंड में होली का त्योहार शांति एवं सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया गया। जगह जगह लोग डीजे और मांदर की थाप पर थिरकते हुए नजर आए। रंगों के इस त्योहार को सभी ने अपने अपने अंदाज में मनाया। पुलिस प्रशासन भी इस अवसर पर चाक चौबंद नजर आए। होली के इस पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहारटोली में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड की आलिंगुड़, बोलबा, समसेरा और पहाड़ टोली की टीमों ने भाग लिया तथा मटका फोड़ने का पुरजोर प्रयास किया। प्रत्येक टीम को 7 मिनट का समय मटका फोड़ने के लिए दिया जाता था। साथ ही कमिटी की ओर से 2100 सौ रुपया का नगद इनाम रखा गया था। प्रथम प्रयास में सभी टीमें मटका फोड़ने में असमर्थ रहीं। दूसरे प्रयास में समसेरा की टीम रणनीति बनाकर मटका फोड़ने में सफल रही।

विजेता टीम को 2100 रुपया का नगद इनाम दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी अरुणिश रोशन अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे। सर्वप्रथम समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक, उप मुखिया सियावर सिंह तथा मालसाड़ा मुखिया विनोद बड़ाईक द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही फगुआई गानों पर थिरकते हुए लोगों ने जमकर होली खेली । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इंद्रजीत सिंह, अरुण सिंह, दिलबर सिंह, धनुर्जय सिंह,पारस सिंह, जय मंगल सिंह आदि लोगों का काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच का संचालन शिक्षक चंद्रशेखर सिंह के द्वारा किया गया।

उमंग व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ रंगों का पर्व होली

➲बरही में नया दमाद का स्वागत करते और ढेला मार होली खेलते लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र में उमंग व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ रंगों का पर्व होली। सेन्हा प्रखंड मुख्याल से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में सभी लोग होली के मौके पर रंगों में सराबोर हुए। जगह जगह पर रंग,अबीर और गुलाल उड़ाया गया। वही बच्चे व जवानों ने जमकर बम पटाखा फोड़ कर आतिशबाजी करते हुए होली मनाय। प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार तीन दिन तक रंगों का त्योहार होली मनाया गया। वही प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के बरही में लोगों द्वारा ढेला मार होली मनये गया। जिसकी शुरुआत गण्यमान्य लोगों द्वारा गाँव के नये दमादों का अवगत समारो के साथ प्रारम्भ हुआ। स बार पूर्णिमा दो दिन होने के वजह से अधिकाशं जगहों पर सोमवार मध्य रात्रि में होलिका दहन किया गया। छिट पुट जगहों में कही कही मंगलवार को भी होलिका दहन किया गया। जिस वजह से सभी प्रखंड क्षेत्र के सभी जगह बुधवार को रंगों का पर्व होली

उमंग व उल्लास से मनाया गया। सुबह में सभी लोगो ने घर और मन्दिर में पूजा अर्चना करने के उपरान्त एक दूसरे पर रंग, अबीर,गुलाल लगाकर होली की शुभकामना देते नजर आये। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और जवान सभी होली के रंगों में रंगकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे। वही होली में रंगों के साथ साथ पुआ पकवान और मिठाई लुफ्त उठा रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र में लोग डीजे के धुन और ढोल, नगाड़ा पर होली गानों पर संगीत के साथ नाचते झूमते दिखाई दिये। वही कई जगहों पर मटका फोड़ कार्यक्रम के अलावे छोटे बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। होली पर्व को लेकर मिठाई और रंग, अबीर, गुलाल का जमकर बिक्री हुआ। कही कही खस्सी मिट का भी बिक्री करते नजर आये। होली के अवसर पर सोमवार सुबह से लेकर बुधवार शाम तक उत्साह देखा गया। सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग,अबीर लगाकर होली का त्योहार बहुत ही उमंग व उत्साह से मनाया। वही बच्चों ने पिचकारी में रंग भर भर कर उत्साह से रंग खेल कर होली का उत्सव मनाया जिसे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बड़ों ने भी रंग खेलकर होली मनाया। और एक दूसरे को बधाई दिया। वही त्योहार के दौरान किसी तरह का हुड़दंग या झगड़ा झंझट न हो जिस के लिये प्रशासन की ओर से सुरक्षा का ब्यापक इन्तिजाम किया गया था। प्रखण्ड क्षेत्र में जगह जगह पुलिस बल की तैनाती किया गया था। जिसे शांति व सौहार्द के साथ प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली सम्पन्न हुआ। कही से किसी तरह का कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली।

लोहरदगा में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में थाना टोली ने मारी बाजी

हल्की-फुल्की बारिश होने के बावजूद होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

राजेश कुमार गुप्ता@प्रभात मंत्र

लोहरदगा : में रंगों का त्योहार होली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक लोग होलिका दहन के बाद से ही होली के रंग में रंग गए थे। इसके बाद बुधवार को लोग होली के रंग में सराबोर रहे। गली-मुहल्ले,गांव की गलियां रंग में डूबी रही। सड़कों पर होली की हुड़दंग होती रही तो गांवों में फगुवा के गीत बजते रहे। होली को लेकर शराब दुकानों के बंद के बावजूद पिछली गलीयारो से जमकर शराब की बिक्री हुई। वहीं मांस,मछली की बिक्री भी खूब हुई। होली के दिन सुबह से ही हल्के-फुल्के बारिश होने के बावजूद बच्चे और युवा सड़कों पर निकल आए। बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह नजर आ रहा था। छोटे-छोटे बच्चे पिचकारी लिए मुखौटा लगाकर सड़क और अपने-अपने घरों के

बाहर शरारत करते नजर आए। विभिन्न स्थानों पर मामूली वाद-विवाद को छोड़ कर जिले में उल्लास का माहौल छाया रहा। शहर के मुहल्लों से लेकर गांव की गली तक होली के रंग में रंगी हुई थी। लोगों ने होली के दिन न सिर्फ एक-दूसरे को रंग लगाया,बल्कि गले और हाथ मिला कर होली की बधाई भी दी। होली को लेकर किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से चौकस नजर आई। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार नेतृत्व एवं निर्देशन में शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक में दंडाधिकारी और पुलिस बल की नियुक्ति की गई थी। शहर के पावरगंज चौक,रेलवे साइडिग बस पड़ाव, सोमवार बाजार,बगडू मोड़, बड़ा तालाब, थाना टोली,गुदरी बाजार, अपर बाजार, महावीर चौक, ईस्ट गोला रोड, बरवाटोली चौक, कालेज रोड, मिशन चौक, न्यू रोड, मैना बगीचा सहित अन्य स्थानों में लोग ढोल बाजे के साथ जमकर एक दूसरे को रंग लगाते हुए डीजे पर थिरके नजर आए। खासकर थाना टोली द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें थाना टोली के लोग ही इस पर विजय हुए। वही इन सभी स्थानों पर पुलिस और दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी घूम-घूम कर हालात का जायजा ले रहे थे। साथ ही सीसीटीवी की सहायता से कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी भी नजर बनाए हुए थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र

नारी शक्ति पर विशेष

रांची, शुक्रवार, 10 मार्च 2023 | पेज 12

डिजिटऑल, लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी के विषय पर

महिलाओं ने रखी अपनी राय

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

दुनिया को डिजिटल बनाने में महिलाओं का अहम योगदान प्रियंका मीना

रांची : असिस्टेंट डायरेक्टर एनसीआरबी मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स दिल्ली के पद पर कार्यरत आइपीएस प्रियंका मीना ने कहा कि डिजिटऑल,लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाएं काफी काम कर रही हैं। आधुनिक विज्ञान और तकनीक ने पूरी दुनिया को डिजिटल बनाने का संकल्प ले लिया है। जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। साईबर क्राइम को रोकने से लेकर वैज्ञानिक तक में महिलाओं को न सिर्फ देखा जा सकता है बल्कि इस क्षेत्र में वह सफलता पूर्वक काम कर रही हैं। आज महिलाएं आइएएस, आइपीएस तो बन ही रहीं हैं बल्कि क्रिकेट और फुटबॉल सहित अन्य चैलेंजिंग खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर अपने राज्य और देश का नाम रौशन कर रही हैं। हम ये कह सकते हैं कि आज बेटियां किसी से कम नहीं है।

अन्याय के खिलाफ खड़ी हो रही हैं महिलाएंः अंशिता सिन्हा

लेखिका के तौर पर महिलाओं के लिए आवाज बन रहीं अंशिता सिन्हा का कहना है कि सदियों से ये सुनते चले आ रहे हैं यत्र नार्यस्तु पूज्यते, रमन्ते तत्र देवता,अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवताओं का वास होता है, लेकिन जहां कन्या को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता हो, ऐसे में इस कथन की सार्थकता अर्थ विहीन सी महसूस होती है। सदियां बीत गई लेकिन स्त्रियों की दशा और पीढाएं आज भी वैसी ही है स्त्रियों की वेदनाएं और मानसिक संताप इतनी गहरी है कि अगर इन्हें लिखा जाए तो संसार के तमाम पन्ने खत्म हो जाएंगी, हालांकि बदलते वक्त के साथ स्त्रियों ने भी अपने अस्तित्व को पहचानना शुरू कर दिया है। वे खड़ी हो रही हैं अन्याय के खिलाफ। पुरुषों की दुनिया मे अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहीं है ये एक सुखद संकेत है।

महिलाओं के लिए डिजिटल तकनीक को सुलभ बनाने की जरूरत : यशोधरा

साईबर पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा ने कहा कि हम एक ऐसे युग में रहते हैं जहां लोगों में ज्ञान की कमी है। हम लैंगिक समानता के दृष्टिकोण को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं, जो दूसरों से भिन्न है। ऐसा ही प्रौद्योगिकी की प्रगति के मामले में भी है। इसमें से कुछ विकास पर हमारे अदूरदर्शी फोकस का उत्पाद है। जेंडर में समानता को गले लगाने के बजाय लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी का, हमें डिजिटल तकनीक को सामान्य रूप से महिलाओं के लिए अधिक कुशल, संतुलित और सुलभ बनाने की आवश्यकता है। ताकि लैंगिक न्याय का वितरण अधिक समतावादी हो।

देश-दुनिया को विकसित बनाना है तो नारी शक्ति को खुशहाल बनाना होगा

नजर व नजरिया में बदलाव की जरूरत

रविन्द्र उपाध्याय
संपादक प्रभात मंत्र

वैदिक काल में महिलाओं को देवी का स्थान प्राप्त था। इस काल में शक्ति का स्वरूप मानकर उनकी आराधना-पूजा की जाती थी। इसके बाद 11 वीं शताब्दी से 19 वीं शताब्दी के बीच भारत में महिलाओं की स्थिति दयनीय होती गई। यह समय महिलाओं के सम्मान,विकास और सशक्तिकरण का अंधकार युग था। इस काल में बाल विवाह,पर्दा प्रथा,सती प्रथा,अशिक्षा आदि सामाजिक कुरीतियों का समाज में प्रवेश हुआ। जिसने महिलाओं की स्थिति को दीन-हीन बना दिया।मध्यकाल में भी महिलाओं की स्थिति में काफी गिरावट आयी। महिलाएं घर की चाहरदीवारी में कैद होती गई। नारी एक अबला और भोग्या बनकर रह गई।

19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में राजाराम मोहन राय,दयानन्द सरस्वती,ईश्वरचन्द विद्यासागर तथा केशवचन्द्र सेन ने अत्याचारी सामाजिक व्यवस्था के विरूद्ध जोरदार आवाज उठायी। इन लोगों ने तत्कालीन अंग्रेजी शासकों के समक्ष स्त्री-पुरूष समानता,स्त्री शिक्षा,सती प्रथा तथा बहुविवाह पर रोक की आवाज उठायी। इनकी मांगो पर ब्रिटिश सरकार ने महिला हित का कानून बनाया।

इसका असर यह हुआ कि 19 वीं सदी के मध्यकाल से लेकर इक्कीसवीं सदी आते-आते महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ। महिलाओं ने शैक्षिक,राजनीतिक,सामाजिक , आर्थिक,धार्मिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि विविध क्षेत्रों में उपलब्धियों के नए आयाम तय किये। स्थिति ऐसी है कि महिलाएँ आज आत्मनिर्भर हैं। शिक्षण क्षेत्र में दुनिया भर की महिलाएं बड़ी संख्या में काम कर रही है और कई मामलों में पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। दुनिया में कई महिलाएं हैं जो चाइल्ड केयर सर्विस से जुड़ी हैं और अपने बेहतरीन प्रदर्शन से रुतबा बटोर रही है। समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वालों में लगभग 82 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके तहत वे लोग भी हैं जो वकील, डॉक्टर, मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में शामिल हैं। नर्सिंग क्षेत्र में भी महिलाओ का दबदबा है। पब्लिक रिलेशन सेक्टर में लगभग हर पोजीशन पर महिलाओ का कब्जा है। एयर इंडिया के कर्मचारियों में 40 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। प्रशासन के क्षेत्र में भी महिलाएं काबिज हैं। आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपने दम पर परचम लहरा रही है। अगर हम वैश्विक लेबल की बात करें तो 1970 के बाद यूरोप महादेश के कई देशों ने महिलाओं को राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख के रूप में चुनना शुरू किया। इनमें से कई महिलाओं ने सत्ता पर काबिज रहने में महारत हासिल की। थैचर ने 1979 से 1990 तक यूके के पीएम के रूप में अपना पद संभाला। जबकि मर्केल ने 2005 से 2021 तक जर्मन चांसलर के रूप में काम किया। मिल्का प्लानिन पूर्व यूगोस्लाविया की पीएम रही। इधर पूरी दुनिया में सरकार का दमदार नेतृत्व करने वाली पहली महिला सिरिमावो भंडारनायके थी,जो 1960 में श्रीलंका की प्रधानमंत्री बनीं। भारत में इंदिरा गांधी और पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो जैसी महिला प्रधानमंत्रियों ने राजनीतिक परिदृश्य को ही बदल दिया। इतना सब होने के बावजूद अभी भी एक बड़ा और यक्ष सवाल यह है कि क्या महिलाएं पूरी तरह स्वतंत्र हो गई ? महिलाओं की हत्या, इन पर लगातार हो रहे घरेलू हिंसा, बलात्कार, पुरुषों के बराबर समानता आदि समस्याएं समाप्त हो गई ? समानता के लिए महिलाएं एक लंबे समय से संघर्ष कर रही है। हमारे पितृसत्तात्मक समाज में महिलाएं अपने अस्तित्व की पहचान के लिए लड़ाई लड़ती रही है जो आज भी जारी है। अपने हक़ और हुकूक के लिए इनके द्वारा आज भी आवाज़ बुलंद किया जा रहा है। काफी कोशिशों के बावजूद भारत में महिलाओं की साक्षरता दर, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में,अभी भी बदतर है। अभी भी भारतीय समाज का एक बड़ा तबका यह मानता है कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाने और बाहर जाकर कार्य करने की भूमिका पुरुषों की है। भारत के कई भागों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में,पुरुषों और महिलाओं के लिये अभी भी समाजीकरण के मानदंड अलग-अलग हैं। भारतीय समाज में आज भी महिलाओं को दोयम दर्जे का स्थान प्राप्त है। निजी क्षेत्रों में समान काम के बदले इन्हें पुरुषों की अपेक्षा कम वेतन दिया जाता है। कम वेतन मिलने के कारण ही 1908 में अमरीका के न्यूयॉर्क शहर में 15 हज़ार महिलाएं सड़कों पर उतरी थी। लेकिन दुखद पहलू यहां यह है कि इस आंदोलन के 115 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओ के बेहतर वेतन में कोई खास सुधार नहीं हो पाया है।भारत के संविधान में भी महिलाओं को लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किये जाने और विधि के समक्ष समान संरक्षण का मूल अधिकार प्राप्त है।महिलाओं को अभी भी कई अधिकार पूरी तरह से नहीं मिले हैं। कई ऐसे क्षेत्र है, जहां वे भेदभाव का शिकार आज भी हो रही हैं। गत 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह कथन काबिले गौर है ÷अगर मानवता की प्रगति में महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जाए तो दुनिया अधिक खुशहाल होगी÷। इसलिए घर, परिवार, समाज, देश और दुनिया को खुशहाल बनाना है तो पहले नारी शक्ति को खुशहाल बनाना होगा। इसके लिए सरकार को अपने नीति और नीयत में बदलाव करने की जरूरत है। मतलब साफ है कि समाज और सरकार का देवी स्वरूपा महिलाओं के प्रति नजर भी बदले और नजरिया भी।

डिजिटल टेक्नोलॉजी से महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बल : सरोजनी लकड़ा

खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने कहा कि दुनिया तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हालाँकि, नवाचार और प्रौद्योगिकी के कई लाभों के बावजूद, हमारे समाज के कई पहलुओं में लैंगिक असमानता बनी हुई है। 2023 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, फ्रडिजिटऑल- लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकीफ्र विषय के तहत मनाया जा रहा है, जो लैंगिक अंतर को कम और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाल रहा है। डिजिटल इनोवेशन की शक्ति का उपयोग करके, हम सभी के लिए एक अधिक समावेशी और समान दुनिया बना सकते हैं,जहाँ महिलाओं के पास अवसरों, संसाधनों और निर्णय लेने की शक्ति तक समान पहुँच हो सके। विषय लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और दुनिया भर में महिलाओं को सशक्त बनाने में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। डिजिटल नवाचार और प्रौद्योगिकी के उदय के साथ,महिलाओं को जीवन के सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में पूरी तरह से भाग लेने का एक अभूतपूर्व अवसर मिलता है। हालाँकि, डिजिटल डिवाइड अभी भी मौजूद है, और महिलाएं और लड़कियां असमान रूप से प्रभावित हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर तक सीमित पहुंच, अपर्याप्त डिजिटल साक्षरता, और सामाजिक मानदंड जो महिलाओं को आगे बढ़ने में रुकावट है। प्रौद्योगिकी और नवाचार की क्षमता को पहचानें, और एक एक ऐसा डिजिटल दुनिया बनाने की दिशा में काम करें जो सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाती हो।

डिजिटल क्रांति लाने में महिलाओं का अहम योगदान : निशा उरांव

आईएएस अधिकारी व पंचायती राज विभाग के निदेशक निशा उरांव ने कहा कि औरतों ने ताजमहल नहीं बनाया है, लेकिन करोड़ों घरों को बसाया है। कहते हैं बेटियों का भविष्य जैसा होगा, समाज का भविष्य वैसा ही होगा। अतः बेटियों को समान अवसर मिले, ताकि वह सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। भारत में सहभागी लोकतंत्र की व्यवस्था है, जिसमें पुरुष के साथ-साथ महिलाओं की सहभागिता से ही पूर्ण सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक परिवर्तन संभव है। आज पूरे विश्व में डिजिटल क्रांति आ रही है। डिजिटल कौशल और तकनीक के प्रयोग में तेज़ी से बढ़ोतरी हो रही है। तकनीक के प्रयोग से असमानताएं दूर हो रही है। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही भी उत्पन्न हो रही है। यह विश्व स्तर और देश के स्तर पर एक सांस्कृतिक परिवर्तन है। डिजिटल क्रांति लाने में महिलाओं का अहम योगदान है। पंचायती राज में भी भारत सरकार द्वारा पोर्टल की शुरुआत की गई है। साथ में झारखंड सरकार द्वारा डिजिटल समानता हेतु हर पंचायत में प्रज्ञा केंद्र की स्थापना और एलईडी टीवी के साथ-साथ आईफाई सुविधा देने की योजना बनायी गई है। आज ज़रूरत है कि महिलाएं भी विकास के इस अवसर में पुरुषों से ना पिछड़ने पाएं। समाज के सभी वर्ग की महिलाएं, नवाचार और तकनीकी कौशल के माध्यम से समाज की मुख्य धारा से खुद को जोड़ें।

विजया लक्ष्मी

सामाजिक बेड़ियों को तोड़ते हुए बनी नगर अध्यक्ष

गढ़वा : विजया लक्ष्मी को गढ़वा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का आयरन लेडी कहा जा सकता है। वे अभी नगर पंचायत बंशीधर के अध्यक्ष पद पर काबिज़ हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा शिमला में हुई। इनकी रूचि पढ़ाई के साथ खेल में भी रहा। वे एथलेटिक्स बनना चाहती थी।

इन्होंने स्टूडेंट लाइफ में 400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान तथा 15 सौ मीटर रेश में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वे राजनीति में भी आएंगी। तभी उनकी शादी नगर उंटारी के मुकेश रजक के साथ हो गई और उनकी सारी सोच और इच्छाएं दबकर रह गई। इनके जीवन में बदलाव तब आया जब इनके ससुर स्वर्गीय प्रेमचंद बैठा उनका सम्मान करते हुए समाज की बेड़ियों को तोड़ने की आजादी दी। हालांकि इनके पढ़े लिखे होने के कारण परिवार के लोग इनसे प्रभावित थे। यही वजह थी कि उनके ससुर ने उनका साथ देते हुए इन्हें सामाजिक बंधन से मुक्त करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विजया लक्ष्मी देवी इस संबंध में बताती है कि अपने ससुर को वे पिताजी कह कर संबोधित करती थी।

उन्होंने कभी मेरे पैरों में बेड़ियां नहीं डाली। वह हमेशा चाहते थे कि मैं सामाजिक बंधन को तोड़ कर खुद एक मुकाम हासिल करू। अपने पति और ससुर के सपोर्ट से गरीबों की सेवा के उद्देश्य से जन संघर्ष मंच सामाजिक संगठन से वर्ष 2007 में जुड़ी। उनकी कार्यशैली को देखते हुए राजनीतिक पार्टियां वर्ष 2008 में उन्हें अपने दल में शामिल कर लिया।

उसके 1 वर्ष बाद ही उन्होंने 2009 में लोगों के सहयोग से जिला परिषद चुनाव लडी और जीती। वर्ष 2009 से वर्ष 2015 तक जिला परिषद सदस्य रहीं।

वर्ष 2014 में झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद के लिए चुनाव लडी। वर्ष 2018 में नगर पंचायत बनने के बाद भाजपा के सिंबल पर अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ी और जीती। शुरुआती दिनों में बहुतों ने चाहा कि मेरे जैसे महिला कभी चुनाव जीत ना सके। विशेषकर वे लोग जिनका राजनीतिक पकड़ पहले से मजबूत था।

लेकिन मेरे विचारों को समझते हुए नगर उंटारी के लोग मेरे संघर्ष में मेरे साथ शामिल रहे। मेरे विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देते रहे। वे कहती है कि नगर उंटारी नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों का मैं सदा आभारी रहूंगा। वह मेरे संघर्ष में हमेशा मेरे साथ देते रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि वह मेरे साथ हमेशा रहेंगे। आज के दौर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है।